आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 20°C |

इनसाइड न्यूज

हमारे त्योहार और परंपराएं हमारी विरासत का हिस्सा: सीएम योगी

नेशनल पेज: 12

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 10 नवंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 29 | www.janexpresslive.com/epaper



भड़काऊ भाषणों, झूठ के जरिए मुख्य... 12

# बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है...: सीएम योगी

## उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने खैर, सीसामऊ व करहल के भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में की रैली

- खैर में गरजे, एएमयू में पिछड़ी, अनुसूचित जाति व जनजाति को क्यों नहीं मिलता आरक्षण की सुविधा का लाभ
- करहल में कहा, स्व. मुलायम सिंह यादव को भी कष्ट हो रहा होगा कि उनका सपूत सपा को कांग्रेस के पास गिरवी रखकर पार्टी का सत्यानाश करने पर उतारू है
- सीसामऊ में बोले, कानपुर का दंगाई और रामपुर में जमीन कब्जाने वाला जेल में है, लेकिन सपा इन्हें निर्दोष मानती है

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़/कानपुर/मैनपुरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दूसरे दिन तीन रैली की। उन्होंने खैर से सुरेंद्र दिलेर, सीसामऊ से सुरेश अवस्थी व करहल से अनुजेश यादव के पक्ष में कमल खिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के नेतृत्व, नीति व नेताओं को निशाने पर रखा। कहा कि सपा की टोपी लाल, लेकिन कारनामे काले हैं। करहल में उन्होंने अखिलेश यादव की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप मढ़ा कि कश्मीर को फिर से आतंकवाद का गढ़ बनाने के लिए शरारत प्रारंभ हो चुकी है।




### कांग्रेस ने इमरजेंसी में नेताजी को बंद किया और अखिलेश ने उसी कांग्रेस से गठजोड़ किया

सीएम योगी ने करहल में अखिलेश यादव पर निशाना साधा। बोले कि उनका आचरण अपने पिता व सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की भावनाओं के विरुद्ध है। अखिलेश यादव की सपा कांग्रेस की गोदी में खेल रही है। कांग्रेस ने इमरजेंसी में नेताजी को बंद किया था। नेताजी हमेशा कांग्रेस का विरोध करते थे। वे कहते थे कि धोखे से भी इसके साथ नहीं रहना है, लेकिन सपा अब नेताजी के मूल्यों-आदर्शों से खुद को दूर कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सपा नेतृत्व के कृत्यों से मुलायम सिंह यादव को कष्ट हो रहा होगा कि उनका सपूत सपा को कांग्रेस के पास गिरवी रखकर पार्टी का सत्यानाश करने पर उतारू हो गया है। कुछ लोगों की प्रवृत्ति होती है, जो जिंदगी भर उनके साथ जुड़ जाती है। बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है, इसलिए कभी-कभी ऐसा काम कर देता है, जिससे मैनपुरीवालों के सामने भी संकट खड़ा हो जाता है। सीएम ने कहा कि मुलायम सिंह ने राममनोहर लोहिया को आदर्श बनाया था। डॉ. लोहिया ने कहा था कि सच्चा समाजवादी वह है, जो संपत्ति व संतति का मोह न करे, फिर भी सपा में सारा पद एक ही परिवार को चाहिए।

### मथुरा-वृंदावन को लेकर सपा क्या सरकार की सोच का समर्थन करेगी

सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी रामद्रोही है। वे राममंदिर का दर्शन करने नहीं गए, क्योंकि उन्हें लगता था कि वोटबैंक खिसक जाएगा। करहलवासी उनसे कहें कि आप कृष्ण-कन्हैया का सम्मान नहीं कर सकते तो हमारा वोट लेने क्यों आते हैं। हम आपसे बॉय-बॉय करते हैं। भाजपा ने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। हमने करके दिखा दिया। श्रीकृष्ण-कन्हैया हम आएंगे, मथुरा में भी जनभावना का सम्मान कराएंगे, क्या सपा इस पर सहमत है। क्या समाजवादी पार्टी मथुरा-वृंदावन को लेकर सरकार की सोच का समर्थन करेगी। उन्हें वोट चाहिए, लेकिन कृष्ण-कन्हैया का सम्मान नहीं। वे इस पर मौन हैं। सरकार मथुरा, गोकुल, बरसाना, बलदेव, वृंदावन तीर्थों का विकास कर रही है। लगता है मथुरा-वृंदावन पांच हजार पहले के कालखंड में जा चुका है, जब कन्हैया स्वयं वहां निवास करते थे।

### अनुसूचित जाति-जनजाति को क्यों नहीं मिलता आरक्षण का लाभ

सीएम योगी ने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्था के रूप में स्थापित करना चाहिए या सामान्य संस्था के रूप में रहना चाहिए। इस पर कल माननीय उच्चतम न्यायालय में बहस हो रही थी। भारत के संसाधनों से पलने और जनता के टैक्स से चलने वाला ऐसा संस्थान, जो पिछड़ी, अनुसूचित जाति या जनजाति के लोगों को आरक्षण नहीं देता है, लेकिन मुसलमानों के लिए स्वयं के माध्यम से 50 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था कर रहे हैं। भारत का संविधान अनुसूचित जाति-जनजाति व मंडल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर पिछड़ी जाति के लोगों को आरक्षण की सुविधा देता है, लेकिन एएमयू में यह सुविधा क्यों नहीं मिल पाती है। जब भारत का पैसा लगा है तो वहां भी इन्हें आरक्षण की सुविधा का लाभ मिलना चाहिए। नौकरी और प्रवेश में भी यह सुविधा मिलनी चाहिए। इसे क्यों बंद किया गया, क्योंकि कांग्रेस-सपा, बसपा नहीं चाहती है। वोटबैंक बचाने के लिए यह लोग आपकी भावना व राष्ट्रीय एकता-अखंडता, अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

### कश्मीर को आतंकवाद का गढ़ बनाने के लिए शुरू हो चुकी है शरारत

सीएम योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार है। वहां विधानसभा ने प्रस्ताव पारित किया है कि कश्मीर में फिर से 370 की बहाली होनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर नहीं चाहते थे कि भारत के संविधान में धारा 370 जुड़े, लेकिन नेहरू की जिद ने जबर्दस्ती इसे जुड़वाया। कांग्रेस ने कभी भी धारा-370 को हटाने का प्रयास नहीं किया, लेकिन देशहित में पीएम मोदी ने 35 ए व 370 को हटा दिया। इस कारण पांच वर्ष से वहां विकास व सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है। अब कश्मीर में लाखों पर्यटक आते हैं। सीएम ने आरोप मढ़ा कि कश्मीर को फिर से आतंकवाद का गढ़ बनाने के लिए शरारत प्रारंभ हो चुकी है।

### पहले इंदिरा आवास के नाम पर गांव में एक व्यक्ति को मिलते थे 20 हजार रुपये

सीएम योगी ने 2017 के पहले और बाद के यूपी का अंतर बताया। बोले-पहले अलीगढ़ में हर 10 दिन में दंगा व कर्फ्यू लगता था, लेकिन साढ़े सात वर्ष में कोई उपद्रव व गुंडागर्दी की हिम्मत नहीं कर पाया। ऐसे लोगों को मालूम है कि एक तरफ यमराज इंतजार करेंगे तो दूसरी तरफ बाप-दादा की संपत्ति को कब्जे में लेकर गरीबों में बांट दिया जाएगा। अव्यवस्था का आलम यह था कि पीएम आवास के रूप में इंदिरा आवास के नाम पर 20 हजार रुपये आता था, वह भी गांव में किसी एक व्यक्ति को मिलता था। पेंशन भी केवल सपा के लोगों को मिलती थी, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने बिना भेदभाव हर योजनाओं का लाभ दिलाया। कल्याण सिंह ने अलीगढ़ के लिए सपना देखा था, वह साकार हो गया। अलीगढ़ में एयरपोर्ट चालू हो गया है। यह डिफेंस मैन्यूफेक्क्ररिंग कॉरिडोर का महत्वपूर्ण हब बन रहा है। हार्डवेयर का सेंटर बना। यहां का ताला उद्योग पुनर्जीवित हो गया है।

### आरोप- कांग्रेस जब भी सफल होगी, आपको बांटकर ही होगी

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस जब भी सफल होगी, तब आपको विभाजित करके सफल होगी। इसलिए बंटिए मत, जब बंटे थे तो कटे थे। एक रहेंगे तो नेक और सेफ रहेंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर, भगवान विश्वनाथ, मथुरा में कृष्ण कन्हैया की जन्मभूमि का अपमान सामने आया था। हमारी मां-बहन, बेटियों के साथ क्या कुछ नहीं हुआ था। इन सबके बावजूद गांधारी की तरह यदि आंख पर पट्टी बांधकर जाति और स्वार्थ में बंटे हैं तो कटने के सिवाय हमारी दूसरी नियति नहीं हो सकती है।

### राजू पाल, उमेश पाल की हत्या पर क्यों मौन है सपा

सीएम योगी ने पूछा कि राजू पाल-उमेश पाल की हत्या होती है तो सपा क्यों मौन रहती है। उमेश पाल की सुरक्षा में लगे निषाद जवान का क्या दोष था। यह लोग अपनी प्रवृत्ति से बाज नहीं आने वाले हैं। यह माफिया व अपराधी प्रवृत्ति के तत्वों और दंगाइयों को गले लगाकर प्रदेश को दंगे की आग में झोंकने का प्रयास करते हैं। कानपुर का दंगाई जेल की सीखचों में है। दलितों व वाल्मीकि समुदाय की जमीन पर कब्जा करने वाला सपा सरकार का पूर्व मंत्री रामपुर जेल में है। सपा उसे निर्दोष मानती है। प्रयागराज हो या गाजीपुर के माफिया, सपा निर्दोष नागरिकों पर संवेदना नहीं व्यक्त करती, लेकिन माफिया के यहां फातिहा पढ़ने चले जाते हैं। 1984 में सिख बंधुओं के साथ जिस निर्ममता के साथ बर्बर अत्याचार किया था, यह कांग्रेस के चेहरे को दिखाता है।सपा-बसपा व कांग्रेस एक ही थैले के चट्टे-बट्टे हैं। कानपुर मेट्रो में 12 से 15 हजार यात्री यात्रा करते हैं। जनवरी में इसका दूसरा सेक्शन खुलेगा तो प्रतिदिन 50 हजार लोग इसमें यात्रा करेंगे।

### अपने कारनामों से जानी जाती है सपा

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में निषाद बेटी और कन्नौज में सपा नेता के कृत्य किसी से छिपे नहीं हैं। यह सभ्य समाज के कलंक हैं। लाल टोपी-काले कारनामे को पनपने मत दीजिए। यह लोग षडयंत्र कर रहे हैं, फिर से यूपी को अराजकता में ढकेल देंगे। लोकसभा चुनाव में इनका झूठ एक्सपोज हो गया। इनसे पूछिए कि खटाखट-खटाखट के एक-एक लाख रुपये कहां हैं। चुनाव में इनको सफाचट कर दीजिए।

### प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए कि महेंद्र सिंह विश्वविद्यालय आगे बढ़ता है या एएमयू

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खैर में कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम के जरिए जनता ने जवाब दे दिया कि वह डबल इंजन सरकार को चाहती है। अलीगढ़ के जिस राजा महेंद्र प्रताप सिंह को कांग्रेस ने भुला दिया था, हम लोगों ने उनके नाम पर राज्य विश्वविद्यालय बनाया है। यह विश्वविद्यालय आपकी कई पीढ़ियों को बनाएगा। इसे प्रतिस्पर्धा में लेकर आना है कि राजा महेंद्र सिंह विश्वविद्यालय आगे बढ़ता है या एएमयू।

# महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में नहीं लगेगा टोल टैक्स

## कम से कम खर्च में लोग महाकुंभ का आध्यात्मिक आनंद ले सकें इसलिए सरकार ने 45 दिनों तक प्रयागराज आने वाले सभी सात टोल प्लाजा पर टोल न वसूलने का निर्णय लिया



- इस निर्णय के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने प्रक्रिया शुरू कर दी
- एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव ने प्रयागराज में मेला प्रशासन और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ इस योजना पर चर्चा की

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रयागराज महाकुंभ 2025 में स्नान-दान करने आने वालों को केंद्र और राज्य सरकार हर मुमकिन सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है। कम से कम खर्च में लोग महाकुंभ का आध्यात्मिक आनंद ले सकें इसलिए सरकार ने 45 दिनों तक प्रयागराज आने वाले सभी सात टोल प्लाजा पर टोल न वसूलने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। हाल ही में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव ने प्रयागराज का दौरा किया, जहां मेला प्रशासन और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ इस योजना पर चर्चा की गई।

### 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

महाकुंभ में इस बार लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। श्रद्धालुओं के बढ़ते प्रवाह को देखते हुए संगम और शहर में सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। सबसे अधिक श्रद्धालुओं के अपने वाहनों से आने की संभावना है।

### इन टोल प्लाजा पर नहीं लगेगा शुल्क

महाकुंभ के 45 दिनों के दौरान चित्रकूट राजमार्ग के उमापुर टोल प्लाजा, रीवा राजमार्ग के गन्ने टोल, मीरजापुर मार्ग के मुंगारी टोल, वाराणसी मार्ग के हंडिया टोल, कानपुर मार्ग के कोखराज टोल, लखनऊ मार्ग के अंधियारी टोल, और अयोध्या मार्ग के मऊआइमा टोल पर श्रद्धालुओं के निजी वाहनों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### रेलवे 1200 विशेष ट्रेनें और रोडवेज 7000 बसें चलाने की योजना बना रहा

मेला प्रशासन के मुताबिक, 55% श्रद्धालु कार, जीप, बस, ट्रक और ट्रैक्टर से आएंगे, जबकि 45% लोग रेलवे, रोडवेज और फ्लाइट से पहुंचेंगे। महाकुंभ के दौरान रेलवे 1200 विशेष ट्रेनें और रोडवेज करीब 7000 बसें चलाने की योजना बना रहा है।

### मालवाहक वाहनों से ही टोल वसूला जाएगा

केवल वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों जैसे सरिया, सीमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि लादे ट्रकों से ही टोल वसूला जाएगा। सभी जीप और कारों पर भी टोल मुक्त रहेगा, चाहे वे वाणिज्यिक पंजीयन में क्यों न हों।

# आवंटित बजट खर्च के मामले में यूपी की नौकरशाही साबित हो रही फिसड्डी

- कुछ विभागों ने तो आवंटित बजट का बीस फीसद हिस्सा भी नहीं किया खर्च
- समस्या के प्रति मंत्रियों, विधायकों ने मूंद रखी आंखें

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित



**राज्य मुख्यालय।** विधानसभा में भारी भरकम बजट पास करवा कर सरकार से वाहवाही लूटने वाली यूपी की नौकरशाही किस कदर वित्तीय वर्ष के भीतर आवंटित बजट ख़र्च कर पाने में फिसड्डी साबित हो रही है उसी की बानगी है यह खबर। मजेदार बात तो यह है कि इस समस्या के प्रति संबंधित विभाग के मंत्री व विधायक भी आंख मूंदे हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2024 इसका बड़ा उदाहरण है। अक्टूबर माह बीत जाने के बावजूद अधिकांश विभाग आवंटित बजट का बीस फीसद हिस्सा भी खर्च नहीं कर पाए हैं। गौरतलब है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है बल्कि यह सिलसिला लगातार कई सालों से जारी है। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि इसे लेकर अभी तक किसी भी विभागीय एसीएस अथवा प्रमुख सचिव पर कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञात हो कि सूबे में अक्टूबर माह तक विभिन्न विभागों द्वारा आवंटित बजट में से खर्च हुए हिस्से पर नजर डालें तो एम0एस0एम0ई0 13, आवास 14, नगर विकास 20, लोक निर्माण विभाग 23.5, सिंचाई विभाग 24, ग्राम्य विकास 26, उद्योग विभाग 33, स्वास्थ्य विभाग 36, कृषि विभाग 38 तथा बेसिक शिक्षा विभाग ने महज 43 फीसद धन खर्च किया है। इतना ही नहीं जो बजट खर्च भी हुआ है उसमें से अधिकांश कमिटेड एक्सपेंडिचर यानी वेतन, भत्ता, मेंटिनेंस सहित अन्य व्यवस्था चलाने में खर्च हुआ है। अर्थात इसमें विकास संबंधी योजनाओं पर तो बहुत ही कम खर्च हुआ है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि खर्च हुआ बजट भी कर्मचारियों और अधिकारियों के हिस्से में चला गया है। वास्तविक हकदार जनता तक तो बहुत थोड़ी ही रकम पहुंची है। विधानसभा से तो हर बार भारी-भरकम बजट जारी होने का रिकॉर्ड बनता है लेकिन सही जगहों पर धन खर्च होने के बजाए वित्त वर्ष के अंत में उसे अनाप-शनाप तरीके से खारिज कर दिया जाता है अथवा राजकोष में सरेंडर कर दिया जाता है। इस बीच जनता के हिस्से आता है तो सिर्फ झुनझुना...।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: सरिया लदे ट्रॉला में पीछे से घुसी कार, तीन की मौत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



राजधानी लखनऊ में काकोरी के रेवरी टोल प्लाजा 289 किमी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार रात 12:30 तेज रफ्तार कार एक ट्रक ट्राला में पीछे से घुस गई। रफ्तार इतनी तेज थी कि कार ट्राला में फंसकर लगभग सौ मीटर घसीटते हुए चली गई। यूपीडा के कंट्रोल रूम ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने राहगीरों की मदद से कार में फंसे पांच लोगों को लगभग एक घंटे बाद बाहर निकाला गया। इसमें दो लोगो की मौके पर ही मौत हो गई थी। वही गंभीर अवस्था में घायल हुए तीन लोगों को इलाज के लिए लोग बंधु अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान एक युवक की और मौत हो गई। तीनों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दो लोगों का गंभीर अवस्था में इलाज जारी है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक आगरा से लखनऊ की ओर जा रही तेज रफ्तार कार रेवरी टोल प्लाजा 289 किमी के पास लखनऊ की ओर जा रहे सरिया लदे ट्रक ट्राला में पीछे से जा घुसी ,हादसे में फर्रुखाबाद के जयपुर थाना जहानगंज निवासी शशांक राठौर 24 वर्ष, फर्रुखाबाद सिविल लाइन नई बस्ती फतेहगढ़ निवासी शिवम यादव 24 वर्ष, फर्रुखाबाद जीएनबी रोड फतेहगढ़ निवासी अनुज राठौर 24 वर्ष तीन लोगों की मौत हो गई। मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दो का गंभीर अवस्था में इलाज जारी है । सभी कार में फंसे पांच युवकों को लगभग एक घंटे के बाद कार से बाहर निकला जा सका जिसके बाद उन्हें अस्पताल भेजा गया। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### 100 मीटर घसीटते हुए टोल प्लाजा की ओर पहुंची

जबकि फर्रुखाबाद सेंट्रल जेल फतेहगढ़ निवासी अमन उर्फ आदित्य 22 वर्ष फर्रुखाबाद आवास विकास कॉलोनी 6बी/315 निवासी शांतनु दोनों को इलाज के लिए सहारा हॉस्पिटल में गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया है । जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। इंस्पेक्टर ने बताया हादसा इतना भीषण था कि चलते ट्रक ट्राला में पीछे से कर जा खुशी और लगभग 100 मीटर घसीटते हुए काकोरी रेवरी टोल प्लाजा की ओर जा पहुंची।

# महाकुंभ 2025: धर्म के साथ जैव विविधता के संरक्षण का मंच बनेगा प्रयागराज महाकुंभ

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

- कुंभ की आस्था, प्रकृति संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की थीम पर होगा मंथन
- देश विदेश के जैव विविधता के विशेषज्ञों और साधु संतों की भी होगी सहभागिता
- महाकुंभ में धार्मिक आस्था के साथ जैव विविधता और प्रकृति संरक्षण की योगी सरकार की पहल

भारतीय संस्कृति में धर्म और प्रकृति के बीच पूरकता का संबंध है। प्राकृतिक उपादानों को धार्मिक प्रतीकों के साथ जोड़कर प्रकृति संरक्षण का जो संकल्प हमारी धार्मिक परम्पराओं और विश्वास में निहित है उसे उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और समृद्ध कर रही है। सरकार की इस सोच को धरातल में उतारने के लिए महाकुंभ में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति की पहचान प्रकृति संरक्षण की संस्कृति के रूप में भी की जाती है। इस संस्कृति में पेड़-पौधों, नदी-पर्वत, ग्रह-नक्षत्र, अग्नि-



वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूपों को धार्मिक प्रतीकों और मानवीय रिश्तों से जोड़कर प्रकृति के संतुलन का जो संदेश छिपा है उसमें पवित्र नदियों के किनारे महाकुंभ जैसे विशाल धार्मिक समागम भी शामिल हैं। इसी संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार प्रयागराज महाकुंभ में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन कर रही है। प्रभागीय वनाधिकारी प्रयागराज अरविंद कुमार बताते हैं कि प्रयागराज महाकुंभ में 1-2 फरवरी, 2025 को बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाना है। इसका प्रस्ताव शासन के पास भेजा जा रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य प्रकृति और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा करना है।

### इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा

इसके अलावा इसके आयोजन से प्रकृति आधारित इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन में उत्तर प्रदेश के जैव विविधता से भरपूर वन्यजीव रिजर्व और अभयारण्यों की जानकारी साझा होगी। वन विभाग यूपी पर्यटन के साथ मिलकर राज्य के जंगल, ऐतिहासिक स्थल और प्राकृतिक सुंदरता के समृद्ध भंडार में खूबसूरत सर्किट बनाने की कार्य योजना में भी मदद मिलेगी।

### कुंभ की आस्था, प्रकृति संरक्षण और जलवायु परिवर्तन होगी थीम

महाकुंभ के आयोजन की वजह से प्रयागराज में इसका आयोजन सुनिश्चित किया गया है। वैसे प्रयागराज पक्षियों की प्रजाति को देखते हुए एक समृद्ध जनपद कहा जाता है जहां विभिन्न पक्षियों की 90 प्रजातियां मौजूद हैं। जिले के कई वेटलैंड इसके लिए आश्रय प्रदान करते हैं। इस बार के बर्ड फेस्टिवल की थीम %कुंभ की आस्था, प्रकृति संरक्षण और जलवायु% रखी गई है। डीएफओ प्रयागराज के मुताबिक इस दो दिवसीय कॉन्क्लेव में बर्ड फेस्टिवल के साथ तय की गई थीम पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विषय विशेषज्ञों के साथ परिचर्चा का आयोजन भी किया जायेगा। कई पैनल डिस्कशन भी होंगे जिसमें साधु संतो को भी शामिल किया जाएगा। आसपास के क्षेत्रों के शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों को भी इसमें जगह दी जाएगी। इसमें साइट विजिट की भी योजना शामिल है। पक्षी विज्ञान, प्रकृति संरक्षण और वन्यजीव पर्यटन और फोटोग्राफी के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों को आकर्षित करने के लिए इसमें फोटो प्रदर्शनी भी आयोजित होगी।

## छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि 21 जनवरी तक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल ने बताया कि जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट सहित अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर से बढ़ाकर 15 जनवरी 2025 कर दी गयी है। कहा कि सभी विद्यार्थी छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करते हुए आवेदन का फाइनल प्रिन्ट आउट वांछित संलग्नकों सहित सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं में अंतिम तिथि से पूर्व जमा कर दें। साथ ही कहा कि जनपद के सभी शिक्षण संस्थाएं अपने मार्ग दर्शन में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12 व अन्य उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों) के ऑनलाइन आवेदन पत्र निर्धारित अन्तिम तिथि 15 जनवरी 2025 तक भरवाते हुए अपने स्तर से अन्तिम तिथि 18 जनवरी 2025 तक आवेदन पत्र को ऑनलाइन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।

# न्याय व समानता का अधिकार दिलाने की दिशा में मजबूत कदम है विधिक सेवा दिवस

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश के निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील की अध्यक्षता में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर राजकीय सम्प्रेक्षण गृह व जिला कारागार में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। राजकीय बाला संप्रेक्षण गृह में आयोजित शिविर में प्रभारी जनपद न्यायाधीश अनुराग कुरील ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस प्रतिवर्ष नौ नवम्बर को मनाया जाता है, यह दिन न्याय तक समान पहुँच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपेक्षित समुदायों को सशक्त बनाने पर जोर देता है। विधिक सेवा दिवस का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को न्याय व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। कहा कि आज भी समाज में कई ऐसे वर्ग है, जिनके लिए कानूनी प्रक्रिया को समझना और न्याय तक पहुँचना कठिन है। ऐसे में कानूनी सेवा दिवस एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे गरीब, वंचित व अशिक्षित नागरिक कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होते है। मुख्य न्याय रक्षक गया प्रसाद निषाद ने बताया कि कानूनी सेवा दिवस की शुरुआत भारत में 1996 में की गयी थी। इस दिवस के आयोजन पर विशेषकर गरीब व पिछड़े वर्गों को समान व सस्ती कानूनी सेवाएँ प्रदान की जाती है। इस दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निर्वासित बालअपचारियों के मध्य गणित विषय की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल आठ बाल अपचारियों को प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही बाल अपचारियों को मिठाईयां भी बांटी। इस मौके पर बाल संप्रक्षण गृह (किशोर) अधीक्षक बीर सिंह, सहायक न्याय रक्षक योगेन्द्र सिंह, अधिकार मित्र रामसागर व साकेत सैनी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसी प्रकार विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला कारगार में भी विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने जेल में निरुद्ध बन्दियों को विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जेल में सभी कैदी किसी गलती के कारण यहां निरुद्ध है। उन्होंने कहा कि आप सभी यहां से निकलने के बाद एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। कहा कि जेल में निरुद्ध रहते हुए आप सभी विभिन्न तकनीकी ज्ञान को सीखकर योग्य बने तथा जेल से रिहा होने के बाद एक नई पहचान के साथ समाज में एक सम्मान की जिन्दगी जियें और दूसरे को प्रेरणा भी दें। प्रभारी जनपद न्यायाधीश ने कानूनी सेवा दिवस के अवसर पर जिला कारागार चित्रकूट में निरुद्ध बन्दियों को विभिन्न कानूनों की जानकारी देकर जागरुक किया। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय, उपकारापाल रजनीश कुमार सिंह, मुख्य न्याय रक्षक गया प्रसाद निषाद, सहायक न्याय रक्षक योगेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## जनपद स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में विद्यामंदिर के छात्रों का दबदबा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जनपद स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलिज बेड़ी पुलिया के विद्यार्थी मृत्युंजय, अनुपम राजपूत एवं अमित पाण्डेय ने जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जनसेवा इंटर कॉलिज में आयोजित इस जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थी मृत्युंजय द्विवेदी व उनके सहयोगी (कक्षा आठ) को जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान तथा अनुपम राजपूत एवं अमित पाण्डेय को सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विधालय के प्रबंधक श्याम सुन्दर मिश्र, अध्यक्ष कमलाकांत, कोषाध्यक्ष जगदीश अग्रहरि, प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## सामान्य ज्ञान परीक्षा आज

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

युवा एवं बाल विकास समिति अन्तर्गत भारतीय बौद्ध महासभा उ.प्र. (पंजीकृत) द्वारा रविवार को जिले में डॉ अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा प्रभारी गया प्रसाद बौद्ध ने बताया कि यह परीक्षा रविवार को 11 से 12:30 बजे तक जनपद के तीन परीक्षा केंद्रों में सम्पन्न होगी। जिसमें राजकीय अभिनव इन्टर कॉलिज सरधुवा, बजरंग इन्टर कॉलिज सपहा मानिकपुर, सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप चित्रकूट में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। बताया कि इसके तहत जाहर सिंह को राजकीय अभिनव इन्टर कालेज सरधुवा का पर्यवेक्षक, गणेश शंकर को बजरंग इन्टर कालिज सपहा, मुन्नी लाल शाक्य को सरस्वती शिशु मंदिर भरतकूप में नियुक्त किया गया है। बताया कि परीक्षा की सम्पूर्ण तैयारी हो चुकी है। परीक्षा में विशेष सहयोग में राजबहादुर वर्मा, संजय कुमार, विजय कुमार, रामलखन, कपिल गौतम, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार, नगीना, गीता वर्मा, प्रेमलता, रुबी गौतम, आनन्द कुमार, आलोक बौद्ध शामिल में रहेंगे।

# भ्रष्टाचार में डूबा चित्रकूट का एआरटीओ कार्यालय

- आरटीओ कार्यालय में बढ़ा दलालों का कुनबा, उच्च स्तरीय जाँच में होंगे विस्फोटक खुलासे

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



अगर आपको आरटीओ संबंधी कोई भी काम करवाना है तो परेशान होने की जरूरत नही है। बस गेट पर पहुंचिये और वहां खड़े दलालों से मिलकर अपना काम आसानी से करा लीजिये, इसके लिए आपको बस थोड़ा सुविधा शुल्क देना होगा। इसके बाद आपको चक्कर लगाने की जरूरत नही। आपका काम मिनटों में हो जाएगा। कर्वी के कुछ दूर कालूपुर बने आरटीओ कार्यालय की कहानी इन दिनों सुर्खियों में है। कार्यालय के गेट पर पहुंचते ही गेट के बाहर खड़े दलाल घेर लेंगे। अगर किसी तरह से वह आपको नही पकड़ सके तो कार्यालय के अंदर बैठे दलाल आपको फंसाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं।

ऐसे में परेशान उपभोक्ता दलालों के चुंगल में फंसकर सुविधा शुल्क देने के लिए मजबूर हो जाते हैं। सुविधा शुल्क न देने पर उन्हें आरटीओ कार्यालय के चक्कर तो काटने ही पड़ेंगे साथ ही उनका समय भी व्यर्थ जायेगा। इस बात को हम नहीं बल्कि कार्यालय में मौजूद दलालों की यह तस्वीर बोल रही है। कालूपुर रोड पर आरटीओ कार्यालय व आसपास का वातावरण बयां करता नजर आया।

आप कभी भी देखो तो आरटीओ कार्यालय के बाहर से लेकर अंदर तक दलालों का जमावड़ा लगा था, आश्चर्य की बात तो तब नजर आई, जब वहां पर कुछ दलाल ऐसे बैठे थे, जैसे स्वयं आरटीओ कार्यालय में कोई अधिकारी कर्मचारी हैं। ऐसे में जिलेभर से अपने कार्य करवाने के लिए आने वाले उपभोक्ता यह नहीं पहचान पाते हैं कि कौन विभाग का कर्मचारी है और कौन दलाल। ऐसे में कुछ लोग तो दलालों को ही आरटीओ कार्यालय अपना घर समझते हैं। गौर करने की बात यह है कि भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए शासन द्वारा आरटीओ संबंधी अधिकतर कार्य ऑनलाइन कर दिए गए हैं।जिससे लोगों से किसी भी प्रकार की अवैध कमाई न की जा सके। लेकिन जब हमारी टीम के द्वारा पड़ताल किया गया तो हालात कुछ और दिखा। वैसे तो ऑनलाइन फार्म भरने से लेकर फीस जमा कराने तक के सभी कार्य ऑनलाइन हो रहे हैं। लेकिन उसके बावजूद भी लोगों का काम बिना दलालों के नहीं हो रहा है। बिना दलाल के अगर कोई पढ़ा लिखा व्यक्ति ऑनलाइन फार्म भरकर विभाग में अपना कार्य करवाने जाता भी है तो उसे विभिन्न प्रकार की कमियां बताकर वापस कर देते हैं। किसी तरह से फार्म भरकर टेस्ट तक पहुंचा भी तो उसे टेस्ट में रोक देते हैं। ऐसे में परेशान होकर व्यक्ति को दलाल को तलाश करता है। इस कारण से लोग वहां दलालों को सुविधा शुल्क देते हैं। कार्यालय में जैसे ही कोई व्यक्ति लाइसेंस या अन्य ट्रांसफर का कार्य लेकर आता है उसे पहले से ही मौजूद दलाल गेट पर ही पकड़ लेते है। आरटीओ कार्यालय में आए एक व्यक्ति ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि मुझे दो पहिया वाहन का एक ड्रायविंग लाइसेंस बनवाना था। मैं पहले यहां आया तो मुझे कई प्रकार के दस्तावेज और टेस्ट देने की बात कही। मैं आवेदन भी ऑनलाइन कराने के लिए गया। लेकिन कई दस्तावेजों की मांग आई कारण मुझे मजबूरन दलाल से ही बात करनी पड़ी, क्योंकि बार बार आने से काम धंधे का नुकसान होता है।

## पुलिस ने फरार चल रहे 10-10 हजार के दो इनामिया किए गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरसार में मारपीट में घायल महिला की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में फरार चल रहे इनामियां दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोटरा थाना क्षेत्र के बरसार गांव निवासी माता प्रसाद ने 29 अगस्त को पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि गांव निवासी प्रकाश व उसकी पत्नी पिंकी, टिंकू व देवी शरण निवासी दहगुवां ने 28 अगस्त को उसकी बहन अन्नू को मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसमें इलाज के दौरान बहन अन्नू की चार सितंबर को मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और मुकदमा दर्ज कर प्रकाश व उसकी पत्नी पिंकी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के बाद से दो आरोपित टिंकू व देवी शरण भाग गए थे और तभी से फरार चल रहे थे। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने फरारी दोनों आरोपितों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। वहीं पुलिस भी आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर आए दिन दबिश देने में लगी हुई थी। जिसमें पुलिस टीम ने शनिवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर टिंकू व देवीशरण को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे व कारतूस बरामद किए गए। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध सम्बन्धित कारवाई कर चालान कर दिया।

## अन्ना मवेशी से टकराई बाइक एक की मौत, दूसरा घायल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जालौन कोतवाली क्षेत्र में ग्राम छिरिया सलेमपुर के पास सड़क पर घूम रहे अन्ना मवेशी से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों में एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम कुदारी निवासी राजकुमार परिहार व तिलक सिंह परिहार शुक्रवार की रात अपने गांव से किसी काम के चलते बाइक से जालौन की ओर जा रहे थे। बाइक से जब वह कमसेरा गांव से आगे छिरिया सलेमपुर के पास पहुंचे। तभी अचानक से अन्ना जानवर सड़क पर आ गया और बाइक जानवर से टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार बाइक सवार दोनों युवक बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। चोट अधिक लगने से राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तिलक सिंह घायल हो गया।

हादसा देख राहगीरों ने सूचना छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जबकि पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चोरों ने व्यापारी के घर दिया लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम

**जन एक्सप्रेस । उरई**

शहर के राठ रोड पर बीती रात घूमी चोरों की बारात ने एक व्यापारी के घर को निशाना बना लिया। जहां पर मकान के पीछे का जंगला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने सोने चांदी की कीमती आभूषण व नगदी सहित लाखों रुपए का माल पार कर दिया। खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे सीओ ने घटना का निरीक्षण किया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमिलिया गांव निवासी गया प्रसाद लोधी शहर के राठ रोड पर रहते हैं। जहां पर वह घर में ही टायर की एजेंसी व कृषि यंत्रों को बेंचने का काम करता हैं। बताया गया है कि शुक्रवार की रात पीछे के जगंले की खिड़की तोड़कर घुसे चोरों ने कमरे की अलमारी का ताला तोड दिया। इसके बाद वह फुर्सत से उसमें रखे सोने चांदी के कीमती आभूषण व नगदी सहित करीब 26 लाख का मामला समेट कर रफूचक्कर हो गए। सुबह जब घर के लोग जागे और अलमारी वाले कमरे में पहुंचे तो वहां बिखरा पड़ा सामान व गायब जेवर नगदी देख उनके होश उड़ गए। घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रह स्वामी ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ उमेश कुमार पांडेय व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और व्यापारी व परिजनों से घटना की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस ने मामले की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



शहर के स्टेशन रोड स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक ओमप्रकाश शास्त्री ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस सात दिवसीय भागवत कथा का सफल संचालन के लिए आयोजक मंडली के मुख्य यजमान कमला अग्रवाल व पारीक्षत श्रमती शिप्रा दीपेश अग्रवाल व उनके सहयोगियों में प्रकाशचंद्र अग्रवाल, रिचा राजीव अग्रवाल, पूजा रामेंद्र कुमार, यसी, खुशी, आश्वत, आशवी, अश्विनी निरंजन, कल्लू यादव, नरेंद्र ठाकुर, हरिओम शिवहरे, पप्पन सिंह, आदर्श मिश्रा, अनुराग दुबे का सराहनीय योगदान रहा।

## खेत में पराली जलाने पर लेखपाल ने 12 किसानों के खिलाफ लिखाया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़**

पराली जलाने को लेकर सरकार की सख्ती दिखने लगी हैं। ऐसा ही एक मामला सुल्तानपुरा से सामने आया है। बताया गया कि पराली जलाने को लेकर लेखपाल ने 12 किसानों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज करा दिया हैं। जिससे किसानों में हड़कंप मचा हुआ हैं।सरकार ने वायु प्रदूषण को लेकर पराली जलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। फिर भी किसान सरकार के आदेश को अनदेखा कर लगातार पराली जला रहे थे। पराली जलाने की शिकायत लेखपाल कल्लू सिंह को दी गई।मौके पर पहुंचे लेखपाल कल्लू सिंह ने पराली जला रहे सुल्तानपुरा निवासी किसान वीरभान सिंह, राघवेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, सुखदेव सिंह, अतर सिंह, बरजोर सिंह,करन सिंह, अशोक सिंह, मनोज सिंह के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज करा दिया गया हैं। एक साथ दर्जन भर किसानों के ऊपर मामला दर्ज पर पराली जलाने वालों में हड़कंप मच गया हैं।

## छुराचारी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला संयोजक संजय कुमार गौतम के नेतृत्व में दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सदर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने बताया कि मानिकपुर थाना अंतर्गत सरैंया चैकी क्षेत्र के एक गांव की रहने लड़की के साथ बीते दिनों कैरा उर्फ लाल सिंह पटेल ने दुष्कर्म किया था। जिसकी तहरीर पीड़िता द्वारा सरैयां चैकी में दी गई थी, जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन घटना के दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। बताया कि आरोपी पीड़िता और उसके परिवार को केस वापस लेने की धमकी भी दे रहा है। भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने तीन दिन के अन्दर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद व सुरक्षा दिलाने की मांग की है। इसके अलावा आरोपी को संरक्षण देने वाले लोगों के खिलाफ भी कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आरोपी के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो भीम आर्मी कार्यकर्ता महिलाओं के सम्मान में 13 नवम्बर को पीड़ित परिवार के साथ मानिकपुर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, एड श्रीपाल प्रजापति, कोमल सूर्यवंशी, एड राजकरण वर्मा, एड मनीष विश्वकर्मा, एड मेहराज प्रजापति, दिनेश कुमार सनेही, बाबूलाल यादव, अर्जुन कश्यप, दिलीप कश्यप, लक्ष्मण पटेल, शनि वर्मा, सोनू दिनकर, राधेश्याम प्रजापति, पुष्पराज वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## मनाया विधिक सेवा दिवस

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि विधिक सेवा दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलिज बड़ी मडैयन, राजकीय इंटर कॉलिज बरगढ़, त्यागी इंटर कॉलिज ऐंचवारा, तुलसी इंटर कॉलिज राजापुर, स्वर्गीय लाला भाई पटेल इंटर कॉलिज कपना इटौरा में विधिक सेवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी विद्यार्थियों को विधिक कानूनों के प्रति जागरूक किया गया। इसी प्रकार जिला कार्यक्रम अधिकारी पी डी विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद के विकासखण्ड कर्वी, रामनगर, पहाड़ी, मानिकपुर व मऊ में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें लगभग 610 आंगनवाडी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं सहित अन्य लाभार्थियों को विधिक कानूनों की जानकारी दी गई।

# भाकियू पदाधिकारियों ने की अन्ना मवेशियों एवं सिंचाई की समस्या का निराकरण कराए जाने की मांग

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारतीय किसान यूनियन की मासिक किसान पंचायत शनिवार को सदर ब्लॉक कर्वी एवं ब्लॉक पहाड़ी में आयोजित की गई। साथ ही किसान समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपे गए। सदर ब्लॉक में आयोजित किसान पंचायत में अध्यक्ष नरेश सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी को किसानों की समस्याओं पर ज्ञापन दिया। इसी प्रकार ब्लॉक अध्यक्ष पहाड़ी जसवंत सिंह चैहान ने खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि किसान बुआई को लेकर चिंतित हैं। आवारा पशु, जँगली जानवरों एवम बन्दरों का आतंक दर्जनों गांवों में व्याप्त है। इसके लिए किसानों के कई बार आंदोलन किया तथा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा लिखित समझौता भी हुआ, लेकिन किसानों की समस्या जस की तस है। समस्याओं पर निस्तारण किये जाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिलमहामंत्री अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि जिले में खाद की भारी समस्या है। किसानो को खाद नही मिल पा रही हैं तथा बाजार में खाद महंगे दामों में बेंची जा रही हैं। जिले में कालाबाजारी चरम पर है। महंगी ओर नकली खाद किसानों को गुमराह कर बेची जा रही है। जिला उपाध्यक्ष शिव दयाल सिंह बघेल ने बताया कि किसानों को पलेवा के लिए पानी की जरूरत है, लेकिन जिले की नहरे सुखी पड़ी है। किसानों को जब पानी की जरूरत है, तब पानी नही छोड़ा जा रहा। भाकियू पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। इस मौके पर किसान राजनारायण मिश्र, इंद्र नारायण मिश्र, रविन्द्र मिश्रा, युवा बिंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, राजेश सिंह, अनिल रैदास, किरपाल रैदास, शिव सिंह, रामेश्वर सिंह, कमलेश पटेल, रामशरण राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



**कांग्रेस को न बाबा साहेब के संविधान की...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र के चुनावी समर को धार दी। अकोला में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इसके साथियों को न बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान की परवाह है, ना कोर्ट की और ना... पढ़ें पेज 12 पर...

# हमारे त्योहार और परंपराएं हमारी विरासत का हिस्सा: सीएम योगी

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षा हाट 2024 का किया उद्घाटन
- महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में मुख्यमंत्री का प्रयास
- आकांक्षा हाट 2024 के आयोजन से स्थानीय उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा
- महिलाओं को आर्थिक अवसर प्रदान करने का माध्यम बनेगा आकांक्षा हाट 2024: मुख्यमंत्री



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ÷आकांक्षा हाट 2024÷ का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह आयोजन राज्य में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों (सात्तह्य) को अपनी रचनात्मकता और उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आकांक्षा हाट 2024 उत्तर प्रदेश की आकांक्षा समिति के प्रयासों से आयोजित किया जा रहा है जो प्रदेश के सभी 75 जिलों में सक्रिय है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सीएम योगी ने सभी महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों की सराहना की। उन्होंने कहा, ÷महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आकांक्षा समिति का यह प्रयास सराहनीय है। यह आयोजन न केवल महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा बल्कि स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका गर्ग, आकांक्षा समिति अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह और कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## प्रोत्साहन और प्रेरणा का केंद्र बना आकांक्षा हाट 2024

आकांक्षा हाट 2024 में कई महिला स्व-सहायता समूहों और उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इनमें बुंदेलखंड का बेलिनी मिल्क प्रोड्यूसर ग्रुप भी है जो 2019 में शुरू हुआ और आज 71,000 महिलाओं को रोजगार प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के ऐसे प्रयासों को बढ़ावा देकर प्रदेश को आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि आकांक्षा समिति का यह प्रयास निरंतर आगे बढ़ता रहेगा और महिलाओं को स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में नए अवसर प्रदान करता रहेगा।

## आकांक्षा समिति के प्रयासों से महिला स्वावलंबन को मिल रही नई दिशा

आकांक्षा समिति, उत्तर प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों की पत्नी संघ का एक विकासशील अंग है, जो राज्य की महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। राज्य के सभी 75 जिलों में कार्यरत इस समिति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्व-रोजगार और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक अवसर प्रदान करना है। आकांक्षा हाट 2024 के माध्यम से यह समिति महिलाओं को अपने उत्पादों, कौशल, और शिल्प को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान कर रही है, जिससे वे अपने परिवार और समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बना सकेंगी।

## संस्कृति और आर्थिक आदान-प्रदान का माध्यम है आकांक्षा हाट 2024: सीएम

आकांक्षा हाट के माध्यम से जम्मू-कश्मीर सहित देश के विभिन्न राज्यों के उत्पाद भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जिससे सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे त्योहार और परंपराएं हमारी विरासत का हिस्सा हैं। आकांक्षा हाट जैसे आयोजनों से हमारी संस्कृति और परंपराएं जीवित रहती हैं और नई पीढ़ी को प्रेरित करती हैं। इससे उत्तर प्रदेश की महिला उद्यमियों को न केवल नए कौशल और विचारों को सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय को व्यापक स्तर पर विस्तार देने में भी सहायता मिलेगी।

## आकांक्षा हाट 2024 से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को मिलेगा बढ़ावा: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने आकांक्षा हाट को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्व-सहायता समूह ODOP के माध्यम से स्थानीय उत्पादों की क्वालिटी, पैकेजिंग, और मार्केटिंग में सुधार कर सकते हैं। यह आयोजन न केवल स्थानीय उद्यमों को सशक्त बनाएगा बल्कि ODOP के तहत उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पहचान दिलाएगा। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक बदलावों को हाइलाइट करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि मीडिया को महिला सशक्तिकरण और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले सकारात्मक कार्यों को भी प्रमुखता देनी चाहिए। जब हम सकारात्मक पहलुओं को उजागर करेंगे, तो समाज में बदलाव की लहर तेज होगी और अधिक से अधिक महिलाएं इस दिशा में आगे बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश के बारे में लोगों के अंदर यह धारणा थी कि यहां कुछ नहीं हो सकता है, लेकिन जब उत्तर प्रदेश में गत वर्ष अपना इंटरनेशनल ट्रेड शो नोएडा ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया तब लोगों ने यूपी की बदलती तस्वीर देखी। इस वर्ष उसका ट्रेड शो का दूसरा सत्र था, इसमें 5 लाख से अधिक लोग शामिल हुए। देश भर से इसमें और भी लोग आना चाहते हैं, मुझे लगता है की आकांक्षा समिति इसमें बहुत अच्छा रोल अदा कर सकती है।

# टेक्नोलॉजी के दास न बनें, पुस्तकों की ओर लौटें: मुख्यमंत्री योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया गोमती पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ

- डिजिटल युग में पुस्तकों की प्रासंगिकता को मुख्यमंत्री ने किया उजागर
- पाठ्यक्रम के साथ-साथ रचनात्मक पुस्तकों को पढ़ने पर मुख्यमंत्री ने दिया जोर
- उत्तर प्रदेश में सभी 18 मंडलों में आयोजित होने चाहिए पुस्तक मेले: सीएम



### मुख्यमंत्री ने स्वयं जाकर पुस्तकों का अवलोकन किया

गोमती पुस्तक महोत्सव के इस तृतीय संस्करण में विभिन्न लेखकगण, समाज के सुधिजन और पुस्तक प्रेमी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नेशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर मिलन मराठी, डायरेक्टर कर्नल युवराज मलिक, प्रदेश सरकार के सलाहकार अवनीश अवस्थी, मंडलायुक्त रौशन जैकब सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए। मेले में बुक स्टॉलों पर मुख्यमंत्री ने स्वयं जाकर पुस्तकों का अवलोकन किया और आयोजकों को इस अभिनव प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं।

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोमती रिवर फ्रंट पार्क में आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव का उद्घाटन किया। यह महोत्सव नेशनल बुक ट्रस्ट और लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है, जो 9 से 17 नवंबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर बच्चों से पाठ्यक्रम के साथ-साथ रचनात्मक और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिर्फ पाठ्यक्रम की किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि अच्छी किताबें पढ़ें और उनसे अच्छी बातें सीखें। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों से मेले में एक-एक पुस्तक खरीदने का अनुरोध किया, ताकि उनमें पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित हो सके। मुख्यमंत्री ने डिजिटल युग के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के युवा अपने 24 घंटों में से लगभग 6 घंटे स्मार्टफोन या अन्य डिजिटल डिवाइस पर व्यतीत कर रहे हैं। अगर इस समय का उपयोग किसी सार्थक कार्य में किया जाए तो यह समाज और युवा दोनों के लिए लाभकारी हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक का उपयोग करना चाहिए, न कि उसके गुलाम बनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि भारत की श्रुति परंपरा का महत्व बहुत गहरा है। नैमिषारण्य जैसे पवित्र स्थानों पर ऋषियों ने ज्ञान को लिपिबद्ध किया, जिससे यह एक तीर्थस्थल बन गया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सुनना, मनन करना और उसे आचरण में उतारना एक परंपरा रही है। आज हमें फिर से इस परंपरा को जीवंत करना होगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सौभाग्यशाली है कि यहां महर्षि वाल्मीकि और तुलसीदास जैसे महान कवि हुए। उन्होंने महाकाव्य रामचरित मानस का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे घर-घर में गाया जाता है। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता का उदाहरण देते हुए कहा कि युद्धभूमि में भी ज्ञान की सर्वश्रेष्ठ कृति रची गई थी। हमें अपनी इस महान परंपरा पर गर्व करना चाहिए और इसे संजोए रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने नेशनल बुक ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की और सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश के सभी 18 मंडलों में ऐसे पुस्तक मेलों का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेलों से समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचेगा और लोगों में पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमें डिजिटल डिवाइस पर बिताए जाने वाले समय को कम करके पुस्तकों के अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारी सोच को विस्तार देती हैं और हमें समाज के प्रति जागरूक बनाती हैं।

# एक्सप्रेस खबरें...

## काकोरी कोतवाल ने सुनी फरियादियों की समस्या



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** माह के दूसरे और चौथे शनिवार को होता है थाना दिवस। 9 नवंबर दिन शनिवार को काकोरी कोतवाली में थाना दिवस का आयोजन किया गया, इस दौरान थाना क्षेत्र से आए हुए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्या काकोरी कोतवाली प्रभारी नवाब अहमद को बताई, कोतवाली प्रभारी ने क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्या सुनी और जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण के लिए क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस सम्बंधित सभी समस्याओं का निस्तार कराने को कहा।

## मेधा संवर्धन के प्रति प्रयत्नशील रहें विद्यार्थी: डॉ दिलीप



**लखनऊ।** राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में मेधा होती है। आत्मचिंतन के आधार पर इसको समझने और इसके संवर्धन के प्रति विद्यार्थियों को सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। राज्य सूचना आयुक्त ने केकेसी महाविद्यालय में सांस्कृतिक महोत्सव मेधा संवर्धन समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेधा संवर्धन में शिक्षक और अभिभावक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वह इसमें सहयोगी होते है। लेकिन इसके लिए विद्यार्थियों को भी जागरूक रहना चाहिए। समारोह में प्रबंधक बीएन मिश्र, प्राचार्य प्रो विनोद चन्द्रा सहित शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

## सीएम योगी ने डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस को दिखाई हरी झंडी, महिलाओं के लिए विशेष सुविधा का किया एलान

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई। यह कमता से लेकर एयरपोर्ट तक चलेगी। 10 नवंबर से इसका संचालन शुरू हो जाएगा। इसमें न्यूनतम किराया 12 रुपये होगा। वहीं अधिकतम किराया 45 रुपये होगा। सीएम ने इसे सुबह हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सहित अधिकारी व अन्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सीएम ने कहा कि डबल डेकर सिटी बस की एमएसटी बनवाने पर महिलाओं को 50त्न की छूट मिलेगी। शनिवार सुबह इससे हेरिटेज टूर कराया जाएगा। इसमें महिलाओं को मुफ्त में यात्रा का लाभ मिलेगा।

## ठेकेदार दंपती समेत तीन पर 16 लाख की ठगी का केस

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** वृंदावन कॉलोनी निवासी कृष्ण बिहारी राय ने ठेकेदार दंपती सहित तीन लोगों के खिलाफ 16 लाख की ठगी का आरोप लगाते हुए पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनके मुताबिक एकता नगर में उनकी जमीन है। इस पर दो मंजिला मकान बनाने का ठेका उन्होंने सुरेंद्र सिन्हा और उनकी पत्नी को दिया था। इसके बदले कृष्ण बिहारी ने दोनों के खातों में 16 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे, पर काम शुरू नहीं हुआ। विरोध पर सुरेंद्र, पत्नी और साले ने धमकाना शुरू कर दिया।

# पैसों के लिए आरोपियों का कारनामा, नौकरी का झांसा देकर युवक को भेज दिया किर्गिस्तान, हड़पी मोटी रकम

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में युवक से ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। सुशांत गोल्फ सिटी थाने में युवक ने तहरीर दी। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। ठगों ने युवक को नौकरी का झांसा देकर किर्गिस्तान भेज दिया। आरोप ट्रैवल एजेंसी की महिला कर्मचारी और उसके साथियों पर है। मामला इंदिरा नगर थाना क्षेत्र के तकरोही का है। यहां रहने वाले पवन कुमार वर्मा नौकरी की तलाश थी। इस बीच उन्हें सोशल मीडिया पर सुशांत गोल्फ सिटी के सरसवां स्थित अलकसवा ट्रेवल एंड टूर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बारे में पता चला। कंपनी विदेश में



लोगों की नौकरी लगवाती है।

### जालसाजों ने किर्गिस्तान का वीजा दे दिया

कंपनी से संपर्क करने पर आयशा नाम की महिला ने उनसे कार्यालय आने को कहा। वहां पहुंचने पर आयशा व अन्य कर्मचारियों ने किर्गिस्तान में पैकिंग हेल्पर की नौकरी लगवाने की बात कही। इसके बदल उन्होंने 1.80 लाख रुपये मांगे। भुगतान होने पर जालसाजों ने उन्हें किर्गिस्तान का वीजा दे दिया।

### न तो नौकरी का पता, न रहने की जगह

पवन जब किर्गिस्तान के अलमाटी पहुंचे तो पता चला कि न तो नौकरी थी, और रहने की जगह। उन्होंने ने जब ठगों से विरोध जताया। इस पर आरोपियों ने वहीं उसकी हत्या करवाने और भारत न लौटने की धमकी दी। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक मामले की जांच चल रही है।

### ठेकेदार दंपती समेत तीन पर ठगी का केस

एक अन्य मामले में युवक ने ठेकेदार दंपती सहित तीन लोगों के खिलाफ 16 लाख की ठगी का आरोप लगाते हुए पीजीआई थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। वृंदावन कॉलोनी निवासी कृष्ण बिहारी राय के मुताबिक एकता नगर में उनकी जमीन है। जमीन पर दो मंजिला मकान बनाने का ठेका उन्होंने सुरेंद्र सिन्हा और उनकी पत्नी को दिया था। इसके बदले कृष्ण बिहारी ने दोनों के खाते में 16 लाख ट्रांसफर किए थे। मगर काम शुरू नहीं हुआ। विरोध पर सुरेंद्र, पत्नी और साले ने धमकाना शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर पीजीआई के मुताबिक केस दर्ज किया है।

# सपा बेनकाब हो चुकी, भाजपा सभी नौ सीटों पर हासिल करेगी जीत: पाठक

- सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा बेनकाब हो चुकी है जनता ने उन्हें नकार दिया है

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव को लेकर पार्टियां मैदान में हैं। नेता एक-दूसरे पर जुबानी वार भी कर रहे हैं। जनता के बीच खुद को दूसरे से बेहतर साबित करने में जुटे हैं। इसी कड़ी में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का बयान सामने आया है। उन्होंने सपा को निशाने पर लिया। कहा कि भाजपा सभी नौ सीटों पर चुनाव जीतने जा रही है। हमारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। हम सभी सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा बेनकाब हो चुकी है। जनता ने उन्हें नकार दिया है। आमजन भाजपा के साथ है। उधर अखिलेश यादव ने भाजपा को निशाने पर लिया। कहा कि नोटबंदी के किसी भी दावे को सरकार पूरा नहीं कर पाई। नोटबंदी केवल दिखावटी बनकर रह गई। एक स्लो पॉइजन के जैसे इसने किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार सभी को शिकार बनाया। जीएसटी ने भी लोगों का नुकसान किया।

### सरकार ने दूसरों पर झूठे मुकदमे लगवाए

कहा कि भाजपा को याद दिलाने के लिए हम खजांची का जन्मदिन मनाते हैं। बैंक में इसका जन्म हुआ था। भाजपा को बच्चे के भविष्य की चिंता करनी थी। एनकाउंटर वालों का काउन डाउन शुरू हो गया है, इसीलिए उनकी भाषा बदल गई है। खुद पर सच्चे मुकदमे हटवाकर दूसरों पर झूठे मुकदमे लगवाएं है। संत समाज में झगड़ा करवा रहे हैं। जो अपने से ऊपर किसी को ना समझे वो कैसे योगी।

# अखिलेश यादव ने मनाया खजांची का जन्मदिन, बोले, नोटबंदी ने स्लो पॉइजन के जैसे आम आदमी को बनाया शिकार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



राजधानी लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने खजांची का 8वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा को निशाने पर लिया। कहा कि नोटबंदी के किसी भी दावे को सरकार पूरा नहीं कर पाई। नोटबंदी केवल दिखावटी बनकर रह गई। एक स्लो पॉइजन के जैसे इसने किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार सभी को शिकार बनाया। कहा कि जीएसटी ने भी लोगों का नुकसान किया। भाजपा को याद दिलाने के लिए हम खजांची का जन्मदिन मनाते हैं, बैंक में इसका जन्म हुआ था, भाजपा को बच्चे के भविष्य की चिंता करनी थी। एनकाउंटर वालों का काउन डाउन शुरू हो गया है, इसीलिए उनकी भाषा बदल गई है। खुद पर सच्चे मुकदमे हटवाकर दूसरों पर झूठे मुकदमे लगवाएं है।

### कलयुग में सब उल्टा होता है

संत समाज में झगड़ा करवा रहे हैं। जो अपने से ऊपर किसी को ना समझे वो कैसे योगी। इनकी योग्यता की परीक्षा करवानी पड़ेगी। व्यक्ति वस्त्र से नहीं वचन से योगी होता है। ये आजादी का नहीं बर्बादी का अमृत काल है। कलयुग में सब उल्टा होता है, और ये सब उल्टा कर रहे हैं। कहा कि हमारे यहां मौनी और मुनि की परंपरा है, जो जितना जानी वो उतना चुप होता है। जिनका काम सरकार चलाना है, वो बुलडोजर चला रहे हैं। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट ने भी इनपर जुर्माना लगाया है। उत्तर प्रदेश में शक्ति और सत्ता का अनुचित दुरुपयोग हो रहा है।

# राज्य स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता शुरू, 18 मंडल के बच्चे कर रहे प्रतिभाग, प्रस्तुति से मोहा मन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में शनिवार को राज्य स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हो गया। समग्र शिक्षा (माध्यमिक) की ओर से किया जा रहा आयोजन राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में चल रहा है। इस राज्य स्तरीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता की शुरुआत महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने की। इस दौरान वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने महाकवि सुमित्रानंदन पंत की रचित सुप्रसिद्ध सरस्वती वंदना ÷वर दे वीणा वादिनि वर दे÷ की संगीतमय प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता का परिणाम शाम को जारी होगा। इस प्रतियोगिता में मेजबान लखनऊ सहित प्रदेश भर से 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं, जिनमें से आठ टीमें बालकों की और आठ टीमें बालिकाओं की हैं। बालक वर्ग में 224 छात्र और बालिका वर्ग में 209 छात्राएं शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में ब्रास बैंड और पाइप बैंड जैसे दो प्रकार के इवेंट हो रहे हैं। ब्रास बैंड प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग में 212 प्रतिभागी, बालिका वर्ग में 112 प्रतिभागी तथा पाइप बैंड में बालक वर्ग में 112 प्रतिभागी तथा बालिका वर्ग में 98 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। सफेद, केसरिया, लाल, काले, नीले, आसमानी जैसे विभिन्न रंग बिरंगे परिधानों में सजी हुई।

# लखनऊ महानगर संगठन चुनाव कार्यशाला में मंडल चुनाव अधिकारी घोषित

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ महानगर संगठन चुनाव कार्यशाला का आयोजन डालीगंज के मानस मंदिर में किया गया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए लखनऊ महानगर चुनाव अधिकारी राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक 6 वर्ष में प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों का नवीनीकरण करती हैं। सक्रिय सदस्यता नवीनीकरण के साथ ही संगठन पुनर्गठन का कार्य भी किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी में शामिल हम सब परिवार के रूप में कार्य करते हैं। सभी लोग मिलजुल कर संगठन की मजबूत संरचना के लिए बूथ, मंडल और जिला समिति का गठन करेंगे। संगठन चुनाव को विधिवत रूप से कराए जाने के लिए आज लखनऊ महानगर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। भारतीय जनता पार्टी में छोटे से छोटा कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि बनता है और देश का राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रधानमंत्री भी बनता है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी संगठन एक परिवार के रूप में कार्य करती है और जिस कारण से भारतीय जनता पार्टी केंद्र और राज्यों में सरकार बनाने में सफल हुई है। सम्बोधन के उपरांत नवीन जैन ने मंडल चुनाव अधिकारियों की घोषणा की। नीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ महानगर ने सदस्यता अभियान में इतिहास रचा है और 5,65000 से अधिक सदस्यों को जोड़कर लखनऊ में ही नहीं पूरा देश में सर्वाधिक सदस्यता करी है। सक्रिय व्यवस्था में भी 5032 की सूची प्रकाशित हो चुकी है। जिसमें लगभग 1500 सदस्य और जुड़ेंगे जिनके फॉर्म का सत्यापन चल रहा है और यह विश्वास है कि सक्रिय सदस्यता में भी लखनऊ महानगर प्रथम स्थान पर रहेगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना:–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PRG-Gen-27-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PRG-Gen-28-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PFM-Gen-31-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 10:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PYGS-Gen-30-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 11:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PYGS-Gen-29-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 11:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ATM-LKO-PFM-Gen-32-24-1 (ATM General) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.11.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.11.2024 at 11:20 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3490/2024

# भाजपा के नेताओं में अगर दम है तो अपने पिछड़े और दलित नेताओं से जाति जनगणना का विरोध करके दिखाएं : विजय शंकर अग्निहोत्री

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी विजय शंकर अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा भाजपा, आरएसएस झूठ बोलने की मशीन है। उनके नेता नहीं चाहते है,कि शोषित वंचित, दलित पिछडे, अल्पसंख्यक अपने हक को पाए, और जो उनकी आवाज बन कर जाति गणना की मांग उठा रहे है ,आदरणीय नेता प्रति पक्ष, सांसद श्री राहुल गांधी जी, के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री, दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री मनोज पांडेय



बेबुनियाद सवाल उठाकर जनता को गुमराह कर रहे है, इनके दल मे पिछड़े,दलित वर्ग के नेताओं मै दम हो तो जाति गणना का विरोध करके दिखावे, लोकसभा चुनाव की हार से उबर नहीं पा रहे है,,अनाप-शनाप बोल कर अपनी खीझ निकाल रहे है ।जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग की मासिक बैठक तिलक भवन भाजपा नेताओ की कड़ी आलोचना की, किसान को डीएपी खाद, आलू के बीज की किल्लत है, पूरे जिले मे जल जीवन मिशन योजना घड़ियाली आंसू बहा रहीहै,सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए इस बैठक में अध्यक्ष प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाल गणेश प्रसाद लोधी दया शंकर कुशवाहा देवनाथ पाल मंगल प्रताप सहित प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

# गोपाष्टमी के अवसर पर कारसेवक पुरम में गोवंशों का पूजन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

कारसेवक पुरम स्थित श्रीराम गौशाला में गोपाष्टमी के अवसर पर सैकड़ों गौवंशों का वैदिक रीति से पूजन किया गया। इस पूजन समारोह का आयोजन विहिप केंद्रीय संयुक्त संगठन महामंत्री विनायक राव देश पांडेय के नेतृत्व में हुआ, जिसमें प्रमुख मार्गदर्शक प्राधानाचार्य इंद्रदेव मिश्र थे।



विहिप संगठन महामंत्री विनायक राव ने इस मौके पर कहा कि गौवंशों की सुरक्षा के लिए सरकारों को मजबूत इच्छाशक्ति दिखानी होगी। उन्होंने गौ हत्या को लेकर सख्त कानून की आवश्यकता जताते हुए कहा कि इस पर फांसी की सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए, तभी हम इस अमूल्य धरोहर को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷प्राचीन काल से यह मान्यता रही है कि %गावो विश्वस्त मातरः%, अर्थात गाय ही विश्व की माता है। भारत की आत्मा गाय में ही बसती है।÷

विनायक राव ने गऊ पालन को परिवारों के लिए बोझ नहीं, बल्कि समृद्धि का कारण बताया। उनका मानना था कि गो सेवा करने वाला व्यक्ति हर संकट से मुक्त रहता है।

श्रीराम गौशाला समिति के उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने गौशालाओं को सरकारों से हर प्रकार का सहयोग देने की अपील की और साथ ही गांवों में गोचर भूमि को फिर से संरक्षित करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि आजकल गोचर भूमि पर आवासीय और व्यापारिक केंद्र स्थापित हो रहे हैं, जिससे देशी नस्ल की गायों का अस्तित्व संकट में है।

डाडिया मंदिर के महंत गिरीश दास ने गौ पालन को पवित्र कार्य बताते हुए कहा कि ÷गौ आधारित कृषि ही हमारी मूल है।÷ उन्होंने कहा कि पहले हम सभी गौ सेवा को देवी-देवताओं की सेवा मानते थे और गाय को परिवार में मां के बाद सबसे पवित्र स्थान पर रखते थे।इस अवसर पर विहिप के संयुक्त महामंत्री कोटेश्वर शर्मा, केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह ÷पंकज÷, कारसेवक पुरम प्रभारी शिवदास सिंह, उमेश पोडवाल, सह प्रबंधक शरद शर्मा, वीरेन्द्र कुमार, विभाग मंत्री धीरेश्वर वर्मा, व्यवस्था प्रमुख बालचंद वर्मा, राजेंद्र वर्मा, वरुण राय, सुभाष पांडेय, अनिल पांडेय, पवन तिवारी, बबलू सविता, कमला देवी सहित अन्य गौभक्तों ने गौवंश का श्रृंगार कर गुड़ और पूड़ी का भोग अर्पित किया और गौरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया।

# धान की पैदावार जानने को लेकर जिलाधिकारी ने कराई क्राप कटिंग

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार को तहसील गौरीगंज अंतर्गत ग्राम गढ़ा माफी में जनपद में धान की फसल के उत्पादन व उत्पादकता जानने को लेकर क्रॉप कटिंग कराई।इस दौरान डीएम ने राजस्व व कृषि विभाग की टीम के साथ किसान लीलावती,कौशिल्या, दुखीराम व देवकली के खेत पर पहुंचकर अपने सामने 43.03 स्क्वायर मीटर धान की फसल की क्राप कटिंग कराई तथा धान पिटवाकर उसका तौल भी कराया। जोकि क्रमशः 20.800 किग्रा, 21.890 किग्रा,20.960 किग्रा तथा 21.600 किग्रा निकला।बताते चलें कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्राप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है।इस दौरान जिलाधिकारी ने किसान भाईयों से सीधा संवाद स्थापित किया।और अपने नजदीक के क्रय केन्द्र पर धान बेचने हेतु किसानों से अपील भी की।उन्होने कहा कि सरकारी धान क्रय केन्द्र पर किसान भाई धान बेचे।ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके।उन्होंने किसानों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीक के गौशाला पर पराली को ले जाएं।और वहां से गोबर की खाद लाकर अपने खेतों में डाले।ताकि उनके खेतों की उर्वरक क्षमता भी बढ़े ताकि अन्न उत्पादन में गुणात्मक सुधार हो सके।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह,उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह,पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, सहायक सांख्यिकी अधिकारी भूलेख भूपेंद्र प्रताप सिंह, कृषि विभाग के अधिकारी सहित राजस्व विभाग की टीम व किसान मौजूद रहे।

# सास बहू बेटा सम्मेलन का हुआ आयोजन, दी गई बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम**

रेकिट इंडिया और डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम डेटॉल डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम में जागरूक किया गया। जनपद अंबेडकर नगर जिले के बसखारी ब्लॉक दौलतपुर हाजल पट्टी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आशा आंगनबाड़ी ए0एन0एम0 के साथ जीडी नीरज और बीसी रामगोविंद मौर्य की उपस्थिति में सास बहु बेटा सम्मेलन में शामिल होकर अपने कार्यक्रम जागरण पहल द्वारा आयोजित कार्यक्रम डेटॉल डायरिया नेट जीरो पर चर्चा किया गया। ड्ढाह्र द्वारा सुझाए गए सात सूत्रों पर जानकारी दिया गया जिसमें 0 से 5 साल तक के बच्चो में होने वाले दस्त से की जानकारी दिया गया और साफ सफाई स्वच्छता हैंडवास डेमो दिया गया। शौचालय का प्रयोग, टीकाकरण, जिंक और ह्रक्रस् की उपयोगिता पर जानकारी दिया गया। इस अवसर पर जिसमें जीडी नीरज, ए एन एम रेनू सिंह, सी एच ओ सुमन वर्मा, आशा मंजू आंगनवाड़ी सुशीला और गांव के माताएं और बच्चे के साथ बीसी राम गोविंद मौर्य उपस्थित रहे।

# परिक्रमा करने आई वृद्ध महिला को नदी में लगी चोट, जल पुलिस ने पहुँचाया अस्पताल



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली में 14 कोसी परिक्रमा करने आई वृद्ध महिला छाया शंकर पति का नाम शंकर निवासी समर्थ नगर मुंबई की है।जिन्होंने परिक्रमा करने से पूर्व सरयू स्नान करने जा रही थी अचानक जिनका सीढ़ियों पर पैर फिसल गया जिसके कारण उनका पैर टूट गया और पैर जख्मी हो गया जिनकी हालत गंभीर थी।स्थानीय जल पुलिस के कांस्टेबल नित्यानंद यादव चीता 19 कांस्टेबल अजय कुमार के सहयोग से एंबुलेंस बुलाकर तत्काल श्री राम अस्पताल भिजवाया गया जहाँ पर उनका सुचारू रूप से इलाज किया गया।ऐसी मानवता अक्सर जल पुलिस के द्वारा करते रहने से स्थानीय लोगों ने जल पुलिस की खूब सराहना की।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक गौ सेवा कमेटी ने गोपाष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गौ सेवा कमेटी की तरफ से पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया गोपाष्टमी का त्यौहार पूरे जनपद में विधि विधान से की गई गायों की पूजा पौराणिक मान्यताओं के अनुसार एक बार इंद्र भगवान नाराज हो गए और पूरे ब्रज मूसलाधार बारिश शुरू हो गई बारिश इतनी विकराल थी कि पूरे ब्रज में त्राहि त्राहि मच गई लोगों के घर-बार डूबने लगे तब जाकर लोगों ने भगवान की श्री कृष्ण से मदद की गुहार लगाई तब भगवान श्री कृष्ण ने बृजवासियों को बारिश से बचने के लिए अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया जिसके नीचे पूरे ब्रज के निवासियों के साथ-साथ गोवंशो ने भी शरण ली 7 दिन लगातार वर्षा करने के बाद कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की अष्टमी को इंद्र ने हार मान ली जिसके बाद बृजवासियों को बारिश से राहत मिली, तब से लेकर आज तक गोपाष्टमी का त्यौहार पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है, गाय की पूजा करने के साथ ही गोपाष्टमी के अवसर पर सभी ने गो रक्षा का संकल्प लिया।

## छात्रवृत्ति व अन्य कक्षाओं की द्वितीय चरण की समय सारणी निर्गत : मोहन त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2024-25 में अन्य पिछडा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोडकर) पूर्वदशम् छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) तथा अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु द्वितीय चरण की समय सारिणी प्राप्त हुई, जिसमें शिक्षण संस्थाओ द्वारा छात्रवृत्ति मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 निर्धारित है विष्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा शिक्षण संस्थान की फीस आदि का सत्यापन कर डिजिटल लॉक किये जाने की अन्तिम तिथि 05 जनवरी, 2025 निर्धारित है।

# आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज में यातायात नियमों की दी गई जानकारी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में आज दिनांक 09.11.2024 को यातायात माह के नवम दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज रायबरेली में यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई, उनको पम्पलेट व हैंडबिल वितरित किए गए, साथ ही जनपद रायबरेली के थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों



का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट, हैंडबिल व स्टिकर वितरित किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए, एवं शीत ऋतु में कोहरे में दृश्यता के अभाव होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के निर्मूलन हेतु वाहनों में निशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए तथा राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारो से हटवाया गया एवं अनाधिकृत वाहनों में सचिवालय व विधायक पास लगाकर चलने वाले वाहनों एवं काली फिल्म लगाकर चलने वाले वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई अनाधिकृत वाहनों में लगे सचिवालय एवं विधायक पास निकलवाए गए, एवं उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत प्रवर्तन की कार्यवाही भी की गई,तथा यातायात नियमों अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए कुल 234 चालान करते हुए 403000 रुपए का जुर्माना योजित किया गया।

# थाना समाधान दिवस पर अपर जिला अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर किया समाधान

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिला अधिकारी अर्पित गुप्ता ने धान मंडी बहादुरपुर स्थित जायस मंडी में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। और उनकी समस्यायो का समाधान किया।उन्होंने यहाँ धन क्रय केंद्र की व्यवस्थाओं का बारीकी से परखा।साथ ही ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें उनकी समस्याओं का समाधान किया। अपर जिला अधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की सभी शिकायतों का तत्काल और प्रभावी निवारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि प्रशासन का पहला दायित्व है कि जनसमस्याओं का शीघ्रता से



निराकरण किया जाए। ताकि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके।इस संवेदनशील और सक्रिय दृष्टिकोण से ग्रामीणों के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और संतोष का वातावरण उत्पन्न हुआ।इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा क्षेत्र के ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।जिन्होंने माना कि यह प्रशासनिक कार्य शैली एक प्रेरणादायक कदम है।जो क्षेत्र के विकास और जनहित के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दृढ़ बनाएगा।जनता ने व्यक्त किया कि इस प्रकार का कदम न केवल उनकी कार्यकुशलता को दर्शाता है बल्कि जन सेवा में उनकी आत्मीयता और दायित्वबोध को भी प्रकट करता है।

# एनटीपीसी ऊँचाहार ने एनटीपीसी के 50वें स्थापना दिवस पर भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

एनटीपीसी ऊँचाहार ने एनटीपीसी के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया, जिसमें बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक जावेद अली ने अपनी मधुर आवाज से सभी का दिल जीत लिया। इस संगीतमय संध्या में एनटीपीसी परिवार के सदस्यों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर शानदार प्रस्तुतियों का आनंदलिया कार्यक्रमकेमुख्यअतिथिएनटीपीसी ऊँचाहार के परियोजना प्रमुख श्री मनदीप सिंह छाबड़ा व प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा श्रीमती तरुणा छाबड़ा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। सम्माननीय अतिथि के रूप में उत्तरा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती विजया राव ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को विशेष बना दिया जावेद अली ने अपने सुरीले गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बॉलीवुड के कई लोकप्रिय गानों की प्रस्तुति दी, जिनमें रोमांटिक और ऊर्जावान गीतों ने समां बांध दिया दर्शक झूमते नजर आए और कार्यक्रम में चार चांद लग गए। उनके प्रसिद्ध गीतों पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा स्टेडियम गूंज उठाइस अवसर पर श्री मनदीप सिंह छाबड़ा ने एनटीपीसी ऊँचाहार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत की सराहना की उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम कर्मचारियों और उनके परिवारों को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ऐसे कार्यक्रमों को एनटीपीसी परिवार में सहयोग और सौहार्द को मजबूत करने के लिए आवश्यक बताया एनटीपीसी ऊँचाहार ने इस आयोजन के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने और मनोरंजन के साथ कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच एकता और सामंजस्य को बढ़ावा देने का प्रयास किया कार्यक्रम की सफलता ने दर्शाया कि एनटीपीसी ऊँचाहार में न केवल कार्य के प्रति समर्पण है बल्कि मनोरंजन औरसामूहिकता का भी विशेष महत्व है।

## रोजगार मेला का आयोजन 12 नवम्बर को

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के तत्वावधान में 12 नवम्बर 2024 को रोजगार मेले का आयोजन डॉ0 राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय शांति नगर, लालूमऊ खजुरगांव (सरेनी), रायबरेली में किया जाना प्रस्तावित हैं जिसमें निजी क्षेत्र की एम0आर0एफ0 टायर्स (गुरुग्राम) द्वारा डिप्लोमा, आई0टी0आई0, हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक अभ्यर्थी के रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा इच्छुक अभ्यर्थी मेले में अपने साथ आई0डी0 मूल शैक्षिक अभिलेख एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते हैरोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लियेसर्वप्रथमअभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर http://rojgaarsangam.up.gov.in ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण में किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली में संपर्क किया जा सकता है।

# आबकारी दबिश में पकड़ी गई 68 लीटर अवैध कच्ची शराब

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत, जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शनिवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम शंकरगंज, धोबहा तथा



धौकलपुर,हिंडोलनी में आकस्मिक दबिश दी गयी।दबिश के दौरान क्षेत्र चार के थाना मोहनगंज के अन्तर्गत ग्राम शंकरगंज,धोबहा,से लगभग 68 ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।तथा लगभग 550 किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया।इस कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए।साथ ही आबकारी दुकानो का सघन निरीक्षण किया गया।ग्रामवासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण,बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई।कार्यवाही में पुलिस विभाग तथा आबकारी विभाग की संयुक्त स्टाफ द्वारा रानी सागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र चार तिलोई व सतीश चंद्र आबकारी निरीक्षक क्षेत्र दो एवं समस्त स्टाफ शामिल रहे।

# आरजीआईपीटी में दो दिवसीय वार्षिक तकनीकी महोत्सव ऊर्जोत्सव का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस अमेठी में शनिवार को छात्रों के दो दिवसीय वार्षिक तकनीकी महोत्सव ऊर्जोत्सव का शुभारंभ हुआ।इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि इंफोसिस के वरिष्ठ निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी,विशिष्ट अतिथि प्रो.सुमन जना कोलंबिया विश्व विद्यालय न्यूयार्क,डॉ.दादासाहव जे.शेन्दगे उपाध्यक्ष एच2 ई पावर सिस्टम,संस्थान के निदेशक प्रो.आलोक कुमार सिंह एवं अधिष्ठाता-छात्र मामले डॉ.देबाशीष पांडा ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस दो दिवसीय कार्यक्रम में राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ आई.ई.टी. लखनऊ,एच.बी. टी.यू.कानपुर,बुद्धा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,आर.ई.सी.बांदा,बी. आई.ई टी.झांसी,यू.ई. एम.जयपर, एल.एम.एन.आई.टी.जयपुर एवं चिल्ड्रेन सनलाइफ एकेडमी महाराजगंज के छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं।

ऊर्जोत्सव उत्तर भारत का सबसे जीवंत तकनीकी महोत्सवों में से एक है।जो विद्यार्थियों में रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक शानदार मंच प्रदान करता है।इस



बार ऊर्जोत्सव ÷कॉस्मिक कन्वर्जेंस÷ विषय पर आधारित है।जो ब्रह्मांडीय शक्तियों और विज्ञान के संगम पर केंद्रित है। इसमें तकनीकी प्रतियोगिता जैसे वाटर रॉकेट,लाइनफॉलोवर वोट चैलेंज,वाल मेज सोल्वर,बृज मेकिंग इवेंट,लाइन मेज सोल्वर,रोबो सॉकर कैपिटल क्वेस्ट,क्रियेटिव कैड चैलेंज ए.आई.आर्ट बैटल,कंपीटीटीव कोडिंग चैलेंज,गेमिंग बैटल वर्स, कोड डिसाइफर एवं टेक ट्रिविया क्विज का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें छात्र काफी संख्या में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें परी पब्लिक स्कूल सलोन के छात्रों ने प्रथम, डी.ए.बी.एच.ए.एल कोरवा ने द्वितीय एवं एस.जे. एस पब्लिक स्कूल गौरीगंज के छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आशीष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता काफी बढ़ गई है।अतः छात्रों के लिए इस क्षेत्र में कार्य एवं शोध का काफी अवसर है।जो हमारे सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियों को हल करने में मदद कर सकते हैं। छात्रों को चाहिए कि वे ए.आई. के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त कर अपने लिए कैरियर का नया अवसर प्राप्त करें।





**उप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा...**
अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर), उप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग डा0 देवेन्द्र शर्मा जी द्वारा राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर के प्रांगण से एक युद्ध नशे के विरूद्ध विषयक... ▸ शेष पेज 07 पर...


# बिठूर में हुआ गौ रक्षक पुलिस बल सम्मान समारोह 2024 का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**






गोपाअष्टमी के शुभ अवसर पर गौ रक्षक पुलिस बल सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।सनातन मंदिर चेतना समिति एवं सनातन वैदिक रामराज परिषद द्वारा सनातन मनु सतरूपा मंदिर एवं प्राचीन शिव विष्णु मंदिर बिठूर में किया गया।

ज्ञातव्य है कि विगत 6 अगस्त को जब महान गौ रक्षक धर्म सम्राट पूज्य स्वामी करपात्री जी महाराज का 117 वा जन्म दिवस गौ रक्षा दिवस के रूप में पूरे राष्ट्र में मनाया जा रहा था उसी रात 12ः00 बजे गौ भक्षकों ने बिठूर के अज़ीमुल्ला नगर स्थित प्रसिद्ध प्राचीन शिव विष्णु मंदिर एवं मनु सतरुपा मंदिर गौशाला की गाय एवं नवजात बछिया को चुराकर पुराने बिठूर के एक घर में गौकशी की नियत से छुपा दिया।

7 अगस्त की प्रातः काल गाय और बछिया को न पाकर उक्त मंदिर और गौशाला की सेवा करने वाली संस्था सनातन मंदिर चेतना सोसायटी के सदस्यों एवं स्थानीय जनता ने आनन-फानन में बिठूर थाने में प्राथमिकी दर्ज करा कर पुलिस से शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया। बिठूर थाना प्रभारी ने तुरंत मामले की गंभीरता को समझते हुए कार्रवाई आरंभ की और 24 घंटे के अंदर 3 अपराधियों को गाय बछिया सहित गिरफ्तार कर अपनी कर्तव्य परायणता और कुशलता का अनुपम उदाहरण पेश किया और गाय तथा बछिया को सकुशल मंदिर पहुंचाकर तीन अपराधियों को जेल भेज कर मंदिर प्रशासन के लोगों को सौंप कर ही दम लिया इसके लिए पुलिस टीम ने पूरी रात और पूरा दिन काम किया।

उसी समय सनातन मंदिर चेतना समिति के सदस्यों ने यह निर्णय किया था कि हम इस तरह निष्ठा से गौरक्षा के लिए काम करने वाले बिठूर पुलिस बल के अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को सम्मानित करेंगे जो आज गोपाष्टमी पर कार्यक्रम कर संपन्न किया गया। इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक कुमार पांडे, निरीक्षक जितेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक प्रेम नारायण विश्वकर्मा, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, कस्बा प्रभारी अरुण कुमार राठी, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, कस्बा प्रभारी मनोज कुमार विश्वकर्मा, कांस्टेबल अर्जुन एवं कांस्टेबल अर्जुन द्वितीय को सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री जी के शहर में होने के कारण जिन पुलिस अधिकारियों को आगमन नहीं हो सका उनको सनातन मंदिर चेतना समिति उनके थानों में जाकर सम्मानित करेगी। इस सम्मान समारोह में पुलिस अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र के साथ रामचरितमानस एवं राष्ट्रीय ध्वज भेंट करके सम्मान किया गया। सनातन मंदिर चेतना समिति के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय जनता ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी की और पुलिस की प्रशंसा की। अपने तरह के इस अभूतपूर्व कार्यक्रम से पुलिस विभाग का हौसला बढ़ा है और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि हम भविष्य में गोवंश की रक्षा की लिए सनातन मंदिर चेतना सोसायटी को और अधिक मददगार साबित होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चित्रकूट के रामायण कुटी के महंत स्वामी राम हृदय दास जी महाराज ने संबोधित किया उन्होंने कहा कि गौ रक्षा से धर्म रक्षा और धर्म रक्षा से राष्ट्र रक्षा हो सकती है अतः सभी को यह कार्य करना चाहिए। पुलिस विभाग की प्रशंसा करते हुए उन्होंने महाभारत का एक उदाहरण लिया और उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य इस समय गौ रक्षा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। राम जानकी मंदिर सरसैया घाट के महंत राम गोविंद दास जी ने भी पुलिस की सराहना करते हुए कहा यदि पुलिस इस तरह से कार्य करने लगेगी तो वह दिन दूर नहीं कि जब गोवंश का संरक्षण बहुत अच्छे से हो सकेगा माननीय मुख्यमंत्री जी के सपनों को साकार किया जा सकेगा। बिठूर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सिंह जी ने इस कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं प्रतिज्ञा करती हूं कि सनातन मंदिर चेतना समिति के कार्यों में और भी बढ़-चढ़कर भागीदारी करूंगी और उन्हें सहयोग प्रदान करूंगी। मंदिरों की और गायों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है और इसमें नगर पंचायत बिठूर और व्यक्तिगत रूप से मै आजीवन कार्य करूंगी। डॉ.उमेश पालीवाल जी ने पुलिस बल सम्मान समारोह कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो लोग जो पुलिस अधिकारी एवं पुलिस कर्मी इस तरह का कार्य करें उन्हें प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाना चाहिए जिससे कि पुलिस का हौसला बढ़ें और वह अधिक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जी जान से लगे।सनातन मंदिर चेतना समिति के सचिव एवं सनातन वैदिक रामराज परिषद के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि बिठूर पुलिस प्रशासन ने उन्हें हमेशा ही सहयोग दिया है।

इस मंदिर को भूमाफियाओं के जबड़े से निकालकर, गौ रक्षा तक का कार्य पुलिस ने शानदार ढंग से किया है उसके लिए हम उनक आजीवन ऋणी रहेंगे और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेश तिवारी विनय मिश्रा, प्रमोद शुक्ला, अरविंद कुमार, राजीव अग्निहोत्री, बृजेश दुबे, बृजेश दीक्षित, विनीत मिश्र आदि रहे।

# टीकाकरण से मातृ-शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण संभव- डीआईओ

- टीकाकरण को लेकर जनपदवासियों के नजरिये में आया साकारात्मक बदलाव

**कानपुर नगर**




टीका हर साल लाखों लोगों की जान की रक्षा करता है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती का एक मजबूत स्तंभ है। कहा जाता है कि हर वो बच्चा जीवनरक्षक टीकों तक पहुंच का हकदार है जो उन्हें बीमारी, विकलांगता व मृत्यु से बचा सकता है। गर्भवती माताएं और उनके होने वाले शिशु को कई गंभीर रोगों के प्रभाव से मुक्त रखने में आज रोग रोधी टीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ यूबी सिंह का कहना है कि टीकाकरण मातृ-शिशु मृत्यु संबंधी मामलों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने का एक मजबूत विकल्प है। उनका कहना है कि शिशु मृत्यु दर के प्रमुख कारणों में कई ऐसी बीमारियाँ हैं। जिनको नियमित टीकाकरण के माध्यम से रोका जा सकता है। लेकिन इन सभी टीकों का सही समय पर दिया जाना भी महत्वपूर्ण है। ताकि बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सके। टीकाकरण बच्चों को बहुत सारे रोगों से बचाता है। बच्चों में होने वाले पोलियो, टीबी, खसरा एवं रूबेला, निमोनिया, डायरिया, हैपेटायटीस-बी, गलाघोंटू, काली खांसी, दिमागी बुखार एवं टीटनेस जैसे कई गंभीर रोगों से टीकाकरण बचाव करता है एवं शिशु मृत्यु दर में काफ़ी कमी लाता है। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व भर में गंभीर संक्रामक रोगों से लगभग 20 लाख से 30 लाख शिशुओं की मौत हो जाती है, जिसे सम्पूर्ण टीकाकरण के माध्यम से आसानी से रोका जा सकता है। इसे ही ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष 10 नवम्बर को विश्व टीकाकारण दिवस मनाया जाता है।

# बाइक टकराने के बाद घायल युवक के ऊपर से निकल गए मवेशी, मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

रुपऊ-सुदेशाबहादुर के बीच पुलिया के पास छुट्टा मवेशी से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। हादसे के बाद सड़क पर गिरे युवक के ऊपर से कई मवेशी गुजर गए, जिससे उसकी मौत हो गई। साथी को कानपुर रेफर किया गया है। माखी थानाक्षेत्र के सुदेशा बहादुरपुर निवासी लवकुश (24) मजदूरी करता था। शनिवार शाम छह बजे रुपऊ में मजदूरी कर गांव के साथी शिवप्रसाद (26) के साथ बाइक से घर जा रहा था। रुपऊ-सुदेशाबहादुर मार्ग पर पड़ने वाली पुलिया के पास छुट्टा मवेशी से बाइक टकरा गई। घटना में दोनों सड़क पर गिर गए, तभी लवकुश के ऊपर से कई मवेशी निकल गए। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने लवकुश को मृत घोषित कर दिया। शिवप्रसाद को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में महादेवी वर्मा वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में मंडल स्तरीय महीयसी महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया गया। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर की छात्रा कु.आयुषी त्रिपाठी ने पक्ष में एवं कु. दिव्यांशी त्रिपाठी ने विपक्ष में प्रथम स्थान अर्जित किया। द्वितीय स्थान हेतु बी.एन.एस.डी. शिक्षा निकेतन बेनाझाबर की छात्रा कु.उन्नति सिंह पक्ष में एवं कु.राशी अवस्थी विपक्ष में चयनित हुईं। इसी प्रकार अशोक कुमार इंटर कॉलेज कन्नौज की छात्रा कु.रीति शुक्ला पक्ष में एवं कु.अंशिका शर्मा विपक्ष में तृतीय स्थान की विजेता के रूप में चयनित हुईं। प्रतियोगिता की निर्णायक के रूप में प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज भौंती कानपुर नगर डॉ. ममता यादव, प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज भौंती कानपुर नगर श्रीमती पूनम सिंह एवं प्रधानाध्यापिका-राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदले सिमनापुर कानपुर नगर श्रीमती नीलिमा सक्सेना उपस्थिति रहीं। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य-राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज कानपुर डॉ. संजय यादव के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता की नोडल प्रभारी श्रीमती संगीता सिंह (प्रधानाध्यापिका-राजकीय हाई स्कूल जहांगीराबाद) एवं डॉ.किरन प्रजापति (प्रधानाध्यापिका-राजकीय हाई स्कूल बैकुंठपुर) उपस्थित रहीं।

# श्री राम सार्वजनिक सेवा समिति द्वारा राम कथा का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



श्रीराम सार्वजनिक सेवा समिति वाई ब्लाक/पशुपतिनगर कानपुर द्वारा आयोजित एकादश श्री राम कथा महोत्सव के चतुर्थ दिवस रामायणी कुटी चित्रकूट से पधारे श्री श्री 108 रामहृदय दास जिज्ञासु जी महाराज द्वारा अहिल्या उद्धार प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

कथा में उन्होंने कहा कि अहिल्या गौतम ऋषि की पत्नी थी। गौतम ऋषि व ऋषि रानी आश्रम बनाकर निवास करते थे। उनका सिर्फ एक ही उद्देश्य था कि सब सुखी बने सभी यशस्वी बने। वह भक्ति भाव लीन रहते थे। उनके भजन भाव से देवराज इन्द्र को भय हुआ। इसी ईर्ष्या से उन्होंने स्वयं गौतम ऋषि का वेश धारण कर माता अहिल्या के कुटिया में जाकर छुप गए। जब गौतम ऋषि गंगा स्नान के लिए चले गए तब देवराज इन्द्र ने छल पूर्वक उनकी पत्नी अहिल्या के मातृत्व को नष्ट कर दिया। ऋषि पत्नी को लगा कुछ गलत हुआ है। पर कुछ कह ना सकी। गौतम ऋषि को जब आभास हुआ कि अभी तो अर्द्धरात्रि है, तो वह समझ गए कि कुछ गड़बड़ है। आश्रम में आकर अहिल्या से पूछा तो कुछ बोल न सकी। गौतम ऋषि अपने योगबल से समझ गए कि देवराज इन्द्र ने छल किया है। तब गौतम ऋषि ने अहिल्या को श्राप जा तू पत्थर की शिल बन जाओ। बहुत सालों बाद प्रभु अपनी चरण रज से अहिल्या का उद्धार कर दिया। तब अहिल्या ने भगवान श्री राम को प्रणाम कर अपने पति लोक को प्रस्थान कर गई। प्रमुख रूप से राजेन्द्र सिंह चौहान, देवेश द्विवेदी, लाला अग्निहोत्री, अशोक मिश्रा, मोनू पांडेय, राधे शिवहरे, विवेक बाजपेई, अजय अग्निहोत्री, देवेंद्र भदौरिया, मुन्ना गुप्ता, हितेश तिवारी, विवेक द्विवेदी, जगत नारायण तिवारी, राम कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे।

# बहनोई से पैसे का था लेनदेन दरोगा ने किया परेशान, युवक ने मौत को लगाया गले

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



जाजमऊ के रहने वाले एक युवक ने ट्रेन से कट कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक की पहचान दानिश खान के रूप में हुई है। पुलिस को शव के पास से तीन पाने का सुसाइड नोट बरामद हुआ है। इस सुसाइड नोट में मृत्यु युवक ने एक दरोगा और अपने बहनोई पर प्रताड़ित करने का आप लगाया है। वही परिवार वालों की माने तो युवक ने दरोगा और बहनों से परेशान होकर ही सुसाइड की घटना को अंजाम दिया है।

सूत्रों के मुताबिक दानिश खान उम्र 30 वर्ष ट्रेडिंग का काम किया करता था। शुक्रवार को वह माल रोड स्थित शिवनारायण टंडन पुल पहुंचा। देखने वालों ने बताया कि युवक 1 घंटे तक पुल पर टहलकर किसी से बात कर रहा था। इसके बाद ट्रेन आने के समय वह पटरी पर जाकर लेट गया। ट्रेन दानिश के ऊपर से होकर गुजर गई घटना में दानिश की गर्दन धड़ से अलग हो गई थी। दानिश की मां रईसा बेगम के मुताबिक दानिश के परिवार में दो भाई लवी वह फहीम खान और दो बहने नाजिया और अंजुम बेगम है। दानिश के पिता अब्दुल रफीक का काफी पहले निधन हो चुका है। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है लवी खान सऊदी में काम करता है। लेवी ने बताया कि अंजुम की शादी सरताज अहमद के साथ की गई थी। सरताज और दानिश मिलकर ट्रेनिंग का काम करते थे। वह दोनों सालों पहले मीरपुर कैंट में रहते थे। वह जमीन मस्जिद की थी। तो मस्जिद प्रशासन की तरफ से उन्हें एक फ्लैट अशरफाबाद जाजमऊ में दे दिया गया था। 2 साल पहले हालात कुछ ऐसे बने की फ्लैट को बेचना पड़ा। लवी के मुताबिक इधर बहनों ही सरताज बहन को छोड़ने की धमकी दे रहा था।

इस कारण माने उसे चार लाख रुपए दिए थे। वही दानिश ने भी व्यापार के सिलसिले में सरताज को 3 लाख रुपए दिए हुए थे। इन्हीं रूपों का लेनदेन था जिसको लेकर दानिश ने आत्महत्या की है।

# मुर्दे ने बैंक से लिया तीस लाख का लोन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




कोतवाली क्षेत्र में मृत व्यक्ति को जिंदा दिखाकर बैंक से उसके नाम पर 30 लाख रुपये का लोन लेने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मीरपुर कैंट निवासी एक कारोबारी ने लोन लेने के लिए अधिकारियों को गुमराह कर मर चुके व्यक्ति की आईडी पर अपनी फोटो लगा दी। खाता एनपीए होने पर बैंक ने जब आंतरिक जांच कराई तो धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बैंक ऑफ इंडिया की मेस्टन रोड शाखा के प्रबंधक रजत दुग्गल ने बताया कि मीरपुर कैंट निवासी मेसर्स हिना ट्रेडर्स के प्रोपराइटर मेहरुद्दीन ने राम चंद्र गुप्ता बनकर साल 2013 में बैंक से 30 लाख का लोन (कैश क्रेडिट) लिया। खाता 2022 में एनपीए हो गया। लिमिट में राम चंद्र ने शांतिनगर कैंट के केडीए से पट्टे पर ली गई ई-ब्लॉक योजना 2 किदवई नगर के पते वाले घर के दस्तावेज दिए। दुग्गल ने बताया कि लोन अकाउंट में दस्तावेजों के रिन्यूवल के दौरान राम चंद्र बनकर बैंक आकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी करते रहे। खाता एनपीए होने के बाद जब बैंक ने अंदरूनी जांच की तो पता चला कि गुप्ता की 12 मई 2012 को ही मृत्यु हो चुकी है। इसका प्रमाण पत्र भी बैंक को मिल गया। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि गुप्ता के स्थान पर कोई और आकर बैंक में हस्ताक्षर करता था। यही नहीं जिस प्लॉट की लीज डीड बैंक में दाखिल की गई थी वह पहले ही राम चंद्र गुप्ता के वारिसों के नाम पर फ्री होल्ड हो चुकी है। लोन अकाउंट में लगाए गए सभी दस्तावेज भी फर्जी हैं। जानकारी के बाद बैंक मैनेजर ने इसकी शिकायत थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर तक की। सुनवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई।

इसके बाद कोतवाली पुलिस ने कारोबारी और उसकी फर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# ताइक्कांडो में खिलाड़ियों ने विरोधी को चित्त कर जीते पदक

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में 18वीं इंटर स्कूल ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन कमलानगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के 250 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल की प्रिंसिपल भावना गुप्ता, सीनियर वाइस प्रिंसिपल कविता चड्ढा, विभा त्रिवेदी ने दीप जलाकर किया। यहां पर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक चौरसिया, उपाध्यक्ष दिनेश दीक्षित, अविनाश चंद्र द्विवेदी, सचिव सत्येंद्र सिंह यादव, बलराम यादव, प्रदीप सिंह चौहान, प्रयाग सिंह, अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता राम गोपाल बाजपेई, सुशांत गुप्ता, दीपक गौड़ आदि रहे।

कानपुर सुपर प्रीमियर लीग (केएसपीएल) में शनिवार को पांच मैच हुए। पहले मैच में कानपुर वाल्वोज ने 25 ओवर में चार विकेट पर 186 रन बनाए। जवाब में फ्लाईंग ईगल की पूरी टीम 22.2 ओवर में 107 रन पर सिमट गई। कानपुर वाल्वोज ने 79 रन से मैच जीत लिया। पांच विकेट लेने वाले कानपुर वाल्वोज के दीपक कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में राष्ट्रीय क्रिकेट मैदान पर वी डेंटल ने 25 ओवर में नौ विकेट पर 201 रन बनाए। जवाब में डी वॉरियर्स की पूरी टीम 19 ओवर में 125 रन पर सिमट गई और वी डेंटल ने 76 रन से मैच जीता।

## दुधमुंही बच्ची को जलते चूल्हे में फेंकने वाली मां गई जेल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** हैवानियत की हद पार कर छह दिन की दुधमुंही बच्ची को जलते चूल्हे में फेंकने वाली मां के खिलाफ ससुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बच्ची की हालत गंभीर है। उसका लखनऊ के सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। आसीवन थानाक्षेत्र के गांव कायमपुर निबरवारा निवासी रोशनी पत्नी सोनू ने दो नवंबर को बच्ची को जन्म दिया था। शुक्रवार शाम सात बजे दुधमुंही बच्ची के रोने पर रोशनी ने जलते चूल्हे में फेंक दिया था। गंभीर रूप से झुलसी बच्ची को पिता मियागंज स्वास्थ्य केंद्र लाया था। वहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया था। मां की हैवानियत की खबर पहुंचते ही थाना पुलिस आरोपी महिला के घर पहुंची और जांच की।

# न कोई सुनने वाला और न बोलने वाला जिम्मेदार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में सुनने और बोलने में असमर्थ लोगों के इलाज के लिए अखिल भारतीय वाक एवं श्रवण संस्थान के शिलान्यास के दस महीने बाद इसके निर्माण के लिए अधिकारी भूल गए। इस पर न तो कोई जिम्मेदार बोलने वाला है और न ही सुनने वाला है। खुद अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने इसकी जानकारी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने की कोशिश की] लेकिन मसला हल नहीं हो सका। इसके बाद सांसद ने शिकायत केंद्र सरकार से की। अब उन्हें आश्वासन मिला है कि जनवरी 2025 में इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी।

यह उत्तर भारत का पहला संस्थान बनेगा जहां पर नए डॉक्टरों को ट्रेनिंग देने के साथ प्रतिवर्ष 15 हजार मरीजों का इलाज होगा। संस्थान में स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट होंगे। ये आधुनिक उपकरणों से इलाज करेंगे और उपचार के नए-नए तरीकों की खोज के लिए शोधकार्य भी होंगे। कल्याणपुर ब्लॉक के पनकी भाऊपुर के बीच सुरार में बनने वाले अखिल भारतीय वाक एवं श्रवण संस्थान का जनवरी 2024 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने वर्चुअल तरीके से शिलान्यास किया था।

## निर्माण में देरी की हो चुकी है कई बार शिकायत

25 एकड़ में 180 करोड़ के बजट से भवन का निर्माण किया जाना है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को इसका नोडल बनाया गया है, लेकिन कॉलेज प्रशासन के पास भी इसकी प्रगति रिपोर्ट नहीं आई है। वहीं, इसके निर्माण में देरी की शिकायत पिछले दस महीनों में तीन बार अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले केंद्र सरकार से कह चुके हैं। संस्थान में हकलाना, सुनने और बोलने में अक्षम, बहरेपन, कम सुनाई देना, कान के संक्रमण, ऑटिज्म, डाउन सिंड्रोम आदि का इलाज होगा। भवन निर्माण के लिए अब तक पांच बार टेंडर प्रक्रिया हुई है, लेकिन अंतिम रूप अभी तक नहीं मिल पाया है। इसकी कोई अपडेट जानकारी नहीं मिलने पर हमने इसकी शिकायत केंद्र सरकार से की है, और हमें आश्वासन मिला है

# कानपुर में नीट छात्रा से रेप वाले मामले में आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में नीट की तैयारी करने वाली छात्रा से रेप के आरोपी दो टीचरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों टीचर काकादेव कोचिंग मंडी में नेट की तैयारी करने की कोचिंग पढ़ाया करते थे। यही कोचिंग में पढ़ने के दौरान छात्रा टीचर साहिल सिद्दीकी और विकास पोरवाल के संपर्क में आई इसके बाद दोनों ने उसे 6 माह तक बंधक बनाकर उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया।

सूत्रों के मुताबिक साहिल सिद्दीकी वही टीचर है जिस पर अक्टूबर महीने में भी एक छात्रा से बेड टच करने का आरोप लगा था। इस मामले का वीडियो भी सामने आया था। अब फतेहपुर जिले की रहने वाली छात्रा ने साहित्य के अलावा विकास पोरवाल पर रेप का आरोप लगाया है। छात्र ने अपने बयान में बताया कि साहिल बहुत ही गंदा व्यक्ति है। ऐसे व्यक्ति टीचर कहलने के योग्य नहीं है। साहिल सिद्दीकी ने मेरा पूरा करियर चौपट कर दिया। उसने मुझे धमकी देकर केमिस्ट्री टीचर विकास पोरवाल से भी रेप करवाया। मुझे अपने फ्लैट पर भी रखा बाहर निकलना तक बंद कर दिया मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई। मैंने कई बार सुसाइड की कोशिश भी की लेकिन नाकाम रही।

### मेरे एंबीशन डॉक्टर बनने के थे लेकिन मुझे क्या बना दिया

छात्र ने बताया कि मैं फतेहपुर की रहने वाली हूं घर वाले मुझ पर बहुत भरोसा करते थे। मम्मी पापा और मेरा सपना डॉक्टर बनने का था। मैं नवंबर 2021 में कानपुर आई थी। यह नीट की तैयारी के लिए कोचिंग में एडमिशन लिया था। पहले एक रिश्तेदार के यहां रुकी इसके बाद कोचिंग के पास ही गर्ल्स हॉस्टल में रहने लगी। मेरे साथ ऐसा होगा मैंने कभी भविष्य में भी नहीं सोचा था। मेरा फोकस सिर्फ और सिर्फ मेरी पढ़ाई पर रहता था। इसलिए कोचिंग टीचर जो कुछ भी कहते सब कुछ मानती रही।

### साहिल सिद्दीकी मुझे बायो की कोचिंग देता था

कोचिंग में साइंस सिद्दीकी मुझे बायो पढ़ता था वह सभी स्टूडेंट से फ्रेंडली होकर बात करता था। सभी से कहता था कि दुनिया बदल गई है। खुलकर बात किया करो बायो ऐसा सब्जेक्ट है। जिसके लिए शर्म और हिचक छोड़नी होगी। उसने सभी पर विश्वास जमा कर रखा हुआ था। ऐसा ही कुछ केमिस्ट्री टीचर विकास पोरवाल का भी कहना था। साहिल और विकास के बीच दोस्ती गहरी होने के वजह से इन दोनों ने स्टूडेंट को अपने नंबर भी दे रखे हुए थे। कोचिंग के बाहर मिल जाते तो चाय के लिए ऑफर करते थे। इतना ही नहीं हंसी मजाक करने में भी दोनों टीचर नहीं पीछे रहते थे।

### न्यू ईयर पार्टी में दिखा दोनों टीचरों का असली चेहरा

छात्रा बयान देते देते रोने लगी और बोली 2022 का साल मुझे मरते दम तक याद रहेगा। वह न्यू ईयर की पार्टी तो मैं कभी नहीं भूल सकती हूं। न्यू ईयर को बीते एक दिन हुआ था। 2 जनवरी को दिन में मेरे पास सहायक सिद्दीकी का फोन आया। उसने मुझे कहा आज शाम 6.00 से 9.00 के बीच मेरे फ्लैट पर पार्टी है। तुम्हारे बैच के स्टूडेंट भी वहां पर मौजूद रहेंगे। अगर तुम कहो तो तुम्हें लेने के लिए किसी को भेज दूं। तब मैं साहिल से कहा कि आप मुझे अपनी लोकेशन भेज दीजिए। मैं ऑनलाइन कैब लेकर आ जाऊंगी। उसने मुझे मकड़ी खेड़ा स्थित फ्लैट का पता बताया। यह फ्लैट साहित्य की का नहीं उसके दोस्त का था। जहां पर मेरे साथ यह सारी घटना हुई थी। इसके बाद लगातार कई वर्षों तक यह लोग मेरे साथ इसी तरह घटा को अंजाम देते रहे। 6 महीने तक बंधक बनाया नशा करवाते रहे और पैसा छीन लेते थे। अब मैं अंदर से मर चुकी हूं मैं केवल सुसाइड करना चाहती हूं। आपको बता दे काका डी में कोचिंग पढ़ने वाले शिक्षक साहिल सिद्दीकी का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी एक छात्रा के सात अश्लीलता करने और बाथरूम में ले जाने का सीसीटीवी वायरल हुआ था। इस मामले में कोचिंग संचालक ने तब शाहिद सिद्दीकी के खिलाफ काकडे उठाने में एफआईआर दर्ज कराई थी इसके बाद उसे अरेस्ट करके जेल भेजा गया था। लेकिन छात्र शिकायत देने से मुकर गई इस वजह से वह बच गया था। लेकिन अब पुलिस ने इस प्रकरण में संगीत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# पाकिस्तान की राह पर कनाडा?

**जायसवाल ने कहा कि हम ब्रैम्पटन, ओंटारियो में हिन्दू सभा मन्दिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों की ओर से की गई हिंसा की निंदा करते हैं। इस बीच ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने भी एक कड़ा बयान जारी कर हिन्दू सभा मन्दिर पर भारत विरोधी तत्वों की ओर से किए गए हमले की निंदा की। कनाडा में भारत विरोध में जो कुछ हो रहा है उसकी पृष्ठभूमि तो दशकों पहले से तैयार हो रही थी, इस बात का पता कैप्टन अमरेन्द्र सिंह जो पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री हैं, उनके ब्यान से होता है। कै. अमरेन्द्र सिंह लिखते हैं 'कुछ वर्ष पूर्व जब मैं पंजाब का मुख्यमंत्री था, मैं उस देश में सिख उग्रवाद के प्रति कनाडा के दृष्टिकोण से अवगत था।**

*कनाडा में जिस तरीके से खालिस्तानी अलगाववादियों व आतंकी तत्वों को खुल कर मनमानी करने का अधिकार मिलता जा रहा है और इस पर वहां की सरकार मौन साधे बैठी है उससे लगने लगा है कि दुनिया में पाकिस्तान के बाद कनाडा ऐसा देश है जो आतंकवाद को आतंकवाद को अपनी स्टेट पॉलिसी में शामिल करता जा रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थों की खातिर कनाडा की ट्रुडो सरकार 'गुड टेरोरिज्म-बैड टेरोरिज्म' का भेद करने की गलती कर रही है। कनिष्क विमान जैसी भयंकर आतंकी हमले की तपिश झेल चुके कनाडा को बहुत ही जल्द खालिस्तानी आतंकी भस्मासुर बने नजर आ सकते हैं, क्योंकि पाकिस्तान इसकी उदाहरण है कि दूसरों के घरों चिंगारी फेंकने वालों के खुद के घर में आग कैसे लगती है। कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं और इससे वहां रह रहा भारतीय समुदाय विशेषकर हिन्दू समाज इससे सर्वाधिक पीड़ित नजर आरहा है। तीन नवम्बर को वहां ब्रैम्पटन के मन्दिर में खालिस्तान के समर्थकों द्वारा हिन्दू मन्दिर में घुसकर लोगों के साथ हिंसा की गई। वहां परिवार सहित आए निहत्थे लोगों पर खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों ने लाठियां बरसाईं और आरोप है कि पुलिस के कुछ जवानों ने भी हिंसक भीड़ का साथ दिया। कनाडा में हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इसी वर्ष जुलाई में एडमॉण्टन में स्वामीनारायण मन्दिर में तोडफ़ोड़ की गई थी। मन्दिर के गेट और पीछे की दीवार पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक पोस्टर चिपका दिए गए थे। इस पर आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की तस्वीर भी लगी थी। सरी वेंकुवर का लक्ष्मी नारायण मन्दिर ब्रिटिश कोलम्बिया प्रांत का सबसे पुराना और सबसे बड़ा हिन्दू मन्दिर है। यहां भी पिछ्ले साल तोडफ़ोड़ हुई थी। 2023 में विण्डसर में एक हिन्दू मन्दिर को क्षतिग्रस्त किया गया था, जिसकी व्यापक निन्दा हुई और कनाडाई और भारतीय दोनों अधिकारियों ने कार्रवाई की मांग की थी। इसी साल जनवरी में वहां गौरीशंकर मन्दिर में तोडफ़ोड़ की गई। जनवरी में ही भगवान जगन्नाथ मन्दिर में भी तोडफ़ोड़ की गई। मिसिसागा हिन्दू हेरिटेज में मुख्य कार्यालय व दानपेटी में तोडफ़ोड़ की गई। जुलाई में रिचमण्ड हिल व महात्मा गांधी जी की प्रतिमा में तोडफ़ोड़ की। पिछले साल अक्तूबर में डरहम में तीन हिंदू मंदिरों में तोडफ़ोड़ की गई। दिसम्बर 2023 में वेंकुवर में लक्ष्मी नारायण मन्दिर के प्रधान श्रीशेष के घर पर 14 गोलियां बरसाई गईं। लक्ष्मी नारायण मन्दिर के बाहर रास्ता बन्द कर तनाव पैदा किया गया। पिछले साल ही दिसंबर में किचनर के राम धाम मन्दिर में तोडफ़ोड़ की गई। वेंकुवर में नवरात्रों पर मन्दिर में चल रहे कार्यक्रम में खलल डालने की कोशिश, खालिस्तानियों ने मन्दिर के बाहर नारे लगाए। इस साल जनवरी में ब्रैम्पटन में हिन्दू मन्दिर की दीवार पर भारत विरोधी नारे लिखे गए। फरवरी में ओकविले में श्री वैष्णो देवी मंदिर में तोडफ़ोड़ की गई। कनाडा के हिन्दुओं पर खालिस्तानियों के इस हमले की पूरी दुनिया में निंदा हो रही है। कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने इस हमले को लेकर कहा है कि अब खालिस्तानियों ने हद पार कर दी है। वहीं, कनाडा के बीसी में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। हिन्दू समुदाय के लोग सडक़ों पर आए और कनाडा सरकार व खालिस्तानियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। बीसी की पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों का टकराव भी हुआ, रोचक बात है कि खालिस्तानी हमलावरों का साथ देने वाली कनाडा पुलिस ने यहां पर कई हिन्दुओं को घसीटकर न केवल पीटा बल्कि उठाकर गाडिय़ों में ले गए। भारत सरकार ने ब्रैम्पटन में खालिस्तानी झंडे लेकर आये प्रदर्शनकारियों की ओर से एक हिन्दू मन्दिर में लोगों के साथ की गई हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा की है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**घाटी के राजनीतिक दलों को वहां के अवाम के हित में सोचना चाहिए। क्योंकि अनुच्छेद 370 के खत्म होने से राज्य का कोई नुकसान हुआ, ऐसा नहीं दिखता। इसलिए जम्मू-कश्मीर को अब ऐसी राजनीति की जरूरत है, जो विशेष दर्जे से इतर तरक्की का नया खाका खींचे। अनुच्छेद 370 का खत्म होना इसलिये ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि वहां के लोगों ने साम्प्रदायिकता, राष्ट्रीय-विखण्डन, आतंकवाद तथा घोटालों के जंगल में एक लम्बा सफर तय करने के बाद अमन-शांति, सौहार्द एवं विकास को साकार होते हुए देखा है। उनकी मानसिकता घायल थी तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है।**

# विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव अंधेरों की आहट



**ललित गर्ग**

**वहां विकास एवं जनकल्याण के काम तेजी से हो रहे हैं, न केवल विकास योजनाएं आकार ले रही है, बल्कि वहां शांति एवं सौहार्द का वातावरण बना है, आतंकवादी घटनाओं पर भी नियंत्रण किया जा सका है। मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर के विकास को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया है। देश के साथ दुनिया को यह संदेश दिया गया कि कश्मीर में किसी का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं, कश्मीर भारत का ताज है।**

नेशनल कॉन्फ्रेंस एवं उमर अब्दुला सरकार ने सदन में अपने बहुमत का लाभ उठाते हुए बुधवार को बिना अनुच्छेद 370 की पुर्नबहाली शब्द का इस्तेमाल कर, विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव तीखी झड़पों, हाथापाई, लात-घूंसे एवं शोरशराबे के बीच ध्वनिमत से पारित करा, साबित कर दिया है, वह पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ इस होड़ में पीछे रहने के मूड में नही है। ऐसा लगता है कि जम्मू कश्मीर में अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति फिर से परवान चढ़ने लगी है, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बर्बादी की तरफ धकेलने की कुचेष्टाएं प्रारंभ हो गयी है। इस पारित प्रस्ताव में केंद्र सरकार से कहा गया है कि वह विशेष दर्जा वापस देने के लिए राज्य के प्रतिनिधियों से बातचीत करे। बुधवार को नवगठित राज्य विधानसभा में जब यह प्रस्ताव उप-मुख्यमंत्री सुरिंदर सिंह चौधरी ने पेश किया, तभी यह स्पष्ट हो गया था कि चौधरी का चयन ही इसलिए किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश न कर सके। लेकिन भाजपा ने एक विधान एक निशान और राष्ट्रवाद के प्रति अपनी संकल्पबद्धता को दोहराते हुए इस प्रस्ताव का विरोध कर बताया कि वह प्रत्यक्ष तो क्या परोक्ष तौर पर भी किसी को घड़ी की सुइयां पीछे मोढ़ने की अनुमति नहीं देगी। जब तक केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार है, कोई भी अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस नहीं ला सकता। अनुच्छेद 370 एक मरा हुआ सांप है, जिसे वह एक गले से दूसरे गले में डाल, जहर, आतंक एवं हिंसा फैलाने के षडयंत्र को सफल नहीं होने देगी। कश्मीर के नेताओं को समझना ही होगा कि पूरे भारत में अनुच्छेद 370 को लेकर जैसा जनमानस है, उसे देखते हुए अनुच्छेद 370 की वापसी असंभव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की धरती पर अनेक सकारात्मक स्थितियां उद्घाटित हुई है, विशेषतः लोकतंत्र को जीवंतता मिली है, वहां की अवाम ने चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, शांति एवं विकास से इस प्रांत में एक नई इबारत लिखी जाने लगी है। जम्मू-कश्मीर हमारे देश का वो गहना है जिसे जब तक सम्पूर्ण भारत के साथ जोड़ा नहीं जाता, वहां शांति, आतंकमुक्ति एवं विकास की गंगा प्रवहमान नहीं होती, अधूरापन-सा नजर आता रहा है। इसलिए इसे शेष भारत के साथ हर दृष्टि से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण है और यह कार्य मोदी एवं उनकी सरकार ने करके एक नये सूरज को उदित किया है, अब उस सूरज को अस्त नहीं होने दिया जायेगा। बड़ी जद्दोजहद से वहां एक नया दौर शुरू हुआ है, अब इस सुनहरे एवं उजले दौर को स्वार्थी एवं सत्ता की अलगाववादी एवं विघटनकारी राजनीति की भेंट नहीं चढ़ने देना चाहिए। भारत की महानता उसकी विविधता में है। साम्प्रदायिकता एवं दलगत राजनीति का खेल, उसकी विविधता में एकता की



**नेशनल कान्फ्रेंस को लगता है कि विशेष दर्जे के मुद्दे से कुछ लोगों के तार भावनात्मक रूप से जुड़े हैं, इसलिए ज्यादा अतिवादी रूख अपनाकर इसका कुछ राजनीतिक फायदा उठाया जा सकता है। दोनों ही प्रमुख दल इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की होड़ लगाते हुए दिख रहे हैं।**

पीठ में छुरा भोंकता रहा है, घाटी उसकी प्रतीक बनकर लहूलुहान रही है। जब हम नये भारत-सशक्त भारत बनने की ओर अग्रसर हैं, विश्व के बहुत बड़े आर्थिक बाजार बनने जा रहे हैं, विश्व की एक शक्ति बनने की भूमिका तैयार करने जा रहे हैं, तब हमारे मस्तक के ताज जम्मू-कश्मीर को जाति, धर्म व स्वार्थी राजनीति से बाहर रखना सबसे बड़ी जरूरत है। इसी दिशा में घाटी को अग्रसर करने में मोदी सरकार के प्रयत्न सराहनीय एवं स्वागतयोग्य रहे हैं। घाटी की कमजोर राजनीति एवं साम्प्रदायिक आग्रहों का फायदा पडोसी उठा रहे हैं, जिनके खुद के पांव जमीन पर नहीं वे आंख दिखाते रहे हैं। अब ऐसा न होना, केन्द्र की कठोरता एवं सशक्तीकरण का द्योतक हैं। कश्मीर के तथाकथित राजनीतिक कर्णधारों! अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति छोड़ो। अगर तेवर ही दिखाने हैं तो देश के दुश्मनों को दिखाओ, पडौसी देश के मनसूबों को निस्तेज करों। अतीत की राजनीतिक भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना, जम्मू-कश्मीर की चुनी हुई सरकार का संकल्प होना चाहिए। विशेष राज्य का दर्जा पाने के मसले पर नेशनल कॉन्फ्रेंस जहां खड़ी है, पीडीपी उससे दो कदम आगे रहना चाहती है। ऐसे करके नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी सरीखे दल यहां अलगाववाद और एक वर्ग विशेष की तुष्टिकरण की राजनीति को जारी रखना चाहते हैं, वह यहां फिर से अलगाववाद को पैदा करना चाहते हैं, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बर्बादी की तरफ धकेलना चाहते हैं, तभी अनुच्छेद 370 की बहाली का प्रस्ताव लाये हैं। जबकि अनुच्छेद 370 के हटने से घाटी में एक उजाला अवतरित हुआ है, अब फिर से घाटी को अंधेरों से नहीं घिरने देना चाहिए। भले ही नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर का चुनाव ही इसी घोषणा के साथ लड़ा और जीता है कि वह भारतीय संविधान में राज्य को उसका विशेष दर्जा वापस दिलाएगी। इसीलिये नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सत्ता में आते ही पहला काम यही किया और विधानसभा ने राज्य को विशेष दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव पारित कर दिया। नेशनल कान्फ्रेंस को लगता है कि विशेष दर्जे के मुद्दे से कुछ लोगों के तार भावनात्मक रूप से जुड़े हैं, इसलिए ज्यादा अतिवादी रूख अपनाकर इसका कुछ राजनीतिक फायदा उठाया जा सकता है। दोनों ही प्रमुख दल इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की होड़ लगाते हुए दिख रहे हैं। तभी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी थी कि यह पीडीपी का केवल प्रचार स्टंट है और उसके विधायक सिर्फ कैमरे के आगे आने के लिए यह सब कर रहे हैं। मगर उमर अब्दुल्ला जो बात पीडीपी के लिए कह रहे हैं, वही शायद उनके लिए भी कही जा सकती है, वरना वह भी यह जानते हैं कि 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के जिस अनुच्छेद 370 को खत्म किया गया था, उसकी वापसी अब इतनी आसान नहीं है। वैसे भी, इतना तो उन्हें पता ही होगा कि सिर्फ विधानसभा में प्रस्ताव पारित हो जाने भर से अनुच्छेद 370 वापस आने वाला नहीं है। फिर इस समय केंद्र में भाजपा सरकार है, जो किसी भी तरह से इस पर विचार करने के मूड में नहीं है। उसकी नजर में यह एक कागज का टूकड़ा है, जो बिना विचार के रद्दी की टोकड़ी में ही जाने वाला है। अनुच्छेद 370 को लेकर कश्मीर की जनता और राजनेताओं, दोनों को समझना ही होगा कि 70 साल तक विशेष दर्जा होने के बावजूद इससे राज्य का कोई बहुत भला नहीं हुआ। देश की मूल धारा से कटकर यह प्रांत अंधेरों से घिरा रहा है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 20:56 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 10:49 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | ध्रुव, 25:34 |
| सूर्योदयः | 06:44 |
| सूर्यास्तः | 17:26 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 16:06-17:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### खूब हो रही बैठक !

*चिंतन मंथन चल रहा ।*
*हो कैसे सुधार ?*
*रूठ गई है जनता ।*
*ना करती उपकार ।।*
*कायाकल्प हो पुनः ।*
*है ऐसा प्रयास ।।*
*जनता को नहीं आया पर ।*
*कार्यशैली रास ।।*
*खूब हो रही बैठक ।*
*नहीं निकलता हल ।।*
*ले रहे संकल्प ।*
*उत्तम करना कल ।।*
*कहां हो रही ग़लती ।*
*नहीं समझ ये आया ।।*
*है लेकिन ये सत्य ।*
*हो रहा सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ज्यादा मूंगफली खाने से सेहत पर पड़ता है बुरा असर



**मौसम** में धीरे-धीरे बदलाव होने लगा है। हल्की सर्द हवाएं चलने लगी हैं। इन दिनों लोग मूंगफली खाने का खूब मजा उठाते हैं। खासकर, महिलाओं की बात करें, तो वे बस में ट्रैवल करते हुए, किसी के साथ गप्पे लड़ाते हुए या टीवी देखते हुए मूंगफली खाना पसंद करती हैं। कुछ महिलाएं इसका सेवन काफी ज्यादा मात्रा में कर बैठती हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि मूंगफली का सेवन अतिरिक्त मात्रा में नहीं किया जाना चाहिए। इसका आपके स्वास्थ्य पर निगेटिव असर पड़ सकता है। जी, हां! यह सच है।

**वजन बढ़ सकता है:** हालांकि, ज्यादातर लोगों के मन में यही सवाल उठता है कि भला मुट्ठीभर मूंगफली खाने से किसका वजन बढ़ सकता है? लेकिन आपको बता दें कि मुट्ठीभर मूंगफली में 170 कैलोरी पाई जाती है। एनएचएस में प्रकाशित लेख केअनुसार पुरुषों को प्रतिदिन 2500 कैलोरी और महिलाओं को 2000 कैलोरी चाहिए होती है। ऐसे में अगर कोई काफी ज्यादा मात्रा में मूंगफली का सेवन करता है, तो वह अंजाने में रोजाना की जरूरत से ज्यादा का कैलोरी का इनटेक कर सकता है। ऐसे में वजन बढ़ने की आशंका बनी रहती है।

**मिनरल्स का अवशोषण का बाधित होना:** मूंगफली में फाइटिक एसिड नाम का एक कंपाउंड होता है। इसके कई तरह के फंक्शन होते हैं। यह ज्यादातर पौधों में पाया जाता है, जिसका काम फास्फोरस को स्टोर करना होता है। इसके अलावा, यह नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट्स है। लेकिन, अगर आप फाइटिक एसिड का सेवन अधिक मात्रा में कर बैठते हैं, तो इसकी वजह से बॉडी में मिरनल्स जैसे जिंक, कैल्शियम, मैग्नीशियम, क्रोमियम आदि का अवशोषण बाधित होने लगता है। यही कारण है कि विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि मूंगफली में सीमित मात्रा में ही खाएं। अतिरिक्त मात्रा में खाने से यह फायदे के बजाय नुकसान पहुंचा सकती है।

**ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है:** वैसे तो मूंगफली में नेचुरल नमक नहीं होता है। लेकिन, लोग इसका स्वाद बढ़ाने के लिए सॉल्टेड पीनट खाना पसंद करते हैं। जब आप किसी चीज में ऊपर से नमक बुरककर खाते हैं, तो यह आपकी हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकता है। मूंगफली के साथ लोग चाट मसाला और नमक का सेवन करते हैं। जिन लोगों को पहले से ही हाई ब्लड प्रेशर है, उन्हें इसका सेवन सोच-समझकर करना चाहिए। अतिरिक्त मूंगफली का सेवन करनी वजह से ब्लड प्रेशर का स्तर और भी बढ़ सकता है, जो कि बीपी के मरीजों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# उत्तर प्रदेश में रेशम उत्पादन विकास के पथ पर अग्रसर



**अंबरीश कुमार सक्सेना**

**वर्तमान में भारत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व में दूसरा सबसे बड़ा रेशम उत्पादक देश है। विश्व रेशम उत्पादन का 42 प्रतिशत रेशम भारत वर्ष में उत्पादित होता है। विश्व में कुल 93,986 मीट्रिकटन उत्पादित रेशम में 38,913 मी0टन रेशम भारत में उत्पादित होता है।**

**उत्तर** प्रदेश सरकार कृषि के विकास तथा किसानों की समृद्धि के लिए कृतसंकल्पित है। इस उद्देश्य से प्रदेश में किसानों के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। प्रदेश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि का विविधीकरण आवश्यक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों के कृषि उत्पादन में बढ़ोत्तरी और कृषकों को विविध फसलों की बुआई कर अतिरिक्त आय प्राप्त करने के लिए बीज, खाद, सिचाई आदि संसाधनों की पूरी सहायता दे रहे है। सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश फसलोत्पादन, तिलहन, दलहन आदि में अग्रणी है। कृषि विविधीकरण परियोजनाओं में रेशम कीट पालन किसानों के अतिरिक्त आय का प्रमुख स्रोत है। प्रदेश में रेशम उत्पादन को दी जा रही सहायता/सुविधा का ही परिणाम है कि गत 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश से रेशम के निर्यात में 28 गुना की वृद्धि हुई है, जो कृषि व अन्य उत्पादों के मुकाबले सर्वाधिक है। उत्तर प्रदेश में पिछले 9 वर्षों में रेशम का निर्यात रू0 9.11 करोड़ से बढ़कर रू0 251.65 करोड़ हो गया है। रेशम एक जैविक एवं प्राकृतिक कृषि आधारित उत्पाद है। प्रदेश में रेशम उत्पादन की अपार संभावनाये है। रेशम उत्पादन की वृद्धि के लिए किसानों को जागरूक कर रेशम कृषि से जोड़ा जा रहा है। परम्परागत फसलो के साथ-साथ रेशम कीट-पालन के लिए कृषको को शहतूत के पौधें, मेड़ों व खाली भूमि पर लगाते हुए कीट पालन करने के लिए विशेष जागरूकता लाई जा रही है। भारत सरकार के सेन्ट्रल सिल्क बोर्ड द्वारा सिल्क उत्पादन के लिए काफी सुविधायें दी जा रही है। वर्तमान में भारत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व में दूसरा सबसे बड़ा रेशम उत्पादक देश है। विश्व रेशम उत्पादन का 42 प्रतिशत रेशम भारत वर्ष में उत्पादित होता है। विश्व में कुल 93,986 मीट्रिकटन उत्पादित रेशम में 38,913 मी0टन रेशम भारत में उत्पादित होता है। प्रदेश को रेशम उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए नवाचारों, नवीनतम तकनीको एवं अनुसंधानो पर बल देते हुए रेशम उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। प्रदेश में नई परिभाषा एवं उत्साह के साथ रेशम उद्योग विकास के पथ पर अग्रसर है। कृषकों को रेशम कीटपालन एवं कोया उत्पादन अथवा धागा उत्पादन कार्य प्रारम्भ करने के लिये केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से संचालित योजनाओं के अन्तर्गत अनुदान सहायता दिये जाने हेतु पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से रेशम मित्र पोर्टल पर वर्ष 2023-24 से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने तथा पंजीकरण एवं मॉनीटरिंग व्यवस्था प्रारम्भ कर दी गयी है। कृषकों को मोबाइल के माध्यम से योजनाओं की आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा शिकायते एवं सुझाव प्राप्त कर निस्तारण हेतु शिकायत प्रकोष्ठ के अन्तर्गत रेशम विभाग द्वारा मो0 नं0 7388305554 जारी किया गया है जो रेशम मित्र पोर्टल पर उपलब्ध है। प्रदेश में प्रथम बार एफ0पी0ओ0 को रेशम उत्पादन कार्यक्रमों से जोड़ कर परियोजनायें संचालित की जायेंगी जिसके लिये प्रथम चरण में कुल 03 एफ0पी0ओ0 जिनमें (2) शहतूती रेशम उत्पादन एवं 01 एरी रेशम उत्पादन) के प्रस्तावों का अनुमोदन भारत सरकार के केन्द्रीय रेशम बोर्ड से प्राप्त किया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के लगभग 1050 महिला सदस्यों को रेशम उत्पादन के कार्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है जिसके लिये राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम निदेशालय, उ0प्र0 के मध्य एम0ओ0यू0 गठित किया गया है। इसके अतिरिक्त कृषि आजीविका सखियों का उपयोग रेशम उद्योग के प्रचार प्रसार हेतु किया जा रहा है। कच्चे रेशम उत्पादन में प्रदेश को आत्म निर्भर बनाने एवं प्रदेश में उत्पादित रेशम कोये की खपत प्रदेश में ही किये जाने की नीति तैयार कर रेशम धागाकरण इकाईयों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पूर्व में संचालित 2 मल्टीइण्ड रीलिंग इकाई के अतिरिक्त रा0 कृ0वि0यो0 से 06 नई धागाकरण इकाईयों का विभिन्न जनपदों में स्थापित कर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्ष 2024-25 में 4 नई मल्टीइण्ड रीलिंग इकाईयों की स्थापना का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त टसर क्षेत्र में टसर धागा उत्पादन कार्य हेतु 30 महिलाओं का ग्रुप बनाकर प्रत्येक सदस्य का एक-एक बुनियादी टसर रीलिंग चरखों की स्थापना की गयी है। प्रदेश में रेशम उत्पादन के लिए किसानों को कोया उत्पादन के लिए प्रदेश सरकार प्रशिक्षण एवं अनुदान भी दे रही है।

**कच्चे रेशम उत्पादन में प्रदेश को आत्म निर्भर बनाने एवं प्रदेश में उत्पादित रेशम कोये की खपत प्रदेश में ही किये जाने की नीति तैयार कर रेशम धागाकरण इकाईयों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पूर्व में संचालित 2 मल्टीइण्ड रीलिंग इकाई के अतिरिक्त रा0 कृ0वि0यो0 से 06 नई धागाकरण इकाईयों का विभिन्न जनपदों में स्थापित कर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्ष 2024-25 में 4 नई मल्टीइण्ड रीलिंग इकाईयों की स्थापना का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।**

# उप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा एक युद्ध नशे के विरूद्ध विषयक रैली हरी झण्डी दिखाकर रवाना की गयी




**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर), उप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग डा0 देवेन्द्र शर्मा जी द्वारा राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर के प्रांगण से एक युद्ध नशे के विरूद्ध विषयक रैली हरी झण्डी दिखाकर रवाना की गयी, जिसमें छात्र-छात्राओं, एन0सी0 सी0 कैडेट्स, एन0एस0 एस0 वॉलिन्टिलयर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहुएं, पी0आर0 डी0, मंगलदल, पुलिस एवं अध्यापकगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर से प्रारम्भ होकर तरणताल होते हुये मेजर ध्यान चन्द स्टेडियम में समाप्त हुयी।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने सभी से यह प्रतिज्ञा कराई कि ÷हम शपथ लेते हैं कि हम आजीवन किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगें साथ ही अपने परिजनों/ मित्रों एवं परिचितों को नशा न करने के लिये प्रेरित करेंगे। हम यह भी शपथ लेते हैं कि नशे में संलिप्त व्यक्तियों को नशा छोड़ने के लिये जागरूक करेंगें। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने सभी का परिचय कराया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके पश्चात मेजर ध्यानचन्द्र स्टेडियम सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर), उ0प्र0 बाल अधिकार संरक्षण आयोग डा0 देवेन्द्र शर्मा जी ने आयोजित कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि सीतापुर के नशा मुक्त होने से ही उत्तर प्रदेश नशे से मुक्त हो सकेगा। नशे के विरुद्ध युद्ध में यहां सभी का उत्साह प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि नारकोटिक्स विभाग उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग के संयुक्त तत्वाधान में संचालित अभियान एक युद्ध नशे के विरुद्ध के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं, लोगों के बीच निरंतर जागरूकता का प्रसार होने से निश्चित ही हम अपने उद्देश्य में सफल हो सकेंगे।

*अध्यक्ष जी ने आज गोपाष्टमी के पर्व की सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। इस गोपाष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस यज्ञ में उपस्थित सभी लोगों से अपेक्षा है कि शपथ को चरितार्थ करेंगे। नशा मुक्ति के इस यज्ञ में आज डाली गयी आहुति अवश्य ही रंग लायेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकटीकरण का जवाब उन लोगों को है, जो कुछ पैसो के खातिर अवैध रूप से नशे की सौदागिरी करते हैं तथा बच्चों को नशे के पार्सल के रूप में प्रयोग करते हैं। ऐसे लोगों के लिये आज का प्रकटीकरण एक सबक के रूप में है। धन कमाने की लिप्सा, समाज की कोई चिन्ता नही, किसी को नुकसान हो जाये, इसकी भी चिन्ता नहीं, ऐसे लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है।*

*एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 15 दिन हेतु संचालित विशेष अभियान में पुलिस एवं संबंधित विभागों द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुये अरबों रूपये की ड्रग्स को नष्ट कराया गया। उन्होंने अपेक्षा की कि अवैध रूप से नशे के व्यापार करने वालों के विरुद्ध कठोर पुलिस कार्यवाही करते हुये जेल भेजने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि नशा मुक्त अभियान में बच्चों के चेहरे की मुस्कान लाने के लिये पूरा प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डा0 प्रवीन रंजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला आबकारी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।*

# भाजपा जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता एवं संगठन चुनाव संबंधी कार्यशाला आयोजित

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में प्रारंभिक सदस्यता पूर्ण होने पर व सक्रिय सदस्यता की क्रियाशीलता के साथ संगठन चुनाव को लेकर प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है इसी क्रम में जिले के संगठन चुनाव अधिकारी पूर्व जिला अध्यक्ष जालौन नागेंद्र गुप्ता जिला कार्यालय पर पहुंचे और कार्यालय पर आयोजित सक्रिय सदस्यता एवं संघटनात्मक चुनाव कार्यशाला का आयोजन किया गया सर्वप्रथम भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला प्रभारी नीरज सिंह व संगठन चुनाव अधिकारी नागेंद्र गुप्ता द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय महापुरुषों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए इसके पश्चात अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजेश शुक्ला ने बताया कि हम सब कार्यकर्ताओं ने संगठन के निर्देश के अनुसार प्रारंभिक सदस्यता की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है और अब सक्रिय सदस्यों का सत्यापन किया जा रहा है निरंतर सीतापुर जिला इकाई संगठन के निर्देशों के अनुसार कार्यरत है। और आने वाले समय में पार्टी का जो भी निर्देश होगा जिले का प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उस पर निष्पक्ष भाव से अपनी सेवादेगा। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि जिला संगठन चुनाव अधिकारी नागेंद्र गुप्ता ने संगठन के चुनाव की आगामी क्रियाविधि के विषय में विस्तार से बताया उन्होंने मंडल के कार्यकर्ताओं मोर्चों के पदाधिकारीयों व जिला पदाधिकारीयों से संवाद कर बूथ चुनाव प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा किया।

और आगामी चुनावों पर भी प्रकाशडाला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी नीरज सिंह द्वारा पार्टी के चुनाव निर्देशों के विषय में विस्तार से बताया एवं सभी पदाधिकारीयों से निष्पक्ष भाव से भाग लेकर संगठन के निर्देशों को पालन करने का आवाहन किया कार्यक्रम को सीतापुर सदर सीट के निवर्तमान सांसद व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सभापति राजेश वर्मा द्वारा भी संबोधित किया गया उन्होंने अपने संबोधन में चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले कभी पदाधिकारीयों से निष्पक्ष एवं निर्विवाद रूप से चुनाव संपन्न कराने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सदस्यता प्रमुख सुधाकर शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यशाला के उपरांत जिला संगठन चुनाव अधिकारी नागेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में लोक-सभा वार पदाधिकारियो के साथ बैठक कर आगामी चुनाव प्रक्रिया पर विचार विमर्श किया गया एवं सभी से इस प्रक्रिया में अनुशासन एवं पार्टी का निर्देशों के अनुसार कार्य करने का आवाहन भी किया गया?

कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान विधायक निर्मल वर्मा विधायक शशांक त्रिवेदी विधायक मनीष रावत पूर्व जिला अध्यक्ष रामनरेश मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा गोदावरी मिश्रा पूर्व एमएलसी राकेश सिंह क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र नीरज वर्मा विश्राम सागर राठौर, स्वेतांशु बाजपेई संजय मिश्रा नैमिष रतन तिवारी उदित बाजपेई रमेश भार्गव भंवर सिंह जितेंद्र मेहरोत्रा भंवर सिंह कंचन प्रभा पांडे जया सिंह, अजय विश्वकर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण थाना दिवस में पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी ने शिकायती पत्रों पर की कार्रवाई



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस मछरेहटा में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर व प्रार्थना-पत्र लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिये। राजस्व विवादों को शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश प्रदान किये। फर्जी,झूठी शिकायतकर्ताओं पर निगरानी के निर्देश पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने पुलिस विभाग को दिये। गैंग बनाकर फर्जी व झूठी शिकायत कर आम जनता को ठगने व गलत आरोप लगाकर फसानें का भय उत्पन्न कर वसूली करने वाले गैंगों पर कड़ी निगरानी रखने के साथ ऐसे गिरोह को चिन्हित कर कार्यवाही के निर्देश पुलिस को प्रदान किये। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के सामने झूठी व फर्जी शिकायत की पैरवी करने हेतु आये युवक की लड़खड़ाई जबान, शरीर में उत्पन्न हुए कम्पन्न, नही दे पाया सवालों के जवाब। युवक की तहकीकत में पता चला कि युवक सहज जन सेवा केंद्र चलाता है एवं वह पेशेवर शिकायत लेखक है तथा विभिन्न प्रकार की शिकायत लिखने के एवज में शुल्क लेता है। इस युवक को हवालात में बैठाने के निर्देश पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को दिए। मछरेहटा थाना सुनवाई के पश्चात जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र कमलापुर थाना पहुंचकर जनसुनवाई की, जहां राजस्व विवाद से संबंधित प्रार्थनापत्र/शिकायतों को सुनकर राजस्व विभाग को स्थलीय निरीक्षण कर समाधान, निस्तारण करने के निर्देश संबंधित को प्रदान किया। नाली खड़ंजों की शिकायतों के प्रार्थना-पत्रों को प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश राजस्व व पुलिस विभाग को दिए। सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रित पंकज सक्सेना, क्षेत्राधिकारी मिश्रित दीपक सिंह, थानाध्यक्ष मछरेहटा जंग बहादुर पांडे, उपजिलाधिकारी सिधौली अनिल रस्तोगी, नायब तहसीलदार शशिबाला, प्रभारी थाना कमलापुर प्रदीप कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यों की हो रही क्षेत्र में सराहना

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



लहरपुर। जनपद के ऐतिहासिक नगर मैं पहली बार ऐसा नगर पालिका अध्यक्ष बना जिसने गरीबों के लिए अपने दरवाजे हमेशा खुले रखे चाहे कोरोना के विषम और गंभीर हालत हो या फिर किसी की परेशानी सब में अपनी भागीदारी करके अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने भरपूर योगदान दिया किसी का परिणाम है की अपने कम बिरादरी के बाद भी अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने पूर्व सांसद कैसर जहां को हराकर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की इसके पीछे हाजी जावेद का कठिन परिश्रम तथा लोगों के दुख सुख में बराबर शरीक रहना जीवन का उद्देश्य बनाकर सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष नगर पालिका के रूप में अपने को प्रतिष्ठित किया।

जिसकी सर्वत्र चर्चा हो रही है कहीं से भी फोन मिलाने पर तुरंत उसके पास पहुंचना तथा यथासंभव सहयोग करने के कारण नगर को एक मजबूत नेता मिल गया सुबह शाम लोगों का आना-जाना तथा अपनी समस्याओं का निराकरण पाना सभी वार्डों में सफाई सड़क स्वच्छ जल की व्यवस्था के अलावा हर मंदिर और मस्जिद पर विशेष ध्यान देना ऐसे तमाम कारण है जिसके चलते हाजी जावेद हिंदू मुस्लिम दोनों समुदायों में अपना विशेष स्थान बना लिया है इसी लगन और कर्मठ कार्यशैली से लोगों की सेवा करते रहे तो इन्हें हराना बहुत मुश्किल हो जाएगा नगर में सर्वाधिक संख्या अंसारी बिरादरी की है इसके बाद पठान आते हैं पिछड़े वर्ग की अच्छी खासी जनसंख्या है लेकिन यहां पर हिंदू निर्णायक होते हैं और हिंदू वर्ग के अधिकतर मत हाजी जावेद को मिले हैं तेली बिरादरी पैसे से मजबूत है लेकिन जनसंख्या में कम है अधिकतर लोगों का मानना है की हाजी जावेद से अच्छा अध्यक्ष अभी तक नगर को नहीं मिला है।

# दरियादिली- मृतक किशोरी को प्रभारी निरीक्षक ने दिया कंधा, भाई ने दी मुखाग्नि



**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



कोतवाली नानपारा थाना क्षेत्र के अगैया गांव में निवासी रामफेरन के फूस के घर में बृहस्पतिवार की भोर में कुछ सरफिरों ने आग लगा दी थी। जिसमें राम फेरन के साथ उनकी बेटी गंभीर रूप से झुलस गए थे। दोनों को इलाज के लिए पुलिस ने मेडिकल कॉलेज बहराइच भेजा था। हालत गंभीर होने पर किशोरी को मेडिकल कॉलेज लखनऊ भेजा गया। जहां पर शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक नानपारा लखनऊ मेडिकल कॉलेज से किशोरी के शव को गांव लेकर पहुंचे और खुद ग्रामीणों के साथ उसे कंधा दिया। चिता तक ले गए। जहां पर किशोरी के भाई ने उसे मुखाग्नि दी। प्रभारी निरीक्षक की दरियादारी की क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

घटना बृहस्पतिवार की है। जब अगैया गांव निवासी राम फेरन के घर में गांव के ही कुछ सिरफिरों ने फूड के मकान में आग लगा दी थी। इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने राकेश नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। इस बीच प्रभारी निरीक्षक नानपारा प्रदीप कुमार सिंह ने राम फेरन और उसकी पुत्री पूनम को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने पूनम को गंभीर हालत में बताते हुए लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। झुलसने के करण पिता-पुत्री दोनों की हालत गंभीर थी। शुक्रवार को लखनऊ मेडिकल कॉलेज में पूनम की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक नानपारा लखनऊ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। वहां से किशोरी पूनम का शव लेकर गांव आए। शुक्रवार की देर शाम अपने खर्चे पर उसका अंतिम संस्कार का जिम्मा उठाया। ग्रामीणों के साथ प्रभारी निरीक्षक ने भी किशोरी के शव को कंधा दिया और चिता पर लेकर गए। जहां पर किशोरी के भाई ने उसे मुखाग्नि दी। प्रभारी निरीक्षक की मानवता की पहल को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा है।

इससे जहां पुलिस की धूमिल छवि पर उठ रहे सवाल पर अंकुश लगा है वहीं प्रभारी निरीक्षक की सराहना हो रही है।

# डीएम व एसपी खीरी की अध्यक्षता में 'थाना समाधान दिवस' हुआ सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

शनिवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना कोतवाली सदर पर आयोजित ÷थाना समाधान दिवस÷पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का निस्तारण कराया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 65 व्यक्तियों के बैंक खातों में भेजी गई 41 लाख 37 हजार 5 सौ रुपए की सहायता राशि

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** विभिन्न आपदाओं के अन्तर्गत जिले के 65 व्यक्तियों के बैंक खातों में 41 लाख 37 हज़ार 500 रुपए की धनराशि सम्बन्धित के बैंक खातों में 08 नवम्बर 2024 को हस्तान्तरित की गई है। तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत अन्य आपदा से प्रभावित 14 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहैतुक सहायता/गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 08 लाख 48 हज़ार, तहसील नानपारा एवं पयागपुर अन्तर्गत अन्य आपदा से प्रभावित 01-01 व्यक्ति के बैंक खाते में अहैतुक सहायता के रूप में रू. 04-04 लाख तथा तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) प्रभावित 01 व्यक्ति के बैंक खाते में गृह अनुदान सहायता के रूप में रू. 08 हज़ार की धनराशि अन्तरित की गई है। यह जानकारी जिलाधिकारी मोनिका रानी ने दी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार तहसील महसी अन्तर्गत बाढ़ आपदा के सम्बन्ध में नदी की कटान से हुयी क्षति के सापेक्ष प्रभावित 11 व्यक्तियों के बैंक खातों में गृह अनुदान के रूप में रू. 07 लाख 60 हज़ार, तहसील कैसरगंज अन्तर्गत बाढ़ आपदा के सम्बन्ध में नदी की कटान से हुयी क्षति के सापेक्ष 26 व्यक्तियों के बैंक खातों में गृह अनुदान/अहैतुक/पशु सहायता के रूप में रू. 09 लाख 67 हज़ार 500, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत नदी की कटान से हुयी क्षति के सापेक्ष 04 व्यक्तियों के बैंक खातों में गृह अनुदान/अहैतुक सहायता के रूप में रू. 01 लाख 38 हज़ार तथा तहसील नानपारा अन्तर्गत नदी की कटान से हुयी क्षति के सापेक्ष 07 व्यक्तियों के बैंक खातों में गृह अनुदान के रूप में रू. 06 लाख 16 हज़ार कुल 65 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 41 लाख 37 हज़ार 500 की सहायता राशि अन्तरित की गई है।

### पीएम आवास के 21 पात्र लाभार्थियों के खातों में पहुंची किस्तों की धनराशि

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** जिले के विकास खण्ड कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोड़हिया नं0 03 में वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत चयनित 21 लाभार्थियों के आवास की प्रथम/द्वितीय किश्त की धनराशि दूसरे व्यक्तियों के खातों में भेजकर निकाल ली गई थी। यह जानकारी परियोजना निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा खण्ड विकास अधिकारी, कैसरगंज को निर्देशित किया गया था


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 02.12.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| | निविदा सूचना संख्या | 12502024 दिनांक 08.11.2024 |
| 1. | कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृत्य के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल इंजीनियर बनारस के अधीन डीडीयू-बीएमबी सेक्शन के बीएचबी-वीवाईएन ब्लॉक सेक्शन के लिए 758/21-23 पर गांव हृदयपुर के पास बड़े अतिक्रमण को खत्म करने के लिए सीमित ऊंचाई वाले सबवे का प्रावधान का कार्य। 2. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृत्य लखनऊ के अधिकार क्षेत्र के तहत एडीईएन-बीएसबी और एडीईएन-जेएनयू के अनुभाग में ट्रिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम या समान का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैंपिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण और अद्यतन स्केल मेप का विकास का कार्य। |
| 2. | अनुमानित लागत | 1. रु. 5,84,11,704.17 2. रु. 1,47,33,417.60 |
| 3. | धरोहर राशि | 1. रु. 4,42,100.00 2. रु. 2,23,700.00 |
| 4. | कार्य समापन की अवधि | 1. स्वीकृत पत्र की तिथि से 12 माह 2. स्वीकृत पत्र की तिथि से 12 माह |
| 5. | निविदा डालने का प्रारंभ | 18.11.2024 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 02.12.2024 15:00 बजे |
| 9. | वेबवसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबन्धी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 3493/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# हिंदी को अपने परम लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए हिन्दी प्रेमियों को सतत प्रयत्नशील रहना होगा: जिला जज

- हिन्दी विधि प्रतिष्ठान के कार्यक्रम में सहयोग के लिए सम्मानित किए गए जनपद न्यायाधीश

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

दीवानी न्यायालय परिसर में शनिवार को हिंदी विधि प्रतिष्ठान की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतिष्ठान के पदाधिकारी, न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में हिंदी विधि प्रतिष्ठान के वार्षिक कार्यक्रमों में सहयोग के लिए जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया। प्रतिष्ठान के अक्ष्यक्ष राम छबीले शुक्ला, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मोहन श्रीवास्तव एवं प्रतिष्ठान के उपाध्यक्ष विजय पाठक ने संयुक्त रूप से उन्हें अंग वस्त्र, प्रस्तति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतिष्ठान के महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रतिष्ठान के वार्षिक आय व्यय को बैठक में रखा और प्रतिष्ठान की भावी वार्षिक रूप रेखा प्रस्तुत की।



*जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी को सम्मानित करते पदाधिकारी*

अधिवक्ता अनूप श्रीवास्तव ने काव्यपाठ प्रस्तुत किया। जनपद न्यायाधीश ने श्री चतुर्वेदी ने कहा कि हिंदी को अपने परम लक्ष्य की प्राप्ति तक हिन्दी प्रेमियों को सतत प्रयत्नशील रहना है। क्यों कि ग्लोबल प्रतिस्पर्धा में किसी भाषा को बने रहने के लिए उन भाषा भाषियों को लंबे संघर्ष से झूझना पड़ता है। मीडिया प्रभारी अनिल त्रिपाठी ने बताया कि प्रतिष्ठान प्रत्येक माह हिंदी विषयक कार्यक्रम न्यायालय परिसर में और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में करने का प्रयास करेगा। जिससे हिंदी भाषा सामर्थ्यवान होगी और समाजोपयोगी एवं रोजगारपरक बनेगी। बैठक में विभिन्न हिन्दी प्रेमियों ने अपने अपने विचार रखें।

अंत में प्रतिष्ठान के अध्यक्ष राम छबीले शुक्ला ने हिंदी के विकास और वार्षिक कार्यक्रमों में सहयोग करने के लिए जिले के आम जनमानस सहित बैठक में उपस्थित सभी जनों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अपर जनपद न्यायाधीश पवन शर्मा, पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्र, पूर्व महामंत्री राज कुमार सिंह, गणेश दत्त अवस्थी, परमानंद पांडे, एसएमएस जैदी, पूर्व विधायक राम सागर राव, संजय श्रीवास्तव, रमन सिंह, दिनेश जायसवाल, विनय कुमार सिंह पम्मू, रंजीता राज, शिव कुमार मिश्र सहित तमाम हिंदी प्रेमी मौजूद थे।

# सड़क हादसे में तीन की मौत, एक घायल

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

आसाम रोड पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। एक घायल का जिला अस्पताल बहराइच में उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना रिसिया के समसा तरहर गांव में छठ पूजा के लिए रिश्तेदारी में आए पुजारी पुरवा नानपारा निवासी गुलाब सिंह चौहान पुत्र रामायण उम्र 35वर्ष वापस अपने गांव जाने के लिए निकले,उनकी बाइक पर उनकी मां लालती देवी पत्नी रामायण उम्र 60वर्ष, आदित्य पुत्र गुलाब 7 वर्ष,आशीष पुत्र गुलाब सिंह 5वर्ष सभी सवार थे,ज्यों ही उनकी बाइक सुदेश इंडस्ट्रीज प्रा लि के पास पहुंची, उसी समय नानपारा की ओर से आलू से लदी ट्रक पहुंच गई, ट्रक ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक पर चढ़ा दिया,घटना स्थल पर वृद्धा और बालक की मौत हो गई,घायल गुलाब सिंह को और उनके एक बेटे को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया



*सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त पड़ी बाइक।*

है। जहां उपचार के दौरान युवक की भी मौत हो गई है। घटना सुबह करीब नौ बजे की है इस हादसे में ट्रक अनियंत्रित होकर हाइवे से बीस मीटर अंदर जाकर सरिया मिल की दीवार में घुस गई। जिसे क्रेन के जरिए निकाला जा रहा था, यह हादसा बहराइच से नानपारा मार्ग आसाम रोड हाइवे पर हुआ है।

जो बहराइच के गल्ला मंडी से 8किमी की दूरी पर नानपारा मार्ग पर स्थित है। बाइक सवार हेलमेट लगाए हुए था।थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि मृतक मटेरा क्षेत्र के हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# विधिक सेवा दिवस पर संजीवनी कॉलेज में आयोजित हुआ जागरुकता एवं साक्षरता शिविर

- तारा महिला इण्टर कालेज की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली, शिविर में छात्राओं ने व्यक्त किए विचार

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

संजीवनी लॉ कालेज कीर्तनपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डॉ.रोहित प्रकाश सिंह, असिस्टेन्ट, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल प्रशान्त कुमार शुक्ला एवं ऋषभ पंत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कालेज के आचार्य डॉ.सुधाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया।

जागरूकता शिविर में सर्वप्रथम उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा अपने




**लोगों को जानकारी देते न्यायिक अधिकारी।**

विचार व्यक्त किये गये तत्पश्चात असिस्टेन्ट, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल द्वारा विस्तारपूर्वक विधिक जानकारी प्रदान की गई। शिविर को सम्बोधित करते हुए सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि न्यायपालिका किसी भी जनतंत्र के तीन प्रमुख अंगों में से एक है।

न्यायपालिका संविधान और कानून की रक्षक है। भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसी के अंतर्गत प्रत्येक जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यरत है,

जो समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करती है। आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्ति, जो न्यायालय अथवा तहसील में अपने मुकदमे की पैरवी करने में असमर्थ है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता की सेवा प्राप्त कर सकते हैं। सचिव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के टॉल् फ्री नम्बर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गयी। उल्लेखनीय है कि 09 नवम्बर विधिक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि के निर्देशन में तारा महिला इण्टर कालेज, बहराइच की छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी। श्री शिरोमणि ने बताया कि विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिले के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैलियां निकाली गई तथा प्रत्येक तहसीलों में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशा बहुओं एवं पराविधिक स्वयं सेवकों द्वारा अपने-अपने पदेन स्थानीय कार्यक्षेत्र में विधिक अधिकारों एवं जन कल्याणकारी योजना के प्रति आमजन को जागरूक किया गया।

# गोरखपुर में एनकाउंटर, एक बदमाश के पैर में लगी गोली

## व्यापारी की हत्या कर हो गया फरार, कर्ज चुकाने के लिए लूटी थी चेन

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे सैफ नाम के एक बदमाश के पैर में गोली लगी। गोली लगते ही सैफ जमीन पर गिर पड़ा और पुलिस ने उसे दबोच लिया। इसी ने दो तीन दिन पहले चिलुआताल इलाके के व्यापारी अनिल गुप्ता की गला रेतकर हत्या की थी और फरार हो गया था।

पुलिस ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उसके पास एक तमंचा, कारतूस, व्यापारी से लूटी गई चेन, बाइक, मोबाइल फोन और हत्या में प्रयोग किया गया चाकू बरामद किया है।



पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में अनिल को आखिरी बार आरोपी सैफ के साथ बाइक पर जाते हुए देखा गया। मोबाइल लोकेशन भी सैफ के साथ ही मिली, जिसके बाद पुलिस ने सैफ को पकड़ने के लिए घेराबंदी की।

आरोपित सैफ के उपर लोगों का ज्यादा कर्ज हो गया था। रुपये मांगने वालों का फोन आने से वह परेशान था। कर्ज चुकाने के लिए उसने योजना बनाई। अनिल को दावत के बहाने राजेंद्र नगर स्थित माडल शाप ले गया और बीयर पिलाई। इसके बाद बाइक से घर ले गया और घर से कुछ दूर पहले लघुशंका करने के बहाने बाइक रोक दी। इसके बाद अनिल की हत्या कर उसके गले से सोने की चेन लेकर शव नाले में फेंककर फरार हो गया।

अनिल गुप्ता का शव बुधवार सुबह उनके घर से कुछ ही दूरी पर सड़क किनारे नाले में मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि अनिल मंगलवार रात गोरखनाथ क्षेत्र में एक जन्मदिन समारोह में गए थे। रात 10 बजे उन्होंने अपनी मां इंद्रावती को फोन कर जल्द घर लौटने की बात कही थी। इसके बाद उन्होंने अपनी पत्नी जूही, जो कुशीनगर मायके में थीं, को फोन किया और समारोह में मौजूद एक व्यक्ति से बात कराई। अंतिम बार रात 11-22 बजे उन्होंने अपने भतीजे से बातचीत की थी, लेकिन इसके बाद उनका फोन अचानक बंद हो गया।

??एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गश्त के दौरान चिलुआताल पुलिस का सामना सैफ से हुआ। रोकने पर उसने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल चाकू, तमंचा और अन्य सामान बरामद हुए हैं।

## रात में सोते समय युवती की गला काटकर हत्या

**नेबुआ नौरंगिया, कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक घर में घुसे किसी अज्ञात शख्स ने आधी रात को जमकर तांडव मचाया। उसने अपने बिस्तर पर सो रही 15 साल की लड़की की गला काटकर हत्या कर दी। शोर सुनकर लड़की के पिता वहां पहुंचे तो उन पर भी हमला बोल दिया। धारदार हथियार से पिता के शरीर पर ताबड़तोड़ वार किए और फरार हो गया। लड़की के पिता के शरीर पर सात वार पाए गए गए हैं।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नौका टोला निवासी जयनारायण सिंह पटेल के परिवार के सभी लोग छठ पूजा में रिश्तेदारी में गये थे। जय नारायण सिंह और 15 साल की उनकी बेटी प्रिया सिंह ही घर पर थी। शुक्रवार की रात घर के बरामदे में जयनारायण और कमरे में उनकी बेटी प्रिया सोई थी। परिजनों से पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार रात लगभग बारह बजे किसी ने प्रिया की गला रेत कर हत्या कर दी। शोर सुनकर पहुंचे जयनारायण पर भी हमला कर दिया और फरार हो गया। उनके शरीर पर सात जगह धारदार हथियार से घाव हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई अमित की तहरीर गांव के ही तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# गोरखपुर में महिला के मोबाइल पर आ रहे अश्लील मैसेज

- बार बार नंबर ब्लॉक करने के बाद भी परेशान कर रहा , पुलिस ने शुरू की जांच

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर के तारामंडल एरिया में किराए पर रहने वाली एक प्राइवेट कंपनी की फीमेल एम्प्लॉई पिछले एक महीने से मोबाइल पर लगातार आ रहे ओब्सीन मैसेज से परेशान है। अलग-अलग तीन नंबर्स से आ रहे इन मैसेज ने उसका जीना मुश्किल कर दिया है।

बार-बार नंबर्स ब्लॉक करने के बाद भी ये मैसेज आना बंद नहीं हुए। आखिरकार उसने रामगढ़ताल थाने में कम्प्लेन दर्ज कराई है। पुलिस अब मामले की तहकीकात में जुटी है और सस्पेक्ट्स को ट्रेस करने की कोशिश कर रही है।

महिला का कहना है कि जैसे ही वह ऑफिस पहुंचती है, सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच मैसेज की फ्रिक्वेंसी बढ़ जाती है। इन मैसेज के लगातार आने से उसका मेंटल स्ट्रेस इतना बढ़ गया है कि काम पर फोकस करना मुश्किल हो गया है। महिला ने बताया कि उसने तीन बार नंबर्स को ब्लॉक किया, लेकिन नए नंबर्स से फिर वही ओब्सीन कंटेंट भेजा गया।

### पुलिस को ऑफिस के किसी व्यक्ति पर संदेह

पुलिस का मानना है कि यह हरकत महिला के ऑफिस के किसी व्यक्ति की हो सकती है, जो उसे मेंटली हैरास करने के लिए यह सब कर रहा है। महिला के होमटाउन संतकबीरनगर से भी किसी व्यक्ति के शामिल होने की संभावना है। पुलिस ने संबंधित नंबर्स की कॉल डीटेल्स और अन्य डिजिटल एविडेंस कलेक्ट करना शुरू कर दिया है।

### संतकबीरनगर से गोरखपुर आई है महिला

महिला संतकबीरनगर की निवासी है और गोरखपुर में ऑफिस के पास किराए के एक कमरे में रहती है। उसने बताया कि शुरुआत में उसे लगा कि एक-दो बार गलती से मैसेज आ गए होंगे, लेकिन लगातार ओब्सीन मैसेज आने से यह साफ हो गया कि यह प्लांड हैरासमेंट है। अब वह इस इशू से इतनी डिस्टर्ब है कि काम पर जाना भी मुश्किल हो गया है।




सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि कम्प्लेन के आधार पर केस रजिस्टर कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषी पाए जाने पर सख्त एक्शन लिया जाएगा ताकि महिला को जल्दी ही राहत मिल सके।

–सीओ कैंट योगेंद्र सिंह

# गांवों में लगा गंदगी का अंबार, सफाईकर्मी नदारद

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जनपद के दुदही विकास खण्ड ?क्षेत्र में विभागीय जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते क्षेत्र के सफाई कर्मी बेलगाम हो गये हैं, जिसके चलते गांवों में गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार दुदही विकास खण्ड ?क्षेत्र के स्थानीय ग्राम पंचायत लोहरपट्टी में सफाई कर्मियों की घोर लापरवाही से गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है, जिस पूरे गांवों में गन्दगी से बीमारी फैलने की प्रबल संभावना बनी हुई है।



जिम्मेदारों द्वारा इन सफाई कर्मियों की क्षेत्र में जांच -पड़ताल न होने से अधिकारियों के प्रति जनता द्वारा क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शक के घेरे में ला दिया है। मालूम हो कि ग्राम पंचायत लोहरपट्टी के चिरकुटहां टोला में प्रधान के घर से सटे दक्षिण से पश्चिम लोहरपट्टी जाने वाली सड़क के किनारे बनी नालियों में गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है। मौके पर देखने से लग रहा है कि सफाई कर्मियों द्वारा बर्षो से नालियों की सफाई नहीं होने से गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है, जिससे सड़ांध बदबू आती रहती है। आखिर में ऐसा क्यों हो रहा है।मालूम हो कि पूरे लोहरपट्टी में संक्रामक बीमारी फैलने की प्रबल संभावना बनी हुई है।यदि विभागीय उच्च अधिकारी मौके का मुआयना करें तो लापरवाह कर्मियों के साथ विभागीय अधिकारियों का सारा पोल खुल जायेगा। प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देकर सफाई कार्य के साथ -साथ लापरवाह सफाई कर्मियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करना चाहिए।

स्वच्छता में लापरवाही क्षम्य नहीं- एडीओ पंचायत इस संबंध में पूछे जाने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत मज़हरुल हक ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था। मैं स्वयं उस गांव में जाकर निरीक्षण करूंगा।लापरवाह सफाईकर्मी के विरुद्ध कार्रवाई होगी। स्वच्छता जैसे मुद्दे पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## जटहां के पास फिर दिखा तेंदुआ, लोगों में दहशत

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

क्षेत्र के जटहां बाजार गांव के पास शुक्रवार की सुबह तेंदुआ फिर दिख गया। इससे गांव में भगदड़ मच गई। लोग हाथों में लाठी डंडा लेकर तेंदुए की तलाश में निकल गए। सूचना के बाद पहुंची वन विभाग की टीम देर शाम पिंजरा लगवा दिया। शिकार के लिए बकरी की व्यवस्था कर ली गई है। रविवार देर रात को जटहां बाजार गांव के पास एक बांस की कोठी में तेंदुआ बैठा दिखाई दिया। सूचना पर जब ग्रामीण पहुंचे तो तेंदुआ झाड़ियों में चला गया। पूरी रात ग्रामीण भय के साए में रहे और पहरा देते रहे। अगले दिन फिर तेंदुआ देर रात को दिखा। सूचना मिलने के बाद ही वन विभाग की टीम सक्रिय रही और जब-जब तेंदुआ दिखा तो कांबिंग की, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे गांव के अवधेश कुशवाहा के घर के पीछे से तेंदुए को भागते हुए लोगों ने देखा और शोर मचाया।

# नौंवी बार अजय बने अध्यक्ष, विनय नायक महामंत्री

- सुशील कुमार शुक्ला व आफ़ताब आलम खान बने जिला उपाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब महराजगंज का चुनाव जिला पंचायत सभागार में शनिवार को संपन्न हुआ, जिसमें सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया। इस बार के चुनाव में वरिष्ठ पत्रकार अजय श्रीवास्तव को लगातार नौवीं बार अध्यक्ष पद का जिम्मा सौंपा गया। पत्रकारों ने सर्वसम्मति से अजय श्रीवास्तव पर विश्वास जताते हुए उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना, जो उनकी लोकप्रियता और पत्रकार जगत में उनके योगदान को दर्शाता है।इस अवसर पर अन्य महत्वपूर्ण पदों के लिए भी वरिष्ठ पत्रकारों को चुना गया। सुशील शुक्ला और आफताब आलम को जिला उपाध्यक्ष पद का जिम्मा सौंपा गया। वहीं विनय कुमार नायक को महामंत्री का पदभार सौंपा गया।



क्लब के अन्य पदाधिकारियों का चयन भी निर्विरोध किया गया, जिससे पत्रकार समाज में एकता और आपसी सामंजस्य का संदेश गया है।

चुनाव प्रक्रिया की देखरेख मुख्य चुनाव अधिकारी शैलेन्द्र पाण्डेय ने की, जबकि सहायक चुनाव अधिकारियों के रूप में अंकुश और अनिल वर्मा ने उनका सहयोग किया। चुनाव अधिकारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की औपचारिक घोषणा की, जिससे सभा में खुशी की लहर दौड़ गई।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी और मुख्य चुनाव अधिकारी ने शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी ने कहा कि पत्रकार समाज का एकजुट रहना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने आशा जताई कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और प्रेस क्लब के विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे।

चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि वे प्रेस क्लब के मान-सम्मान और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए समर्पित रहेंगे।इस दौरान प्रेस क्लब के कार्यक्रम के संयोजक विनोद कुमार गुप्ता,उपेंद्र कुमार , प्रदीप पाण्डेय, प्रदीप गौंड़, आकाश त्रिपाठी , कृष्ण कुमार पांडे ,मार्तंड गुप्ता, राजकेश्वर पांडे ,अमृत जायसवाल अभिषेक श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, संजय पाण्डेय ,विपिन श्रीवास्तव, जे पी सिंह, दीपक शरण श्रीवास्तव,विनीत पाण्डेय ,रविन्द्र मिश्रा, अर्जुन मौर्य, मनोज जोशी , धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, शमसुल हुदा खान सहित विभिन्न लोग मौजूद रहे।

# एमसीए पब्लिक स्कूल में पाँचवे दिन खेलकूद महोत्सव का हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर**

उपनगर गोला के एमसीए पब्लिक स्कूल में अत्यंत भव्य और उल्लासपूर्ण खेलकूद महोत्सव का आयोजन हुआ।जिसमें विद्यार्थियों ने विविध खेलों में अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य सेवक प्रदीप सिंह ने माँ सरस्वती के चरणों में दीप जलाकर विधिवत खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने खेलों के महत्व और उनके जीवन में योगदान के बारे में उद्घाटन संबोधन में विस्तार से बताया और विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक किया। खेलों के उद्घाटन के समय मुख्य सेवक ने उत्साहवर्धक संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक शक्ति को नहीं बल्कि मानसिक दृढ़ता और एकता के भाव को भी मजबूत करते हैं।

उनके प्रेरणादायक शब्दों ने विद्यार्थियों में एक नया जोश और उत्साह भर दिया।




समापन के अवसर पर समूचे खेलकूद महोत्सव का समापन राष्ट्रीय गीत जन गण मन के गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने खेलकूद महोत्सव के समापन पर अपने प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक शब्दों से विद्यार्थियों की सराहना की और उन्हें आनेवाले समय में भी खेलों के प्रति अपनी लगन और उत्साह बनाए रखने की प्रेरणा दी।खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे।वॉलीबॉल (सीनियर) येलो हाउस ने अपने उत्कृष्ट सामूहिक प्रयासों से विजय प्राप्त की। खो-खो (सीनियर) ग्रीन हाउस ने अपनी असाधारण रणनीति और टीम वर्क के साथ पहला स्थान हासिल किया। खो खो(जूनियर) ब्लू हाउस के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट रणनीति और उत्साह के साथ जीत का परचम लहराया। लॉन्ग जंप दीपक और अरपिता ने अपनी असाधारण कूद की क्षमता से प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।100 मीटर दौड़ निर्भय और अंकिता ने अपने तेज़ और सटीक दौड़ने की कला से प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। थ्री लैग रेस ब्लू हाउस के खिलाड़ियों ने टीम भावना और सामंजस्य का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। क्रिकेट रेड हाउस ने उत्कृष्ट खेल कौशल और रणनीतिक सोच के साथ क्रिकेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस समापन अवसर पर सभी विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई और सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई। यह महोत्सव न केवल शारीरिक खेलों के महत्व को प्रदर्शित करता है बल्कि विद्यार्थियों में एकता साहस और कार्यकुशलता की भावना को भी प्रबल करता है।

# गोरखपुर में अदानी सीमेंट का 1000 करोड़ का मेगा इन्वेस्टमेंट

- पंद्रह सौ से अधिक लोगों को रोजगार, पूर्वांचल में औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तार

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में जेके सीमेंट के बाद अब अडानी सीमेंट की यूनिट भी लगने जा रही है, जिससे क्षेत्र में विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। अडानी सीमेंट ने इस परियोजना में 1000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है, जो 1500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करेगा। गीडा ने धुरियापार चीनी परिसर के पास 65 एकड़ जमीन पर अडानी सीमेंट की यूनिट लगाने की तैयारियां की जा रही हैं। गीडा अधिकारियों के अनुसार, जमीन आवंटन की औपचारिकताएं तेजी से पूरी की जा रही हैं, और साल के अंत तक इस परियोजना का शिलान्यास संभव है। प्रारंभिक






विकल्प में जमीन से जुड़े तकनीकी मुद्दों के कारण अब दूसरी जगह 65 एकड़ भूमि का चयन किया गया है। गीडा के सीईओ अनुज मलिक ने बताया कि अडानी ग्रुप को नई जमीन दिखाई गई है, जिसे उन्होंने मंजूरी दी है। यह उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस यूनिट के आने से औद्योगिक गतिविधियों के साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। गीडा दक्षिणांचल में 5500 एकड़ क्षेत्र में एक विशाल औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। इस टाउनशिप में औद्योगिक, आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों का समावेश होगा। टाउनशिप की महायोजना के प्रारूप पर आपत्तियों का निस्तारण किया जा चुका है और जल्द ही गीडा बोर्ड में इसे मंजूरी मिलने की संभावना है।

1003601188

# रमा टेक्निकल कॉलेज में छात्रों का भविष्य उज्ज्वल




**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**

रमा टेक्निकल कॉलेज में छात्रों का भविष्य, देश व समाज के विकास में सहयोग देने वाली एक सर्वोच्च संस्था है जो सभी प्रकार के तकनीकीयों में प्रशिक्षण के तहत आत्मनिर्भर बनाने में रमा टेक्निकल कॉलेज संचालित कर रही है। उक्त बातें रमा टेक्निकल कॉलेज आनन्दनगर के वार्षिकत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजगोपाल मिश्रा ने शनिवार को गोरखपुर- सोनौली मार्ग पर स्थित गौतम पटवा मैरेज हॉल में कहीं। उन्होंने कहा कि संस्था का मूल उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा आत्मनिर्भर बनें। विशिष्ट अतिथि श्रवण सिंह ने कहा कि आज की परिस्थितियों में रमा टेक्निकल कॉलेज से प्रत्येक साल संस्था के युवाओं को भविष्य संवारने का मौका मिल रहा है। समय के साथ-साथ व्यावसायिक एवं सरकारी नौकरियों के लिए संस्था के माध्यम से पढ़ाई कर अनुभवी बन रहें हैं। संस्था के फाउंडर चेयरमैन मन्तेष कुमार ने कहा कि हमारी संस्था में अनुभव के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक बेहतरीन संस्था हैं। जिसमें ÷टीचर ट्रेनिंग, फैशन डिजाइनिंग, ब्यूटीशियन फायर एवं सेफ्टी, स्पोकेन इंग्लिश और पर्सनालिटी डेवलपमेंट, शॉर्ट टर्म कंप्यूटर एवं वोकेशनल कोर्स की योग्यतापूर्ण होने पर नौकरियों में युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। आयोजित कार्यक्रम में अर्चना मिश्रा, धर्मराज, प्रमोद कुमार,नीतू सिंह, सुनील कुशवाहा, नीरज कुमार,नन्दनी आकृति मिश्रा, सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

# कला प्रवाह: मंदिर परम्पराओं के महोत्सव की श्रृंखला का हुआ भव्य आगाज

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

सदर सांसद शशांक मणि के प्रयास से संगीत नाटक अकादेमी भारत सरकार के नेतृत्व में मां देवरही मंदिर के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम कला प्रवाह में देश के विभिन्न भागों से आए हुए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया । संगीत नाटक अकादेमी के तत्वाधान में आयोजित कला प्रवाह का उद्घाटन सदर सांसद शशांक मणि, अकादेमी की अध्यक्ष संध्या पुरेचा और गौरी मणि ने मां देवरही की पूजा अर्चना की तथा परिसर में स्थित पोखरे के चारों ओर दीप भी जलाया और आरती की । सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति का डंका आज विदेशों में भी बज रहा है । उन्होंने कहा कि अभी एक दिन पहले ही हमने भारत के समृद्धि की प्रतीक छठ मां के त्यौहार को देश और विदेशों में व्यापक रूप से मनाया है । सांस्कृतिक आयोजनों से आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है और देवरिया जनपद आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रवाह का बहुत बड़ा क्षेत्र है । अकादेमी की अध्यक्ष संध्या पुरेचा ने कहा कि

मंदिर परंपराएँ हमेशा से भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं का हिस्सा रही हैं और प्राचीन काल से ही ऐसे उत्सव देश के विभिन्न मंदिरों में आस्था और उत्साहपूर्वक आयोजित किए जाते रहे हैं। संगीत नाटक अकादेमी ने अनुभव किया है कि समय के साथ यह मंदिर परंपराएँ क्रमशः क्षीण पड़ती गईं और अपने सांस्कृतिक महत्व एवं अस्मिता से दूर होती चली गईं और इस प्रकार आज विलुप्ति के कगार पर जा पहुँची हैं।

ऐसी परिस्थिति में संगीत नाटक अकादेमी ने देश की मंदिर परंपराओं को पुनर्जीवित करने की चुनौती स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की श्रृंखला रुकेगी नहीं आगे भी होती रहेगी । राज्य सभा सांसद कुंवर आर पी एन सिंह ने कहा कि कला जीवन का एक ऐसा अंग है जिससे एक आत्मिक ऊर्जा के साथ साथ आंतरिक शांति भी प्रदान करती है । आज के इस व्यस्ततम और भाग दौड़ की जिंदगी में कुछ समय के मधुर संगीत सुनकर मन को असीम शांति का अनुभव प्राप्त होता है । भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय कला को जानने के लिये उपवेद, शास्त्र, पुराण और प्राचीन साहित्यों का अध्ययन और इनकी साधना करनी पड़ती है तब जाकर एक कलाकार अपनी संस्कृति की सुंदर छाप जनता के दिल में स्थापित करता है । कला के क्षेत्र में हमारी सरकार अपना पूरा सहयोग दे रही है। कार्यक्रम के तहत शनिवार को देवरिया की भजन गायिका पूनम त्रिपाठी एवं उनके साथी कलाकारों ने भगवान गणेश की वंदना कर अपने भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।



आल्हा गायन कलाकार महंत यादव एवं उनके साथी कलाकारों ने भी अपनी सुंदर प्रस्तुति दी । इसके पश्चात

गौरा गणपती मुखौटा नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर श्रोताओं ने आनंद का अनुभव किया । पौराणिक ढोल वादन भैरव नृत्य जागरी सांस्कृतिक कला मंच समिति, उत्तराखंड द्वारा प्रस्तुत किया गया । दिल्ली से आई प्रसिद्ध कलाकार सिंधु मिश्रा ने भरतनाट्यम की सुंदर प्रस्तुति दी । इस अवसर पर तमकुहीराज के विधायक डा असीम राय, एस डी एम सदर विपिन द्विवेदी, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, मारकंडे शाही, अखिलेश त्रिपाठी, डा अभय दिवेदी, राजेश मिश्रा, डब्लू मणि, प्रेम अग्रवाल, गंगा शरण पांडे, दिवाकर मिश्रा, भारती शर्मा, रमेश वर्मा, पवन मिश्रा, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज मण्डलायुक्त और नगर आयुक्त लोगों के साथ निकले स्वच्छता के महाअभियान पर

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

नगर निगम ने शहर और महाकुम्भ को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए विशेष स्वच्छता महाअभियान कि शुरुआत की है।इसके लिए मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत और नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग शुक्रवार शाम को सैकड़ों स्वच्छता मित्रों के साथ सड़क पर निकले। उन्होंने तमाम दुकानदारों से पॉलीथिन जब्त की और उन्हें प्लास्टिक मुक्त प्रयागराज बनाने के लिए जागरूक किया। साथ ही आगे से प्लास्टिक बैग पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने की सख्त हिदायत देते हुए दुकानों पर %पॉलीथिन मांगकर शर्मिन्दा न करें के स्टिकर लगाए।इससे पहले सिविल लाइंस स्थिति धरना मैदान से मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने सफाई मित्रों का उत्साह वर्धन करते हुए आगामी महाकुम्भ को स्वच्छ सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने में उनकी




भूमिका को रेखांकित किया।उसके बाद नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने वहां उपस्थित स्वच्छता मित्रो उपस्थित सैकड़ों लोगों को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ प्रयागराज बनाने की शपथ दिलाई। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि प्रयागराज को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।हमारा शहर अगर स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त होगा तो महाकुम्भ भी स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त होगा।इस काम में लगे स्वच्छता मित्र सहित सभी लोग इसके लिए लगातार काम कर रहे हैं।इसमें सभी के सहयोग की ज़रुरत है।नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने बताया कि इस महाअभियान के जरिये हमारा प्रयास है कि शहर और महाकुम्भ को स्वच्छ प्लास्टिक मुक्त और पवित्र बनाये।इसमें हर नागरिक को जुड़ना चाहिए। प्रयागराज नगर निगम भी इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा है। महाअभियान में लोगों को जागरूक करने के लिए रैली भी निकाली गई।हाथों में स्लोगन लिखीं तख्तियां लिए स्वयं सेवक प्रयागराज को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के नारे लगा रहे थे।रैली में प्लास्टिक राक्षस भी शामिल था।जो सन्देश दे रहा था कि अगर नहीं जागे तो एक दिन मैं सबको खा जाऊंगा। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत और नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग ने के दौरान हरी झंडी दिखाकर विशेष अभियान में शामिल 145 सफाई और अतिक्रमण हटाने से जुड़े वाहनों को रवाना किया इसमें आठ फोगिंग मशीन 19 जेसीबी 15 रोबोट 18 हाइवा और 16 डम्फर के साथ ही 250 सफाई कर्मचारी शामिल हुए।इस दौरान पत्थर गिरजाघर से सुभाष चौक तक प्रतीकात्मक रूप से अभियान चलाया गया।इसके साथ ही व्यापक रूप से शहर के हर जोन और हर वार्ड में इसकी शुरुआत हो गई है।इस स्वच्छता महाअभियान में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पाण्डेय जोनल अधिकारी संजय ममगाई सहित नगर निगम के सभी प्रशासनिक कर्मचारी बड़ी संख्या में स्वयं सेवक स्थानीय नागरिक और कई संगठनों से जुड़े लोग शामिल रहे।

# एन टी पी सी का 50वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज






एनटीपीसी लिमिटेड का 50वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास व धूम-धाम से मेजा ऊर्जा निगम परिसर मे मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत कमलेश सोनी मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा एनटीपीसी का ध्वज फहराकर एवं सभी कर्मचारियों द्वारा एनटीपीसी गीत गाकर किया गया।तत्पश्चात स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में केक भी काटा गया।कमलेश सोनी मुख्य कार्यकरी अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी कर्मचारियों को सम्वोधित किया गया।अपने सम्बोधन मे सोनी ने अवगत कराया की वर्तमान मे एनटीपीसी 76475.68 मेगावाट संयुक्त उद्यम सहित की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी विद्युत उपयोगिता कम्पनी है और इसकी वर्ष 2032 तक 130 गीगावॉट कम्पनी बनने की योजना है।1975 में स्थापित एनटीपीसी का लक्ष्य दुनिया की सबसे बड़ी और सर्वश्रेष्ठ विद्युत कम्पनी बनना है।सोनी ने एनटीपीसी की पिछले 50 वर्षो की उपलव्धियो चुनोतियों का उल्लेख करते हुए एनटीपीसी की प्रगति मे भागीदार बने सभी वर्तमान एवं भूतपूर्व कर्मचारियों के सहयोग की प्रशंसा की साथ ही कर्मचारियों को भविष्य की योजनाओं एवं चुनौतियों के वारे में भी अवगत कराया गया।इसके साथ-साथ मेजा ऊर्जा निगम द्वारा किए जा रहे क्षमता विस्तारण सीएसआर एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया ।तत्पश्चात अध्यक्ष एवं प्रवन्ध निदेशक एन टी पी सी लिमिटेड के द्वारा सभी कर्मचारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्वोधित किया गया।इस अवसर को यादगार बनाने के उद्देश्य से सभी कर्मचारियों व परिवार के सदस्यों हेतु आवासीय परिसर मे सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी लोगों ने लखनऊ से पधारे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ? ए?एस? पिल्लई संस्थापक सी?ई?ओ एवं प्रबन्ध निदेशक ब्रह्मोस एरोस्पेस थे।इस अवसर पर अविजीत चटर्जी मुख्य महा प्रवन्धक तकनीकी सेवाए अजीत बसक महाप्रवन्धक प्रा एवं अनु चंद्रशेखर महाप्रबन्धक परियोजना पी के साबत महाप्रवंधक सामग्रीविवेक चन्द्र अपरमहा प्रवंन्धक मा?सं? तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण कर्मचारी गण एवं उनके परिवार के सदस्य आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम एवं मंच संचालन डॉ?मोहुवा भोवाल वरिष्ठ प्रबन्धक मा.सं.द्वारा किया गया।

# नवजात शिशु /बालिका को भेजा गया राजकीय बाल गृह लखनऊ

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर

जनपद के न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के संरक्षण आदेश के क्रम में जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु संरक्षित नवजात शिशु को राजकीय बाल गृह शिशु लखनऊ में संरक्षण हेतु भेजा गया विगत दिनों थाना क्षेत्र बसखारी क्षेत्र किछौछा क्षेत्र में एक नवजात लावारिस शिशु बालिका पाई गई थी जिसे पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था जिला अस्पताल में स्वस्थ होने पर बाल हितों के दृष्टिगत संरक्षण हेतु समुचित सुरक्षित व्यवस्था के साथ नवजात बच्ची को लावारिस होने के कारण बाल कल्याण समिति के संरक्षण आदेश के क्रम में राजकीय बल गृह शिशु लखनऊ



भेजा गया इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ओमप्रकाश डॉ योगेश वर्मा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राम नायक वर्मा सदस्य गण मनोज कुमार तिवारी, शकुंतला गौतम एस0एन0सी0यू0 वार्ड की नर्स कुसुम व अन्य स्टाफ तथा समाजसेवी बरकत अली मौजूद रहे।

# डीएपी की 40% कटौती से खाद किल्लत किसान परेशान : उज्ज्वल रमण सिंह

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

सांसद उज्जवल रमण सिंह यमुनापार क्षेत्र के लगातार दौरे मे है लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए और उनकी समस्या समाधान का प्रयास भी किया गया लेकिन समस्याए बहुत ज्यादा है पुलिस थाना तहसील बिजली तो आम समस्या बनी है क्योकि अधिकारी निरंकुश हैं जनता की समस्या को कोई सुनने वाला नहीं हैं।उन्होने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने डीएपी खाद की सप्लाई में 40त्न कटौती से किसानो के लिए डीएपी खाद की किल्लत है।सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि डीएपी की सरकारी




कीमत1350 रुपए है वो भी सहकारी समितियों पर सप्लाई और डिमांड में आधे का अन्दर जिससें समितियां भी परेशान है आए दिन किसानो से नोकझोक होने की वजह से वही खुले बाजार में 1700 प्रति बोरी के दर से खराब खाद जो फसल को नुकसान पहुंचाती है उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि देकर वाहवाही लूटने वाली भाजपा सरकार किसानों को परेशान करने का एक भी मौका नहीं छोड रही है सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि 25 नवम्बर से चालू होने वाले लोकसभा के शीतकालीन सत्र में डीएपी खाद की किल्लत को दूर करने के लिए जो सप्लाई में 40त्न की कटौती का मुद्दा प्राथमिकता पर उठाया जायेगा।

# चपरासी की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी सस्पेंड

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

शिक्षा क्षेत्र माण्डा के खण्ड शिक्षा अधिकारी(बीईओ) राजीव प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया गया है।अपर शिक्षा निदेशक बेसिक कामताराम पाल ने शुक्रवार को निलम्बन आदेश जारी करते हुए आरोपों की जांच शिक्षा निदेशालय के उप शिक्षा निदेशक(विज्ञान)को सौपी है। बीईओ के खिलाफ उनके कार्यालय में तैनात परिचारक ज्योति प्रकाश ने शिकायत की थी।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सात अक्तूबर 2023 को बीईओ राजीव प्रताप सिंह के खिलाफ परिचारक ने शिकायती पत्र भेजा था।महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के 26 दिसंबर 2023 के आदेश पर मंडलीय सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक से जांच कराई गई।मंडलीय सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक की 18 सितंबर 2024 की जांच रिपोर्ट में शासन के निर्देशों का अनुपालन न करने निपुण भारत मिशन वित्तीय रख-रखाव शैक्षणिक गुणवत्ता छात्र/अध्यापकों की उपस्थिति एवं एमडीएम की स्थिति असंतोषजनक पाए जाने के साथ ही कम्पोजिट ग्रान्ट खेलकूद सामग्री पुस्तकालय की पुस्तक विद्युतीकरण किचेन फेन्सिंग आदि का कार्य अपनी परिचित फर्मों से कराकर भुगतान करने के लिए बीईओ को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया।जांच रिपोर्ट के आधार पर बीईओ राजीव प्रताप सिंह को निलम्बित करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रयागराज में सम्बद्ध किया गया है।
ढ्ढस्न्नढ्ढ20241109ढ्ढ183554

# शिक्षक का शव घर पहुंचते ही कौवा चौराहे पर परिजनों ने किया चक्का जाम

■ परिजनों की मांग मारने वाले का एनकाउंटर हो और परिजनों को आर्थिक सहायता दिया जाए

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

हत्या के बाद पोस्टमार्टम से शिक्षक का शव वापस घर आने के बाद कौवा चौराहे पर परिजनों ने किया चक्का जाम कौवा गांव निवासी सुनील गौड़ की नेवादा पथरा गांव मे पैसे का हिसाब कराने के लिए बृहस्पतिवार को बुलाया गया था जहां से उनका मोबाइल फोन बन्द हो गया परिजनो ने हादस में आकर खोज बीन किया लेकिन शिक्षक का कोई सुराग नही लगा सहायक अध्यापक सुनील गौड़ उम्र लगभग 43 वर्ष की हत्या कर शव सीकी नहर मे फेक दिया गया आठ नवम्बर को लगभग दोपहर के बाद शव नहर में उतराता हुआ मिला।जिसका शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया जैसे शव घर पर पहुंचा तो परिजनो ने कौवा चौराहे पर चक्का जाम कर दिया परिवार ?को आर्थिक मदद व नौकरी दिलाने की



मांग के साथ ही आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग पर अडे रहे है।करछना थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ उपस्थित रहे।परिजनों को समझाने बुझाने में पुलिस प्रशासन लग रहे।लेकिन परिजनो ने मानने को तैयार नही हुए। पीड़ित परिवार जनो का कहना है।कि मारने वाले का एनकाउंटर और बोलडोजर चलाकर घर को ध्वस्त कराया जाए वही मौके पर पहुंचे एसीपी ने पीड़ित परिवार से मिलकर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ बहुत ही जल्द कार्रवाई की जाएगी इस सम्बन्ध में जो भी दोषी पाया जाएगा पुलिस बक्शेगी नही सलाखो के अन्दर ही रहना पड़ेगा और पुलिस टीम जांच पड़ताल कर रही है।परिजनों ने एसीपी की बात को मान कर चक्का जाम को खुलवाया और आवागमन सुचारू रूप से चालू हो गया।

## खेत की नापतोल के समय सगे भाइयों में चले लाठी डंडे व फावड़े छह गंभीर घायल

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना निबोहरा क्षेत्र के गढी हीरालाल शाहवेद में खेत की पैमाइश के दौरान दो सगे भाइयों में चले लाठी डंडे व फावड़े दोनों पक्ष से 6 लोग घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनक सिंह,जसराम, गिर्राज पुत्र खेमचंद निवासी गढी हीरालाल शाहवेद थाना निबोहरा के कुडो की पैमाइश के लिए चकबंदी लेखपाल शनिवार शाम को गांव में पहुंचा तभी उसके द्वारा जनक सिंह के कुड़े की नापतोल की जिसमें जसराम के द्वारा आलू के लिए तैयार किए गए खेत का हिस्सा आ गया तभी लेखपाल ने कहा के अन्य कुडो को अगले दिन नापतोल करेंगे तभी इसका जसराम पक्ष के द्वारा विरोध किया गया और दोनों पक्षों में गाली गलौज होने लगी देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व फावड़े चलने लगे जिसमें जसराम पुत्र खेमचंद,वासुदेव ,पूजाराम पुत्र जसराम तथा दूसरे पक्ष से जनक सिंह पुत्र खेमचंद व पुत्र बधु नीरज पत्नी महेंद्र ,रामसखी पत्नी जनक सिंह घायल हो गए जानकारी पर परिवार के लोग दौड़े और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया गया जहां जानकारी पर थाना निबोहरा पुलिस मौके पर पहुंची।

# पैदल चाल में साधना श्रीवास्तव ने सभी को पछाड़ा

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के 27वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती परिसर में किया गया।जिसमें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें अनेक खेलों का आयोजन किया गया।जिसमें पुरुष एवं महिला वर्ग में 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ चम्मच दौड़ 400 मीटर दौड़, पुरुष एवं महिला संवर्ग में पैदल चाल तथा पुरुष एवं महिला दोनों ही संवर्ग में अलग-अलग रस्साकशी का आयोजन किया गया।खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत्यकाम ने हरी झंडी दिखाकर किया।प्रतियोगिता के उपरांत निर्णायक मंडल ने विजेताओं के नाम घोषित किए।जिनमें पैदल चाल महिला संवर्ग में डॉ0 साधना श्रीवास्तव प्रथम डॉ0 सोहनी देवी द्वितीय तथा डॉ0 नीता मिश्रा तृतीय स्थान पर रही।100 मीटर दौड़ पुरुष संवर्ग में राम प्रवेश यादव प्रथम डॉ0 योगेश कुमार यादव द्वितीय तथा डॉ0 राघवेंद्र सिंह तृतीय स्थान पर



रहे।100 मीटर दौड़ महिला संवर्ग में डॉ नीता मिश्रा प्रथम डॉ कामना यादव द्वितीय तथा कौमुदी शुक्ला तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में डॉ अनुज सिंह प्रथम डॉ योगेश कुमार यादव द्वितीय एवं प्रोफेसर संजय कुमार सिंह तृतीय स्थान पर रहे।200 मीटर दौड़ महिला संवर्ग में डॉ नीता मिश्रा प्रथम तथा डॉ कामना यादव द्वितीय स्थान पर रही।चम्मच दौड़ में विश्वविद्यालय के शिक्षक वर्ग के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।जिसमे प्रोफेसर ए.के.मलिक प्रथम प्रोफेसर एस कुमार द्वितीय तथा डॉ गोपाल कृष्ण सिंह तृतीय स्थान पर रहे।400 मीटर दौड़ में ईश्वर नाथ विश्वकर्मा प्रथम डॉ राघवेंद्र सिंह द्वितीय तथा डॉ अनुज सिंह तृतीय स्थान पर रहे।पैदल चाल में राजेश पाठक प्रथम डॉ सुभाष पाल द्वितीय तथा डॉ0 योगेश कुमार यादव तृतीय स्थान पर रहे।खेलकूद प्रतियोगिता का आकर्षण रस्साकशी का आयोजन रहा।जिसमें कुलपति ने दोनों टीमों की हौसला अफजाई की। जिसमें अंततः प्रोफेसर एस कुमार की टीम विजेता रही।जिसमें कुल 13 प्रतिभागियों की प्रतिभागिता रही।इसी तरह रस्साकशी महिला संवर्ग प्रतियोगिता मे डॉ0 सुमन सिंह डॉ0 सफीना रूबी डॉ0 सुषमा सिंह डॉ0 कौमुदी शुक्ला की टीम विजेता रही। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की।कार्यक्रम के प्रारंभ में खेलकूद आयोजन के समन्वयक प्रोफेसर संजय कुमार सिंह ने कुलपति कुलसचिव तथा विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों का स्वागत किया।खेलकूद समिति ने कुलपति कुलसचिव एवं रेफरी के रूप मे उपस्थित रहे डॉ0 बृजेश कुमार यादव एसोसिएट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा विभाग नागरिक पी.जी.कालेज जंघई को बैज लगाकर एवं कैप पहनाकर स्वागत किया गया।खेलकूद आयोजन समिति के संयोजक डॉ0 त्रिविक्रम तिवारी ने संचालन का किया।कार्यक्रम में कुलपति ने सभी का उत्साहवर्धन किया तथा विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाए एवं आयोजन मंडल को बधाई दिया।खेलकूद आयोजन समिति के सह संयोजक डॉ सुरेन्द्र कुमार ने प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों के साथ-साथ खेलकूद आयोजन समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।इस कार्यक्रम की सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के सदस्यों ने कई दिनों तक लगातार परिश्रम किया।जिसमें प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन ट्रैक का निर्माण खेल के मैदान की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था प्रमुख रही।जिससे यह कार्यक्रम सफलता की ओर अग्रसर हो पाया।अगली कड़ी में 11नवम्बर को इन्डोर गेम्स के अंतर्गत शतरंज एवं बैडमिंटन टेबल टेनिस तथा फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाएगा।

# समीक्षा बैठक होटल ताज एंड कन्वेंशन सेंटर में संपन्न हुई

जन एक्सप्रेस। आगरा

आगरा जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार तथा पंचायती राज विभाग उ.प्र.के संयुक्त तत्वावधान में होटल ताज एंड कन्वेंशन सेंटर, में 19 नवंबर 2024 प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस तथा वर्कशॉप के आयोजन से संबंधित तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक होटल ताज एंड कन्वेंशन सेंटर में संपन्न हुई। बैठक में निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने बताया कि पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार तथा पंचायती राज विभाग उ.प्र. के संयुक्त तत्वावधान एक दिवसीय वर्कशॉप तथा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। वर्कशॉप तथा कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य पंचायतीराज मंत्रालय के कार्यों की समीक्षा करना, जमीनी स्तर पर पंचायतों के माध्यम से सेवा वितरण को सघन बनाने तथा वर्कशॉप के माध्यम से इस हेतु प्रशिक्षित करना और ÷विजन 2047÷ को पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा लागू करने के लिए एक्शन प्लान बनाना है। इस महत्वपूर्ण अखिल भारतीय वर्कशॉप व कॉन्फ्रेंस सम्मेलन में असम,अरुणाचल प्रदेश,नगालैंड, महाराष्ट्र, छत्तीसगण, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों की सहभागिता होगी। केंद्र तथा सभी राज्यों के पंचायती राज मंत्रालय से संबंधित विभागों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, और अन्य प्रमुख हितधारक समूह शामिल होंगे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में देव दीपावली पर्व को भव्य एवं दिव्य रूप में मनाये जाने की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

■ डीएम ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बंधित सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार मे 15 नवम्बर 2024 को देव दीपावली पर्व को भव्य एवं दिव्य रूप में मनाये जाने की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी।कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला प्रशासन के साथ-साथ अन्य लोगो को भी कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा।दीपो को अच्छे एवं व्यवस्थित ढंग से जलाने के लिए सेक्टर वार व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस के साथ-साथ सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने मार्गों पर साइनेज तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था भी किये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि देव दीपावली पर्व के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल संगम क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा।जिलाधिकारी ने बिजली विभाग को देव दीपावली पर्व पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जाने नगर निगम को साफ-सफाई एवं पानी के टैंकर मोबाइल ट्वायलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है।जिलाधिकारी ने सभी घाटों के लिए नोडल अधिकारी भी नामित करने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को देव दीपावली पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराये जाने हेतु सौंपे गये दायित्वों को पूर्ण मनोयोग के साथ सम्पादित किए जाने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने देव दीपावली के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को महाकुम्भ 2025 को स्वच्छ प्लास्टिक मुक्त ग्रीन कुम्भ बनाने के सम्बंध में जागरूकता करने के लिए कहा है।इसके साथ ही उन्होंने महाकुम्भ के आयोजन के बारे में लोगो को जानकारी देने के लिए कार्यक्रम स्थल के पास मंच बनाने के लिए भी कहा है।जिसमें महाकुम्भ-2025 के आयोजन के सम्बन्ध में सम्बोधन/वार्ता होगी जिलाधिकारी ने देव दीपावली पर्व के अवसर पर पार्किंग प्लान बनाकर व्यवस्थित ढंग से गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए सम्बंधित को कहा है।उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ-साथ अग्निशमन अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन की गाड़ी की भी व्यवस्था करने के लिए कहा है।इस अवसर पर डीसीपी नगर अभिषेक भारती मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार तथा पुलिस विभाग के अधिकारीगणों के साथ-साथ अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बजाज फिन्सर्व एएमसी ने 'बजाज फिन्सर्व कंजम्पशन फंड' लॉन्च किया

जन एक्सप्रेस। आगरा

बजाज फिन्सर्व एएमसी ने कंजम्प्शन थीम के अंतर्गत एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम, बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड शुरू करने की घोषणा की है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 8 नवंबर को खुलेगा और इसकी न्यू फंड ऑफर अवधि 22 नवंबर 2024 को समाप्त होगी।

बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड एक ट्रू - टू - लेबल फंड है जो रणनीतिक रूप से उन क्षेत्रों में निवेश करेगा जो उभरते हुए खपत मेगाट्रेंड के साथ बढ़ रहे हैं। ये मेगाट्रेंड्स भारत भर में खपत की आदतों को आकार देने वाले प्रभावशाली मेगाट्रेंड हैं। इन परिवर्तनों की लहर पर सवारी करते इसफंड का उद्देश्य एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कंज्यूमर गुड्स, हेल्थकेयर, रियल्टी, टेलीकॉम, पावर और सर्विसेज जैसे क्षेत्रों में अवसर खोजना है, ये सभी क्षेत्र भारत की खपत वृद्धि की तेजी में योगदान दे रहे हैं।

यह फंड संभावित विकास के अवसरों की पहचान करते हुए उभरते उपभोक्ता उछाल से लाभ उठाने के लिए तैयार कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह फंड एक मार्केट - कैप - ऐग्नोस्टिक दृष्टिकोण का पालन करेगा, जो विभिन्न बाजार पूंजीकरणों में निवेश करने के लिए लचीलापन प्रदान करेगा।

लॉन्च पर बोलते हुए, बजाज फिन्सर्व एएमसी के सीईओ, श्री गणेश मोहन कहते हैं, आय के स्तर और शहरीकरण में वृद्धि तथा लोगों के बुनियादी से विवेकाधीन खर्च की तरफ रुझानों के कारण भारत का उपभोग परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल रहा है।

# किशोरी को खींचने के विरोध में भाजपा विधायक के चचेरे भाई की हत्या

- थाना पर विवाद का वीडियो लेकर कार्रवाई की गुहार लगाते रहे पीड़ित
- पथराव और मारपीट में दोनों पक्षों के नौ लोग घायल

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**





वैवाहिक रस्म के दौरान नाबालिक किशोरी को खींचने का विरोध करने पर आरोपितों ने पथराव और लाठी, ठंडा, बांका से हमला कर वृद्ध की निर्मम हत्या कर दी। पथराव में गर्भवती महिला सहित दोनों पक्ष के 9 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने गांव पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गए। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी हुई है। आरोपितों के विरुद्ध तहरीर दी गई है।





घटना घुंघचाई थाना से एक कि.मी दूर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के पैतृक गांव में हुई। मृतक फूलचंद (60) के पुत्र राजू ने बताया कि 14 अक्टूबर को पड़ोस के एक ग्रामीण का माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव जमुनिया निवासी रिश्तेदार उसकी नाबालिक पुत्री को भगा ले गया था। दोनों पक्षों में वार्ता के बाद किशोरी को उसके स्वजनो के सुपुर्द कर दिया गया था। आपसी सहमति के कारण पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। 12 नवंबर को राजू के पुत्र सोनपाल का विवाह है।शनिवार महिलाएं तेल पूजन (वैवाहिक रस्म)के बाद घर वापस लौट रही थी। आरोप है कि ग्रामीण ने रिश्तेदार को बुला लिया था।सुनियोजित ढंग से किशोरी को खींचने का प्रयास किया। विरोध पर आरोपितों ने पथराव शुरू कर दिया। लाठी ठंडे, बांका, तलवार, लेकर घर में घुस आए। आरोपितों ने वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पथराव में गर्भवती महिला सहित दोनों पक्ष के नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात से गांव में खलबली मच गई। आनन-फानन में सभी को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी ने गांव पहुंचकर जांच की। देर रात गांव में पुलिस मौजूद रहीं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपित महेंद्र को पकड लिया।

### घटना के बाद सीएचसी पंहुचे भाजपा विधायक

पैतृक गांव में चचेरे भाई की हत्या के बाद भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने सीएचसी पहुंचकर घटना की जानकारी ली ।सीएचसी अधीक्षक को घटना में घायल लोगों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए।

> घटना की सूचना पर गांव पहुंचा था। एक आरोपित को हिरासत में लिया गया है। घायलों का सीएचसी में उपचार चल रहा है ।तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **विशाल चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर**

# घुंघचाई पुलिस की लापरवाही से चली गई वृद्ध की जान

- विवाद की वीडियो बनाकर तीन बार थाना पंहुचे पीड़ित
- पुलिस की लापरवाही से हुआ खूनी संघर्ष

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

थाने से महज एक कि.मी दूर गांव में उदरहा में विवाद की तीन बार सूचना के बाद भी पुलिस मनमानी पर अडी रही। बेखोफ आरोपितों ने लाठी, डंडे, बांका से पीट पीट कर वृद्ध की हत्या कर दी। आधे घंटे तक हुए खूनी संघर्ष के बाद भी पुलिस वारदात को लेकर शिथिल बनी रही। पुलिस घटना को लेकर सजग रहती तो शायद वृद्ध की जान न जाती। उदरहा निवासी मृतक फूलचंद के बेटा रामसहाय ने बताया की सुबह दस बजे के करीब आरोपितों ने उनके साथ गाली गलौज कर विवाद किया। इसपर वह घुंघचाई पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई के बजाए घटना को मामूली विवाद बताकर सिरे से नकार दिया। ग्रामीण का आरोप है कि घर पहुंचने पर आरोपित फिर हमलावर हो गए। मारपीट शुरू कर दी। इसका वीडियो बनाकर वह पुलिस के पास दोबारा शिकायत करने पहुंचे। पुलिस ने मामूली विवाद बताकर वहां जाना तक मुनासिब नहीं समझा। इसपर आरोपितों के हौसले बुलंद हो गए। रामसहाय ने बताया कि तीसरी बार आरोपित फिर हमलावर हुए। लाठी, डंडा, धारदार हथियार, बांका आदि से लैस होकर नाबालिग भतीजी को खींचकर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। विरोध में सभी को पीटा। वृद्ध पिता की पीट लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी। थाना पुलिस अगर गंभीरता बरतती तो शायद पिता की जान नहीं जाती। पुलिस के लापरवाही और शिथिलता की वजह से पिता को जान गंवानी पड़ी। आरोपित आधे घंटे तक पिता पर ताबड़तोड़ लाठी डंडे बरसाते रहे। पुलिस थाने से वहां झांकने तक नहीं गई। जबकि पुलिस के मुखिया घटनाओं को लेकर रोजाना ही अधीनस्थों को निर्देशित करते हैं। इसके बाद भी यह हाल है। वृद्ध के स्वजन पुलिस की शिथिलता और लापरवाही की कहानी चीख चीखकर कहते नजर आए। उनमें थाना पुलिस की कार्यशैली और लापरवाह रवैया को लेकर भारी रोष देखा गया।

> शनिवार को झगड़े की कोई सूचना नहीं दी गई। जिस मामले में सूचना दी गई वह दूसरा है। पुलिस पर लापरवाही का आरोप गलत है। अगर सूचना दी जाती तो पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर कार्रवाई अवश्य करती।
>
> **विशाल चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर।**

# सभी दोषियों पर हो कार्रवाई मृतका के परिजनों को मिले एक करोड़ का मुआवजा–नफीस अहमद अंसारी

- अमरिया पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल एसओ ब्रजबीर सिंह सहित सभी दोषियों पर कार्यवाही की मांग

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**





विगत दिवस पूर्व अमरिया निवासी दुष्कर्म पीड़िता को जब न्याय नहीं मिला तो वो जहर खाकर थाने पहुंच गई. जिसके बाद पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उसकी मौत हो गई।
इस पूरे मामले को लेकर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व मे सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर आज अमरिया पहुंचा जहां पुलिस पर और प्रदेश सरकार पर प्रतिनिधि मंडल ने जमकर आरोप लगाए जिससे पुलिस फंसती नजर आ रही हैं। परिजनों के अनुसार प्रेमिका को जब प्यार में धोखा मिला तो वह पुलिस के पास न्याय की गुहार लगाने गई. लेकिन पुलिस ने उससे कहा कि जाओ जहर खा लो. जिसके बाद युवती जहर खाकर थाने आ गई थी आनन-फानन में युवती को इलाज के लिये सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया. लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मरने से पहले युवती ने थाना अमरिया प्रभारी ब्रज वीर सिंह पर गंभीर आरोप लगाया था। जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है वीडियो में पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका प्रेम प्रसंग क्षेत्र के एक युवक से काफी सालों से चल रहा था. युवती ने उसको काफी पैसा भी दिया और विदेश भेजा. अब जब युवक विदेश से वापस आया तो शादी करने से मुकर गया और दूसरी युवती से शादी कर ली युवती ने 10 माह पहले आरोपी पर मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया. आरोप है कि पुलिस ने आरोपी युवक से पैसा ले लिया. पुलिस की कार्यशैली से आरोपी की हिम्मत बढ़ गई और उसने दूसरी जगह 20 अक्टूबर को शादी कर ली. अब पिछले 10 दिन से युवती लगातार थाने में ही आरोपी पर कार्रवाई करने के लिए बैठी थी. लेकिन आरोप हैं। थाना अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह उसका मानसिक शोषण कर रहे थे बुधवार देर शाम ब्रजवीर सिंह ने पीड़िता से जहर खाकर जान देने के लिए कह दिया. इसके बाद युवती ने जहर खा लिया पुलिस ने आनंन- फानन में पीलीभीत जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर होने पर बरेली हायर सेंटर रेफर किया गया।
लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने इस दौरान कहा की ÷इस पूरे मामले मे पुलिस की कार्यवाही पर प्रश्न चिन्ह हैं। भाजपा सरकार मे बलात्कार, छेड़छाड, हत्या लूट की घटनाए आम हो गई हो प्रशासन और शासन मूकदर्शक बना है अपराधी बेलगाम है ऊपर-से-नीचे तक महा-भ्रष्टाचार में लिप्त भाजपा राज में पुलिस के भ्रष्ट और अमानवीय व्यवहार से दुखी होकर, महीनों की हताशा के बाद, दुष्कर्म की शिकार पीलीभीत की एक युवती का ज़हर खाकर आत्महत्या करना बेहद दुखद घटना है भाजपा वाले 'महिला सुरक्षा' पर क्या अब क्या कहेगे अधिकारियों की बेईमानी में भाजपाइयों की हिस्सेदारी ही समस्या की मूल जड़ है। इसकी गहन जांच हो एसओ सहित सभी दोषियों और जिसको भी इस घूस में हिस्सा मिला है उस पर दंडात्मक कार्रवाई हो। उन्होंने पीड़ित परिवार को 1 करोड़ का मुआवजा मृतका के परिजनों को देने की मांग की जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने के लिये हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल मे जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, जिला उपाध्यक्ष मखडूम खा, जिला उपाध्यक्ष अकबर अहमद अंसारी, जिला सचिव आदिल मलिक सहित क़ई अन्य कार्यकर्ता एव पदाधिकारी उपस्तिथ रहे।

# बदलापुर महोत्सव के मुख्यअतिथि होंगे असम के राज्यपाल- रमेश चंद्र मिश्र



**जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित**

जौनपुर जिले के विधान सभा बदलापुर स्थित सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज के प्रांगण में दो दिवसीय बदलापुर महोत्सव आठ दिसंबर को आयोजित है महोत्सव का एक-एक पल यादगार होगा महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में असम के महामहिम राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य होंगे उक्त जानकारी क्षेत्रीय भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने दी है श्री मिश्र ने बताया का महामहिमा राज्यपाल से मुलाकात कर महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया है महामहिम की सहमति प्राप्त हुई है ।इस दौरान सामूहिक विवाह समारोह में बर-वधू को मंत्रोचार के माध्यम से काशी मथुरा अयोध्या से आए हुए साधु संतों का शुभ आशीष भी प्राप्त होगा इस दौरान सांस्कृतिक संध्या पर स्थानीय प्रदेश देश व अन्य प्रदेशों के नामचीन कलाकार शामिल होंगे।

# विभाग के अधिकारियों से मिलकर ठेकेदार हरे भरे पेड़ों का कर रहे हैं कटान




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद की तहसील बीसलपुर के गांव पहाड़गंज में बिना परमिट के ठेकेदार ने तीन गूलड़ के पेंड़ काट लिये। दो पेंड़ों को ठेकेदार ने काटकर बिक्री कर लिये। एक पेंड़ मौके पर पड़ा हुआ है लेकिन वन विभाग के अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। वन विभाग के अधिकारियों से मिलकर लगातार ठेकेदार बिना परमिट के हरे भरे पेड़ों का कटान कर रहे हैं। एक ओर सरकार पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपड़ कराती है। तो दूसरी ओर पर्यावरण खत्म करने के लिस वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ठेकेदारों से मिलकर कटान करा रहे हैं। चर्चा होने पर वन विभाग के रेंजर रोहित जोशी ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही कर रस्म अदायगी कर देते हैं। अगर तीन पेंड़ कटे तो एक पेंड़ का रबन्ना काटकर कागजी कार्यवाही पूर्ण कर लेते हैं। इसीलिए क्षेत्र के ठेकेदारों की हरे भरे पेड़ों को काटकर बल्ले बल्ले हो रही है। उधर रेंजर रोहित जोशी का कहना है कि बिना परमिट के कोई भी ठेकेदार पेड़ों का कटान नहीं कीता है। यदि किसी ठेकेदार ने बिना परमिट के प्रतिबंधित पेड़ों को काटा है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। पहाड़गंज में पेंड़ों को काटने की सूचना मिली है। ठेकंदार के खिलाफ कार्यावही की गयी है।

# चाय बनाने के दौरान सिलेंडर में आग लगने से झुलसी महिला, गंभीर

- गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर
- पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने सीएचसी में दर्ज किए बयान

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**




रसोई में चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर का पाइप लीक होने से अचानक आग लग गई। चपेट में आने से महिला बुरी तरह झुलस गई। गंभीर हालत में सीएचसी लाने पर पीलीभीत रेफर कर दिया गया। सीओ और तहसीलदार ने सीएचसी पहुंचकर महिला के बयान दर्ज किए। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव नरायनपुर निवासी गुड्डू लाल की पत्नी काजल शनिवार की दोपहर घर पर अकेली थी। गैस चूल्हे पर चाय बनाते समय सिलिंडर ने अचानक आग पकड़ ली। तेज लपटों के साथ आग जलने लगी। चपेट में आकर काजल बुरी तरह से झुलस गई। चीख पुकार सुनकर आस पास के लोगों दौड़ पड़े। बमुश्किल सिलिंडर में लगी आग पर काबू पाया गया। महिला को एबुलेंस की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डाक्टर ने महिला की हालत चिंताजनक होने पर पीलीभीत रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी, नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित और अभिषेक त्रिपाठी मौके पर पहुंच गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि सूचना पर अस्पताल पहुंचकर जानकारी जुटाई गई।
खाना बनाते समय महिला गैस सिलिंडर में लगी आग की चपेट में आने से झुलसी है।
किसी प्रकार का कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं हैं।

# कब्रिस्तान पर हो रहे अवैध निर्माण को नागरिकों ने किया ध्वस्त

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



दबंगों द्वारा कब्रिस्तान पर कब्जा कर निर्माण कार्या शुरु कर लिया गयां जिससे नगर बासी काफी परेशान हो गये। नागबासियों ने तहसील परिसर पर पहुंच कर सांकेतिक धरना देकर उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। उपजिलाधिकारी ने कब्रिस्तान की जगह से कब्जा हटवाये जाने का अस्वाशन दिया। बीसलपुर बरेली मार्ग एसडीएम आवास के सामने सैकड़ों साल पुरानी कब्रिस्तान की जगह पड़ी हुई है। जिस पर मुस्लिक समाज के लोगों ने ही अबैध रुप से कब्जा कर निर्माण कार्यशुरु करा दिया जिससे नगरबासियों का गुस्सं फूट पड़ा। गुस्सांए नगरबासियों ने तहसील परिसर पहुंच कर सांकेतिक धरना शुरु कर दियां उपजिलाधिकारी नागेन्द्र पाण्डेय ने समझा बुझाकर कब्रिस्तान की जगह से कब्जा हटवाये जाने का अश्वासन देकर धरना तुड़वा दिया लेकिन नगरबासियों कागुस्सां इतने पर भी शांत नहीं हुआ।
उन्होंने कब्रिस्तान जाकर निर्माण कार्य रुकवाकर उसे धवस्त करना शुरु कर दिया।
पहली बार महिलाओं को निर्माण ध्वस्त करते देख आस पास के लोग एकत्र हो गये।
मामले की सूचना कातवाली पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही कस्वा इंचार्ज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये।
पुलिस ने बमुश्किल निर्माण कार्य ध्वस्त होने से रोका और उन्हें समझा बुझाकर घर भेज दिया।

# लक्ष्मण ने काटी सूर्पनखा की नाक, सीता को हर ले गया रावण

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



शाहगंज। बीबीगंज चौकी क्षेत्र के गोड़िला फाटक बाजार में श्री बजरंग नवयुवक रामलीला समिति के छठवें दिन समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश राज्य के केसीसी बिल्डकॉन कंपनी के सीओ राकेश गुप्ता रहे।
क्षेत्र के गोड़िला फाटक बाजार में चल रही रामलीला में शुक्रवार की रात को सुपर्णखा की नाक कटने, खर, दूषण वध व सीता हरण लीला का मंचन किया गया। जिसे देख दर्शक भावविभोर हो गए।
रामलीला का शुभारंभ बाबा भोलेनाथ की आरती के बाद किया गया जिसमें दिखाया गया कि राम-लक्ष्मण सीता सहित वन चले जाते हैं। जब भरत को यह पता चलता है तो वह माता केकैयी के पास जाते हैं और उन्हें बुरा भला बोलते हैं। कहते हैं मुझे राज्य नहीं चाहिए मुझे भाई राम चाहिए। तब माता कैकेयी बताती हैं कि मन्थरा ने उन्हें भड़का दिया था। भरत भगवान राम को ढूंढने के लिए वन की ओर चले जाते हैं, जहाँ भगवान मिलते हैं और भरत कहते हैं कि भैया आप अयोध्या चलकर राजकाज संभाले। राम के समझाने पर भरत भगवान राम की खड़ाऊ सिर लेकर अयोध्या वापस आते हैं और राजगद्दी पर खडाऊ रखकर राजकाज में लग जाते हैं।
उधर वन में सूर्पणखा राम-लक्ष्मण और सीता को देख लेती है और राम को मोहित करते हुए कहती है कि आप मुझसे विवाह कर ले। लेकिन राम उसके छल-कपट को पहचान कर अनुज लक्ष्मण के पास भेज देते हैं। लक्ष्मण के विवाह से इंकार करने पर वह क्रोधित होकर अपने असली राक्षसी रूप में प्रकट हो जाती है। राम का संकेत पाते ही लक्ष्मण उसके नाक कान काट देते हैं। नाक कटने के बाद वह खर-दूषण के पास जाती है। और सारी आपबीती बात बताती है उसके बाद खर-दूषण राम-लक्ष्मण से युद्ध करने आते हैं परन्तु दोनो ही मारे जाते हैं।
इसके बाद सुपर्णखा रोते हुए रावण के पास पहुंचती है और कहती है, अरे मूढ़ मदपान कर सोता है दिन रात, शत्रु शीष पर आ गया, नहीं तुझे क्या ज्ञात। इसके बाद सुपर्णखा पूरा बात रावण को बताती है। खर-दूषण के वध के बारे में भी बताती है। तब रावण सुपर्णखा के अपमान का बदला सीता हरण करके लेने को कहता है। रावण मामा मारीच को स्वर्ण मृग बनाकर भेजता है। जब राम-लक्ष्मण उस मृग को मारने के लिए जाते हैं तब रावण साधू वेश धारण कर छल कपट के द्वारा सीता का हरण करके लंका ले आता है।
मंचन में राम का पाठ अनुप श्रीवास्तव, लक्ष्मण का पाठ पप्पू शर्मा, सीता का पाठ सुजीत गुप्ता, रावण का पाठ सूरज साहू, रावण पुत्र खर-दूषण का पाठ अनूप जायसवाल, सुरेश गुप्ता व बिंद गुप्ता ने किया
इस मंचन के दौरान रामलीला समिति के अध्यक्ष रोहित गुप्ता, उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल, निर्देशक राजेश गुप्ता, रमाशंकर गुप्ता, शशिकांत विश्वकर्मा, प्रियांशु गुप्ता, सन्तोष भारती, वीरेंद्र यादव, शुभम यादव, जगत नारायन गुप्ता, सतेन्द्र चौहान, अंगद गुप्ता, आकाश साहू, सुरेश गुप्ता, सुनील विश्वकर्मा, बृजेश विश्वकर्मा, रामउदार विश्वकर्मा, मिथिलेश प्रजापति, सुमित गुप्ता, सहित आदि लोग मौजूद रहें।

# रास्ते पर बाघ को देख सहमे बाइक सवार युवक, ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौके पर जुटे दर्जनों ग्रामीण

- आधा घंटे तक लेटा रहा बाघ, वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



रास्ते पर जा रहे बाइक सवार युवक बाघ को देख सहम गए।बाइक छोड़कर दबे पांव भागे। सूचना पर ट्रैक्टर ट्राली लेकर ग्रामीण पहुंचे। आधा घंटा शोर किया जिसपर बाघ गन्ने के खेत में चला गया। मामले की सूचना वन विभाग को दी गई।
पीटीआर की हरीपुर रेंज से सटे शारदा नदी की तलहटी में बसे गांव चंदिया हजारा की आबादी के आस पास बाघ कई दिनों से चहलकदमी कर रहा है। अक्सर रास्ते और खेतों में लोगों को बाघ घूमते हुए मिल जाता है। शनिवार को गांव के सूरज और धनपति खेत देखकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में पुलिया के पास बाघ लेटा देखकर उनकी घिग्घी बंध गई। बाइक को पुलिया पर छोड़कर दबे पांव दोनों ग्रामीण भागे। कुछ दूर जाकर उन्होंने स्वजन को रास्ते में बाघ लेटा होने की जानकारी दी। इसपर बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर ग्रामीण पुलिया पर पहुंचे। उन्होंने शोर शराबा किया। इसपर बाघ डेढ़ सौ मीटर दूर जाकर खेत में फिर लेट गया। ग्रामीण शोर शराबा करते रहे लेकिन बाघ नहीं हटा। इसपर मामले की सूचना हरीपुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी वीरेन्द्र कुमार रावत को दी गई। वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आधा घंटा की मशक्कत के बाद बाघ गन्ना के खेत में चला गया। इसपर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जंगल से निकाला बाघ बीते एक माह से क्षेत्र में दहशत का पर्याय बना हुआ है ।शुक्रवार सुबह बाघ रास्ते पर चहलकदमी करते देखा गया था। जिसका ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया था।

## करियर मेले में उमंग और अवसर, विद्यार्थियों को मिला भविष्य संवारने का मार्गदर्शन

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**। धर्मापुर स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उत्तरगावां में आज करियर मेले का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को उनके भविष्य को संवारने के लिए विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिला। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग और सतर्कता विभाग के अनुभवी अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने छात्र-छात्राओं के विभिन्न करियर विकल्पों पर जानकारी साझा की। करियर मेले में बच्चों के करियर संबंधी सवालों के लिए पंख डायरी और प्रश्न बॉक्स卐 जैसे आकर्षक माध्यमों का उपयोग किया गया, जिससे विद्यार्थियों को अपने सपनों की दिशा में आगे बढ़ने का सटीक मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए लघु नाटक ने भी सबका ध्यान खींचा और जीवन में करियर की महत्ता को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य रवींद्र नाथ ने इस आयोजन का नेतृत्व करते हुए विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और उसी दिशा में उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों को न केवल करियर की दिशा में मार्गदर्शन मिलता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। कार्यक्रम का संचालन नोडल अनीता गुप्ता, सहायक अध्यापिका अंजली बाला और सरिता कुमारी ने कुशलता से किया।

# रामसिंह मार्केट में सलमा की दुकान पर दबंगों ने किया कब्जा, शिकायत

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी





जिले में पूर्व में गोपनीय और खुलेआम सक्रिय रूप में भू-माफिया जिलाधिकारी के लिए चुनौती बन चुके है। एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को अपराध मुक्त करने के सपना बुन रहे है, तो वही बाराबंकी शहर में बीचोबीच बाजार में एक महिला को सम्पत्ति के लिए न्याय मिलना तो दूर, भू माफिया को सफ़ेदपोश नेताओं का संरक्षण होने से मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के सामने जिले के विकास से लेकर भ्रष्टाचार, अनियमितता और अवैध कब्जेदारो से जिले को मुक्त कराने के लिए प्रयासरत है। प्रत्येक अधिकारी उनसे प्रभावित है, जिसकी वजह अनेक चुनौतियों से निपटते हुए जिले में व्याप्त खामियों को डीएम द्वारा दूर किया जा रहा है। उनके द्वारा जैसे - जैसे उपलब्धियां हासिल की जा रही पीछे से सुरसा की तरह मुँह फैलाये अराजक तत्व उनकी मुहिम को चुनौती दे रहे है। लेकिन शहर से जुड़े मामले में नारी शक्ति ने इस बार हार नहीं मानने की कसम खा ली है। ये प्रकरण जिला मुख्यालय में शहर के बिल्कुल मध्य धनोखर चौराहा स्थित चर्चित रामसिंह मार्केट का है। बीच बाजार में स्थित इस मार्केट के तीसरे तल पर पांच दुकानों की मालिक सलमा की दुकानो पर भू माफिया की नजर पड़ने के बाद उसके परिवार पर खतरा मंडराने लगा है। आयशा की दुकान संख्या 43 में सेंध काटकर कब्जा करने वाले बड्डू उर्फ़ बब्लू सिन्हा खाली करने की बजाय उसे जान माल की धमकी देकर फ़ौजदारी पर आमादा हो गया। सलमा का कहना है विपक्षी बड्डू उसका बड़ा भाई संजय और छोटा पिंटू को राजनीतिक शरण प्राप्त होने से उनके हौसले बुलंद है। सलमा ने अपनी संपत्ति और परिवार की सुरक्षा के लिए कमर कसते हुए बड्डू उर्फ़ बब्लू की कारगुजारी की नगर पालिका और पुलिस प्रशासन में लिखित शिकायत की है। क्योकि बड्डू की दुकान सलमा की बंद पड़ी दुकान के नीचे थी। जिसका फायदा उठाकर रातो रात अपने गुर्गो की मदद से उनमें नीचे से सेंध काटकर अवैध कब्जा कर लिया।

जानकारी होने के बाद सलमा बेगम ने जब-जब विरोध किया तब अपने गुर्गो के साथ बड्डू गाली- गलौच और फ़ौजदारी पर आमादा हो गया। इतना ही नहीं उसने अपनी पहुंच के दम पर नगर पालिका परिषद नवाबगंज से उसकी दुकान का नंबर तक बदलवाने की धमकी दे डाली है। फिलहाल सलमा अपनी दुकानो को बचाने के लिए अधिकारियो के दफ्तर के चक्कर लगा रही है।

# शिक्षा नीति के साथ खिलवाड़ कर रही योगी सरकार– धर्मवीर

- आप ने सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी



उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के 27731 स्कूलों के बंद करने की खबर के बाद मचे राजनीतिक बवाल के बीच आम आदमी पार्टी ने अब इस मुद्दे को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा है। शनिवार को मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में आप ने जोरदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। आप नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपना निर्णय वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार पर 27 हजार सरकारी स्कूल को बंद करने की साजिश करने का आरोप लगाया है। आप जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि योगी सरकार का यह फैसला शिक्षा के अधिकार पर सीधा प्रहार है। पहले ही 2020 में 26 हजार सरकारी विद्यालय बंद किए जा चुके हैं, और अब 27 हजार और विद्यालयों को बंद करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। यह साफ तौर पर निजी स्कूलों को बढ़ावा देने की कुटिल चाल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार हर बच्चे का मौलिक अधिकार है और इसकी रक्षा के लिए आम आदमी पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करेगी। धर्मवीर सिंह ने बताया कि योगी सरकार द्वारा जानबूझकर सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों को मान्यता देने और उन्हें खोलने की नीति अपनाई जा रही है, ताकि सरकारी विद्यालयों में छात्र की संख्या कम हो सके और उन्हें बंद करने का रास्ता तैयार हो। यह एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है, जिसके अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों की अनुमति दी जा रही है, जबकि नियमानुसार 1 किलोमीटर की परिधि में ऐसे विद्यालयों को मान्यता नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार के इस कदम से आम जनता में भारी नाराजगी हैं। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि हर जनपद के हर ब्लॉक में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए

जो सरकारी विद्यालयों के पास स्थित हैं और अवैध रूप से खोले गए हैं।

यह एक गंभीर मामला है, क्योंकि इन निजी विद्यालयों की अनुमति देने से सरकारी विद्यालयों में छात्रों की संख्या घटती है और उनका अस्तित्व संकट में आ जाता है। प्रदर्शन में ज़िला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में मुन्ना रावत, अरविंद यादव, आकाश वर्मा, बृजेन्द्र कुमार, सुजीत कुमार आदि शामिल रहे।

# गड्ढे में पहिया जाने से पलटी तेज रफ्तार मिनी बस, 21 घायल

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

औरास। चकलवंशी-संडीला मार्ग पर एक्सीलेटर वायर टूटने से मिनी बस अनियंत्रित हो गई। पहिया सड़क के गड्ढे में जाने से बस सड़क किनारे खंती में चली गई। हादसे में 21 सवारियां घायल हुई हैं। सीएचसी से तीन को ट्रामा सेंटर लखनऊ और एक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। दो निजी अस्पताल चले गए। घटना के बाद चालक भाग निकला।

उन्नाव से 21 सवारियां लेकर मिनी बस शुक्रवार दोपहर 12 बजे हरदोई के संडीला जाने के लिए निकली थी। गाड़ी पवन चला रहा था। दोपहर करीब तीन बजे चकलवंशी-संडीला मार्ग पर शीशी चौराहे के पास बस के एक्सीलेटर का वायर अचानक टूटने से बस अनियंत्रित हो गई। हाथ में एक्सीलेटर का टूटा वायर पकड़कर बस चला रहे चालक से गाड़ी अनियंत्रित हो गई। इससे सड़क किनारे बने गड्ढे में आगे का पहिया जाने से बस आगे जाकर खंती में पलट गई। घटना से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की भीड़ के साथ थानाध्यक्ष, डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर सभी घायलों को बस से निकालकर नौ एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है– प्रीती सिंह

- ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का एसडीएम ने किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी



सिरौलीगौसपुर। राजकीय इंटर कालेज परिसर में ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीआईसी सिरौलीगौसपुर के प्रधानाचार्य अनंत कुमार यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में कुल 08 न्याय पंचायत के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रेस, कबड्डी, खो खो, लंबी कूद, गोला फेंक इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। 100 मीटर,200 मीटर दौड़ में अंशिका ने प्रथम स्थान, प्राथमिक स्तर 50,100 मीटर में हसनैन ने प्रथम स्थान, लंबी कूद में दीपांशी, कबड्डी में कंपोजिट विद्यालय महमूदाबाद की टीम विजई रही। विजयी छात्र छात्राओं को उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीती सिंह ने प्रमाण पत्र व मेडल वितरित किए एवं समस्त छात्र छात्राओं को पठन पाठन के साथ साथ खेल कूद के महत्व को बताया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। प्रतिदिन छात्र छात्राओं को खेल कूद के माध्यम से अपने स्वास्थ्य को सदैव उत्तम बनाए रखने की सीख दिया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह, दिलीप तिवारी, कुसुम लता, अपर्णा श्रीवास्तव, पूनम वर्मा, आशुतोष वर्मा, सौरभ दीक्षित, रामपाल रावत, रक़ीम अंसारी, अभिषेक तिवारी, शिवा जी मिश्र, प्रहलाद कन्नौजिया, अमित मिश्र, धर्मराज, राजनरायन तिवारी, मुहम्मद इरफान, आनंद सिंह, आदर्श सिंह, इंद्रेश यादव, अरविंद सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# सब्जी विक्रेता खड़े डमफर से टकराया, मौत

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र में उतरी पूरा चौकी के मोहनपुरवा जीटी रोड पर खड़े डमफर से सब्जी विक्रेता की दर्दनाक मौत हो गई

सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज उत्तरीपुरा अमित कुमार ने पूरा शान्ती नगर निवासी प्रभात राठौर उम्र 55 वर्ष के रुप में पहचान की पूरा मामला उत्तरीपुरा मोहनपुरवा रेलवे क्रॉसिंग का है जहां पर सुबह रोज की तरह प्रभात राठौर सब्जी लेने के लिए बिल्हौर की ओर जा रहे थे तभी रास्ते में मोहन पुरवा क्रॉसिंग के पास खड़े डंपर में पीछे से मोटरसाइकिल यूपी एफडी 9603 पैशन प्रो जा टकराईं जिससे मौके पर प्रभात राठौर सब्जी विक्रेता की दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही डंपर को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए विधिक कार्रवाई करने का परिजनों को आश्वासन दिया। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है प्रार्थना पत्र के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत पूरा कस्बे में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी उपकेंद्र के अंतर्गत गांवों में स्वास्थ्य कैंप लगाए जा रहे हैं उन स्वास्थ्य कैंपों के अंतर्गत लोगों का निशुल्क परीक्षण और दवाएं मुफ्त में बांटी जा रही हैं। साथ ही लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है दवा का छिड़काव और नियमित आसपास अपनी सफाई रखें जिससे बीमारियों से बचा जा सकता है जहां पर ज्यादा गंदगी वहां पर बीमारियां भी बहुत पनपती हैं। उत्तरीपूरा फकीरन टोला मोहल्ला में खुले तालाब में शौचालय की वजह से गंदगी व बुखार से पीड़ित लोगों ने अधीक्षक डॉक्टर दिलीप कटियार से संपर्क किया स्वास्थ्य शिविर के लिए जिसके बाद अधिक्षक के द्वारा स्वास्थ्य टीम को भेज कर शिविर लगवाया गया जिसमें लगभग 105 मरीजों ने जांच कराकर कर मुफ्त में दवाइयां ली और डॉक्टरों को बताया कि मोहल्ले में एक तालाब है जिसमें लगभग 70त्न ग्राम वासियों के खुले शौचालय की गंदगी फैल रही है जिससे लोग बुखार व जुकाम से ग्रसित है वहीं स्वास्थ्य टीम ने लोगों को आश्वासन दिया कि अधिकारियों को सूचित किया जाएगा और जो लोग तालाब में खुले शौचालय से गंदगी फैला रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी।

# चित्रकूट भ्रमण के लिए वृद्धाश्रम के 40 संवासी रवाना

जन एक्सप्रेस | कन्नौज



जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में निवासरत 40 वृद्धजनों को चित्रकूट धाम की तीर्थ यात्रा हेतु बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सभी वृद्धजनों की सुखद व मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि तीर्थ यात्रा से मन शांति होने के साथ नई ऊर्जा मिलती है। तीर्थ यात्रा से स्वास्थ्य लाभ होने के साथ- साथ पौराणिक जगहों पर जाने से देवी देवताओं से जुड़ी कथाएं और परंपराएं मालूम होती हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों को तीर्थयात्रा में जाने की काफी उत्सुकता थी, जिसको दृष्टिगत रखते हुए तीर्थयात्रा हेतु भेजा जा रहा है। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि यात्रा में वृद्धजनों को पानी, भोजन आदि सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होना चाहिए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी एस0 पी0 सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा वृद्धजनों की तीर्थ यात्रा की अच्छी पहल चलाई गई है,

इससे वृद्धजनों को मानसिक तनाव कम होने के साथ सुखद का एहसास होता है। बताया कि जिलाधिकारी की पहल पर 40 वृद्धजनों को चित्रकूटधाम की तीर्थ यात्रा पर भेजा जा रहा है, इससे पूर्व गत वर्ष में 40 वृद्धजनो को मथुरा, वृंदावन की तीर्थ यात्रा हेतु भेजा गया था।

# परिवहन विभाग ने की छूट की घोषणा, एआरटीओ बोली सभी लाभ उठाएं

जन एक्सप्रेस | कन्नौज




सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया 6 नवम्बर से 3 माह की अवधि के लिए परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश में पंजीकृत समस्त प्रकार के परिवहन यानों (कामर्सियल गाड़ियों) के बकाया रोड टैक्स पर लगने वाली पेनल्टी (शास्ति) में निबंधन और शर्तों पर छूट प्रदान की गई है, परिवहन यानों के ऐसे समस्त स्वामी अथवा उनके विधिक वारिस, जिनके मामले विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लम्बित हों परन्तु यह कि, इस सुविधा के लाभ हेतु उक्त यान पात्र नहीं होंगे जिसमें अधिसूचना निर्गत होने के दिनांक को या उसके पश्चात रजिस्ट्रीकृत समस्त प्रकार के परिवहन यान, समस्त प्रकार के अरजिस्ट्रीकृत परिवहन यान, जिन पर अधिसूचना के दिनांक के पूर्व तक बकाया कर संदेय हो एवं लम्बित बकाया जमा न हो। साथ ही परिवहन यानों के ऐसे समस्त स्वामी अथवा उनके विधिक वारिस, जिनके कर/शास्ति के विरुद्ध अपील/पुनरीक्षण, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) अथवा उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) के समक्ष लम्बित हों। उन्हें वाद प्रत्याहृत करने के लिए, यथास्थिति सम्बन्धित न्यायालयों/उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र)/उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा। ऐसे परिवहन यानों के स्वामी या वित्त पोषक, जिन पर मोटरयान अधिनियम, 1988 (अधिनियम संख्या 59 सन् 1988) की धारा 51 के अधीन कब्जा कर लिया गया हो। परिवहन यानों के समस्त स्वामी अथवा उसके विधिक वारिस, जिनके विरुद्ध इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक तक कर एवं शास्ति हेतु वसूली प्रमाण पत्र जारी किया गया हो, भी इस अधिसूचना के अधीन पात्र होंगे। यान स्वामी अथवा उसके विधिक वारिस को विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)/ कराधान अधिकारी को तिपहिया एवं हल्के मोटर यानों (7500 कि0ग्रा0 सकल यान भार तक) के मामले में आवेदन शुल्क के रूप में 200/- रूपये की धनराशि एवं अवशेष यानों हेतु आवेदन शुल्क के रूप में 500/- रूपये की धनराशि सहित आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन, इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से अधिसूचना के प्रभावी होने के दिनांक तक किया जायेगा। इस छूट से सम्बन्धित कोई सूचना यान स्वामियों को पृथकतः नहीं दी जायेगी। इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से पूर्व किसी परिवहन यान के विरुद्ध जमा कर एवं शास्तियां प्रतिदेय नहीं होगी। आवेदक/ लाभार्थी को सम्बन्धित जिला के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) के कार्यालय में परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करना होगा। सम्बन्धित सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन)/ कराधान अधिकारी कार्यालय द्वारा शासकीय अभिलेख के आधार पर आवेदन का परीक्षण करने के पश्चात इस अधिसूचना के अधीन अनुवर्ती कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। परिवहन विभाग, कन्नौज ने जनपद के समस्त वाहन स्वामियों से अपील की है कि अपनी कामर्शियल गाड़ियों के बकाया रोड टैक्स पर लगने वाली पेनाल्टी में पूरी छूट का लाभ उठाये।

# थाना दिवस में प्रशिक्षु एसीपी व कोतवाल ने शिकायतें सुनीं, चार शिकायतें आई



जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कोतवाली में शनिवार को थाना दिवस के मौके पर प्रसिशु एसीपी, पीपीएस कृष्णकांत व थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज तहसील के कानूनगो और लेखपाल ने मौजूद रहकर शिकायतें सुनी शिकायत कर्ताओं में ज्यादातर शिकायतें पारिवारिक विवाद मेड काटकर रास्ता विरुद्ध, चक रोड जोत लेना नाली खडंजा विवाद की शिकायतें आई मौजूद अधिकारियों ने निर्देशित करते हुए कहा कि समय से पूर्व शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करें वहीं पर राजस्व की टीम को जब जितने समय आवश्यकता पड़े पुलिस बल को ले जा सकती है। और मौके पर दोनों पार्टियों की सहमति से ही निस्तारण करें अगर एक पार्टी मौके पर मौजूद है तो उसमें किसी भी दिशा में निस्तारण ना करें किसी की अगर शिकायत आती है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हौर बीडीयो ने निवादाऊधौव गौशाला में गौ माता की पूजा अर्चना कर गुण चना कला खिलाया



जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में गोपाष्टमी के पर्व पर सभी गौशालाओ में अधिकारियों ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर गौवंश को गुड़ चना खिलाया उत्तरीपूरा नेवादा ऊधौव गौशाला में गोपाष्टमी पर गौशाला पहुंचे बिल्हौर विकासखंड अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा व एवं कोटेदार अनूप ने गौ माता को फूल माला व गुड़ चना खिलाकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेते हुए गुड़ चना खिलाया और गौशाला में मौजूद केयरटेकर को बिल्हौर विकास खंड अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा ने आदेश दिया की गौशाला में गौ माता की नियमित सेवा करें और उन्हें हरा चारा हुआ भूसा चोकर समय पर दें इस मौके पर ग्रामप्रधान सहित आधा सैकड़ा ग्रामीण मौजूद रहे वहां पर लोगों ने अधिकारी से कहा सर्दी का सीजन शुरू हो गया है

इनके लिए आसपास तिरपाल की व्यवस्था और कराई जाए जिससे ठंडी हवा से पशुओं का बचाव हो सके और मृत्यु दर कम हो सके।

# गर्भवती महिला से किया दुष्कर्म




जन एक्सप्रेस | कन्नौज

खाता खुलवाने गई गर्भवती महिला से एक युवक ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी द्वारा पेट में लात मारने से गर्भपात हो गया। मामले में कोई कार्रवाई न होने पर महिला ने एसपी से मिलकर गुहार लगाई। एसपी ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शनिवार को एसपी को प्रार्थना पत्र भेजा। इसमें बताया कि 16 अक्तूबर की दोपहर वह खाता खुलवाने के लिए ग्राहक सेवा केंद्र सहिल्लापुर जा रही थी, तभी रास्ते में एक युवक ने उसे पकड़ लिया और झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म किया।

शोर मचाने पर महिला के पेट में लात मारकर जान से मारने की धमकी दी। पति के साथ कोतवाली पहुंची महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ा लेकिन बाद में साठगांठ करके छोड़ दिया।

पेट में दर्द होने पर जब महिला ने जिला अस्पताल में उपचार कराया तो पता चला कि पेट में लात मारने से गर्भपात हो गया।

इस मामले में कई बार तहरीर देने के बाद भी सुनवाई नहीं की गई। इंस्पेक्टर कपिल दुबे ने बताया कि महिला का आपसी विवाद चल रहा है।

# साड़ी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव

जन एक्सप्रेस | कन्नौज



कन्नौज जिले के तिर्वा कस्बे में महिला का साड़ी के फंदे से लटकता शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, बेटी की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे मायके वालों ने शव घर के बाहर रख कर हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने ससुरालियों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग करने लगे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाबुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के फंतुआपुर गांव निवासी रमाकांत पानीपत में प्राइवेट नौकरी कर परिवार का भरण पोषण करते है। पत्नी पूजा (35) परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर पर रहती थी। शुक्रवार देर रात पूजा का कमरे के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटकता देख, परिजनों में चीख पुकार मच गई।

वहीं, बेटी की मौत की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने शव को घर के बाहर रख हंगामा शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि अभी जांच में जानकारी हुई है कि शुक्रवार को पति से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आवेश में आकर महिला ने आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कल्याणी के पांच किमी. क्षेत्र में मिला अतिक्रमण

जन एक्सप्रेस | उन्नाव | बांगरमऊ। कल्याणी नदी के पुनरुद्धार के लिए शुरू हुए ड्रोन सर्वे को टीम बांगरमऊ के छह गांवों में पहुंची। यहां पर टीम ने करीब 10 से 15 किमी. क्षेत्र का ड्रोन से सर्वे कराया। इसमें करीब पांच किलोमीटर नदी के क्षेत्र में अतिक्रमण मिला। अधिकांश जगहों पर किसानों द्वारा कब्जा करके खेती करने की जानकारी सामने आई। टीम ने रिपोर्ट जिला मुख्यालय भेजने की बात कही है। हरदोई के माधौगंज से निकली कल्याणी नदी गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में एक है। यह तीन तहसीलों के 32 गांवों से निकली है। जनपद में कुल लंबाई 68 किमी है। अब प्रशासन ने नए सिरे से नदी के जीर्णोद्धार के लिए ड्रोन सर्वे शुरू कराया है। दो दिन पहले गंजमुरादाबाद के गांवों में सर्वे किया गया था। इसके बाद शुक्रवार को बांगरमऊ में सर्वे करने टीम पहुंची। टीम में शामिल प्रशांत कुमार व राजकुमार ने रबड़ी, लतीफपुर, सकरौली, भिखारीपुर कस्बा, मदारनगर और ततियापुर में ड्रोन के जरिए नदी की लंबाई, चौड़ाई व गहराई की पड़ताल की।

# कांग्रेस को न बाबा साहेब के संविधान की परवाह, न ही देश की भावना की : पीएम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र के चुनावी समर को धार दी। अकोला में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इसके साथियों को न बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान की परवाह है, ना कोर्ट की और ना ही देश की भावना की। उन्होंने कहा कि विदर्भ का आशीर्वाद हमेशा मेरे लिए खास रहा है। अब एक बार फिर मैं विधानसभा चुनाव में महायुति के लिए आपसे आशीर्वाद मांगनें आया हूं। आज 9 नवंबर है और ये 9 नवंबर की तारीख बहुत ही ऐतिहासिक है। आज के ही दिन 2019 में देश की सर्वोच्च अदालत ने राम मंदिर पर फैसला दिया था। 9 नवंबर की ये तारीख इसलिए भी याद रखी जाएगी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हर धर्म के लोगों ने बहुत ही संवेदनशीलता का परिचय दिया। राष्ट्र प्रथम की यही भावना भारत की बहुत बड़ी ताकत है।



## ‘किसान की आय बढ़ा रहे हैं और खर्च कम कर रहे हैं’

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे अकोला को कपास के उत्पादन के लिए जाना जाता है। कपास टेक्सटाइल इंडस्ट्री का बहुत बड़ा आधार है, लेकिन हमारे कपास किसान को दशकों तक इन संभावनाओं का लाभ नहीं मिला, ये हालात अब बदल रहे हैं। कपास किसानों की आय बढ़ाने के लिए उद्योग और इंफ्रास्ट्रक्टर दोनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारा संकल्प है- किसान खुद इतना सशक्त हो कि वो देश की प्रगति का नायक बनकर उभरे! इसलिए, हम किसान की आय बढ़ा रहे हैं और खर्च कम कर रहे हैं। हमने पीएम किसान सम्मान निधि शुरू की, महायुति सरकार ने उसमें अपना सहयोग दिया। इसका परिणाम है कि महाराष्ट्र के किसानों को सालाना 12 हजार रूपये मिल रहे हैं।

## ‘मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने का सौभाग्य मिला’

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और अघाड़ी वालों ने महाराष्ट्र के लोगों की जिस मांग को दशकों तक पूरा नहीं होने दिया, मोदी ने वो भी पूरी कर दी है। हमें मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने का सौभाग्य मिला है। मराठी को वो सम्मान मिला है, जिससे पूरे महाराष्ट्र का गौरव जुड़ा है। महायुति सरकार के अगले 5 वर्ष कैसे होंगे, इसकी एक झलक महायुति के वचननामे में भी दिख रही है। महिलाओं की सुरक्षा और महिलाओं के लिए अवसर, माझी लाडकी बहीण योजना का विस्तार, युवाओं के लिए लाखों रोजगार, विकास के बड़े-बड़े काम। महायुति सरकार महाराष्ट्र के विकास को डबल स्पीड से आगे बढ़ाएगी।

## ‘10 वर्षों में महाराष्ट्र ने भाजपा को लगातार दिल खोलकर आशीर्वाद दिया’

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से 2024 के 10 वर्षों में महाराष्ट्र ने भाजपा को लगातार दिल खोलकर आशीर्वाद दिया है। भाजपा के ऊपर महाराष्ट्र के इस भरोसे की वजह भी है। इसकी वजह है महाराष्ट्र के लोगों की देशभक्ति, राजनीतिक समझ और दूर-दृष्टि। अभी केंद्र में हमारी सरकार को 5 महीने ही हुए हैं। इन 5 महीनों में लाखों करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इसमें बड़ी संख्या में महाराष्ट्र से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट भी हैं। पिछले 2 कार्यकाल में मोदी ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। इतना ही नहीं उस समय जो लक्ष्य था वो पूरा भी कसर दिया। अब हम गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर और बनाने की शुरुआत कर रहे हैं।

## ‘वादे के मुताबिक बुजुर्गों की सेवा के लिए योजना लॉन्च की’

उन्होंने कहा कि चुनाव के समय मैंने 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज की गारंटी देने का वादा किया था। हमारी सरकार ने बुजुर्गों की सेवा के लिए ये योजना लॉन्च कर दी है। 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को वय-वंदना आयुष्मान कार्ड मिलने शुरू हो गए हैं। सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ ही इस योजना का लाभ हर वर्ग, हर समाज, हर धर्म के बुजुर्गों को मिलेगा।

## ‘महाअघाड़ी वालों का घोटाला पत्र भी आया’

उन्होंने कहा कि महायुति के घोषणा पत्र के बीच, महाअघाड़ी वालों का घोटाला पत्र भी आया है। अब तो पूरा देश जानता है- महाअघाड़ी यानी, भ्रष्टाचार! महाअघाड़ी यानी, हजारों करोड़ के घोटाले! महाअघाड़ी यानी, पैसों की उगाही! महाअघाड़ी यानी, टोकन मनी! महाअघाड़ी यानी, ट्रांसफर-पोस्टिंग का धंधा।

## किसे कहा कांग्रेस के शाही परिवार का एटीएम?

पीएम मोदी ने कहा कि जहां कांग्रेस की सरकार बन जाती है, वो राज्य कांग्रेस के शाही परिवार का अरूबन जाता है। इन दिनों हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य कांग्रेस के शाही परिवार के एटीएम बने हुए हैं। लोग बता रहे हैं कि इन दिनों महाराष्ट्र में चुनाव के नाम पर कर्नाटक में वसूली डबल हो गई है।

## ‘देश जितना कमजोर होगा, कांग्रेस उतनी मजबूत होगी’

कांग्रेस पार्टी जानती है, देश जितना कमजोर होगा, कांग्रेस उतनी मजबूत होगी। इसीलिए अलग-अलग जातियों को लड़ाना, यही कांग्रेस की फितरत है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस ने कभी हमारे दलित समाज को एकजुट नहीं होने दिया, कांग्रेस ने हमारे एससी समाज को भी अलग अलग जातियों में बांटकर रखा।

## कमजोर करके सरकार बनाना चाहती है कांग्रेस

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि एससी समाज की अलग अलग जातियां आपस में लड़ती रहें, झगड़ा करती रहे। वो जानती है कि एससी समाज की अलग अलग जातियां आपस में झगड़ती रहेगी, तो उनकी आवाज बिखर जाएगी, ऐसा होते ही कांग्रेस के लिए सरकार में आने का रास्ता बन जाएगा।

# ‘पिछड़े वर्ग का आरक्षण काटकर मुसलमानों को देना चाहती है कांग्रेस, हम ऐसा नहीं होने देंगे’



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची

झारखंड के छतरपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासी का आरक्षण काटकर मुसलमानों को देना चाहती है। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि देश में जब तक भाजपा है, तब तक अल्पसंख्यकों को आरक्षण नहीं मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण और संविधान की बात करती है। मगर संविधान में कहीं पर भी धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है। महाराष्ट्र में उलेमाओं के समूहों ने कांग्रेस को ज्ञापन दिया कि 10 फीसदी आरक्षण दिया जाए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम मदद करेंगे। अगर मुसलमानों को 10 फीसदी आरक्षण मिला तो कम किसका होगा? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओबीसी विरोधी पार्टी है। जब-जब कांग्रेस शासन में आई पिछड़ों के साथ अन्याय किया। 1950 में काका कालेलकर कमीशन बना, जिसकी रिपोर्ट कांग्रेस सरकारों ने रद्द कर दी। पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए मंडल कमीशन बना। इंदिरा और राजीव गांधी ने मंडल कमीशन का विरोध किया और केंद्रीय संस्थानों में पिछड़ों को आरक्षण देने में कांग्रेस ने सालों लगा दिए। 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तो केंद्र की सभी नौकरियों व परीक्षाओं में पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। पिछड़ा वर्ग कमीशन को सांवधानिक दर्जा देने का काम किया।

## राहुल गांधी पर बोला हमला

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी हाथ में संविधान पकड़कर लहराते हैं, दो दिन पहले उनकी पोल खुल गई। उसमें कोरे कागज थे। अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी संविधान का मखौल न उड़ाएं। यह आस्था और विश्वास का सवाल है। आपने नकली संविधान लहराकर बाबा साहब आंबेडकर और संविधान सभा का अपमान किया। कांग्रेस ने संविधान का मजाक बनाकर रख दिया है।

## झारखंड के गरीबों का पैसा खा गए कांग्रेसी- अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की सरकार सबसे भ्रष्ट है। कांग्रेस के सांसद के घर से 300 करोड़ से ज्यादा रुपये पकड़े गए। जिसे गिनने के लिए आईं मशीनें तक थक गईं। यह रुपया आपका है। झारखंड के युवाओं व गरीबों का है, जिसे कांग्रेसी खा गए। आप प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दो, हम भ्रष्टाचार करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे डाल देंगे।

## सोरेन ने युवाओं को नहीं दिया बेरोजगारी भत्ता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन ने चुनाव के दौरान युवाओं से वादा किया था कि हम आपको बेरोजगारी भत्ता देंगे, लेकिन हेमंत सोरेन ने अपना वादा पूरा नहीं किया। हम हर युवा को प्रतिमाह दो हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देंगे। हर साल एक लाख रोजगार सृजित करेंगे और 2 लाख 87 हजार रिक्त पदों को पारदर्शी तरीके भरा जाएगा। भाजपा सरकार बनने के बाद झारखंड के युवाओं की नौकरी घुसपैठिये नहीं खा पाएंगे। घुसपैठियों द्वारा आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जमीन हड़पने का काम भी हम कानून में बदलाव करके बंद करवाएंगे। रोटी, माटी और बेटी तीनों की सुरक्षा भाजपा करेगी।

## कश्मीर भारत का अभिन्न अंग: अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इनके साथी कहते हैं कि हम 370 को वापस लाएंगे। मगर राहुल गांधी तो क्या आपकी चौथी पीढ़ी भी 370 को वापस नहीं ला पाएगी। जनता का यह संकल्प है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। 10 साल में यूपीए की सरकार ने झारखंड को 84 हजार करोड़ रुपया दिया। जबकि मोदी सरकार ने तीन लाख 90 हजार करोड़ रुपये दिए। मगर झारखंड वालों का यह रुपया कांग्रेस और जेएमएम खा गए।

# एक्सप्रेस खबरें...

## दिल्ली, मुंबई, लखनऊ में प्याज की कीमतें आसमान छू रहीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। प्याज की कीमतों में उछाल के कारण दिल्ली, मुंबई और लखनऊ समेत देश के कई शहरों में लोगों की आंखें नम होने लगी है। इससे ग्राहक और विक्रेता दोनों परेशान हैं। थोक बाजारों में प्याज की कीमत 40-60 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 70-80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। एएनआई से बात करते हुए, दिल्ली के एक बाजार में एक विक्रेता ने कहा, प्याज की कीमत 60 रुपये से बढ़कर 70 रुपये प्रति किलो हो गई है। हम इसे मंडी से खरीदते हैं, इसलिए वहां से हमें जो कीमतें मिलती हैं, वे उस कीमत को प्रभावित करती हैं, जिस पर हम इसे बेचते हैं। कीमतों में बढ़ोतरी के कारण बिक्री में कमी आई है, लेकिन लोग इसे अभी भी खरीद रहे हैं क्योंकि यह यहां के खाने की आदतों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी पर एक खरीदार फैजा ने अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा, प्याज की कीमत बढ़ गई है, जबकि मौसम के हिसाब से इसमें कमी आनी चाहिए थी।

## नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को केरल हाईकोर्ट ने दी गर्भपात कराने की अनुमति, एकल न्यायाधीश के आदेश को किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। केरल। केरल उच्च न्यायालय ने एक 16 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता की गर्भपात की याचिका को खारिज करने वाले अपने एकल न्यायाधीश के आदेश को खारिज कर दिया और उसे 26 हफ्ते से अधिक लंबे गर्भ को चिकित्सीय तरीके से खत्म कराने की अनुमति दे दी। इस मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश नितिन जामदार और न्यायमूर्ति एस मनु की खंडपीठ ने कहा कि मेडिकल बोर्ड ने लड़की की जांच करने के बाद यह राय दी थी कि उसे मानसिक आघात पहुंचेगा, लेकिन एकल न्यायाधीश ने इस पर विचार नहीं किया क्योंकि पैनल में कोई मनोचिकित्सक नहीं था। पीठ ने आगे कहा कि न्यायाधीश को लड़की की मनोचिकित्सक की तरफ से जांच के लिए निर्देश जारी करना चाहिए था। दुर्भाग्य से, ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया गया।

# चीफ जस्टिस बनने पर छिन जाएगी ‘सैर की आजादी’

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सुप्रीम कोर्ट के 51वें चीफ जस्टिस बनेंगे। उनका कार्यकाल केवल छह महीने का ही होगा और वे मई, 2025 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना कानूनी पेशे में लंबे समय से सक्रिय हैं। सोशल मीडिया और वीडियो माध्यमों की बढ़ती लोकप्रियता के इस दौर में अदालती मामलों, कानून से जुड़ी हस्तियों और उनसे जुड़ी खास बातें जानने में दिलचस्पी भी बढ़ रही है। इसी कड़ी में जस्टिस संजीव खन्ना से जुड़ा एक चौंकाने वाला दावा सामने आया है। सूत्रों के हवाले से मीडिया में आई खबरों में दावा किया गया है कि जस्टिस संजीव खन्ना प्रधान न्यायाधीश बनने के बाद सुबह की सैर नहीं कर सकेंगे।

## चीफ जस्टिस बनने के बाद वे सुबह की सैर नहीं कर सकेंगे

जस्टिस संजीव खन्ना को जानने वाले कानूनी पेशेवर बताते हैं कि न्यायमूर्ति खन्ना बेहद आम जीवन जीने में यकीन रखते हैं। ऐसे में जब वे भारत के 51वें चीफ जस्टिस नामित हुए तो उनकी सुरक्षा को लेकर खास बंदोबस्त किए जाने लगे। सुप्रीम कोर्ट से जुड़े वकील बताते हैं कि दैनिक जीवन में जस्टिस खन्ना सुबह की सैर जरूर करते हैं। हालांकि, अब चीफ जस्टिस बनने के बाद वे सुबह की सैर नहीं कर सकेंगे। उन्होंने कुछ खास कारणों से सुबह की सैर छोड़ने का फैसला किया है। बेहद साधारण और आम जीवन जीने वाले न्यायमूर्ति खन्ना अब सीजेआई होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया है कि सुप्रीम कोर्ट चीफ जस्टिस की कुर्सी संभालने के बाद न्यायमूर्ति खन्ना को विशेष सुरक्षा घेरा प्रदान किया जाएगा। देश के चुनिंदा शीर्ष संवैधानिक पदों में शामिल इस पद पर आसीन शख्सियत को लेकर कई प्रोटोकॉल फॉलो करने पड़ते हैं। इन्हीं में एक है सुरक्षा बंदोबस्त। हालांकि, बेहद साधारण और आम जीवन जीने वाले न्यायमूर्ति खन्ना अपने करीबी लोगों और दोस्तों से मिलने के दौरान भी काफी लो प्रोफाइल तरीके से रहते हैं। वे अपनी गाड़ी भी खुद ड्राइव करना पसंद करते हैं। सुरक्षाकर्मियों के साथ सुबह की सैर पर जाने की सलाह, कहा- ऐसे मॉर्निंग वॉक नहीं करेंगे।



## सुरक्षाकर्मियों के साथ सुबह की सैर पर जाने की सलाह दी गइ

चीफ जस्टिस की मॉर्निंग वॉक को लेकर सामने आई खबरों में दावा किया गया है कि सोमवार, 11 नवंबर को चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेने से पहले ही न्यायमूर्ति खन्ना ने अपनी पसंदीदा गतिविधि- एकांत में सुबह की सैर छोड़ने का निर्णय लिया। ऐसा इसलिए क्योंकि नियुक्ति अधिसूचना जारी होने के बाद उन्हें सुरक्षाकर्मियों के साथ सुबह की सैर पर जाने की सलाह दी गई, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वे ऐसा करने के आदी नहीं हैं।

# भड़काऊ भाषणों, झूठ के जरिए मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान भटका रही भाजपा: खरगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा पर भड़काऊ भाषण और झूठ के जरिए लोगों का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। खरगे ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका कोई नेता बोलता है- बंटेंगे तो कटेंगे, तो कोई बोलता है- एक हैं तो सेफ हैं। सच्चाई ये है कि बांटने वाले भी आप हैं और काटने वाले भी आप हैं। लेकिन दोष दूसरों पर देते हैं।

## महाराष्ट्र सरकार पर भी खरगे का निशाना

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, महाराष्ट्र में बेरोजगारी, किसानों, युवाओं, महिलाओं और नशे से जुड़ी कई बड़ी समस्याएं हैं। महाराष्ट्र पहले कानून व्यवस्था, न्याय और रोजगार के लिए जाना जाता था। लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद सारी चीजें बदल गईं हैं, जिस तरह की सरकार होनी चाहिए, वो नहीं है।

## ‘अपने वादे पूरे नहीं कर पाए पीएम मोदी’

खरगे ने मोदी सरकार पर अपने वादे पूरे न करने का आरोप लगाते हुए कहा, नरेंद्र मोदी सिर्फ झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा था कि हर साल 2 करोड़ नौकरियां देंगे, विदेशों से काला धन लाएंगे, सबके खाते में 15-15 लाख आएगा। नोटबंदी से काला धन मिटेगा। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। नरेंद्र मोदी अपने इन वादों को पूरे नहीं कर पाए।

## ‘देश की असल समस्याओं पर ध्यान नहीं देते मोदी’

कांग्रेस प्रमुख ने कहा, नरेंद्र मोदी झूठ बोलकर हर जगह भ्रम फैलाने का काम करते हैं। जब कांग्रेस अपनी योजनाओं से लोगों को फायदा पहुंचाती हैं, तो पहले वे उसकी बुराई करते हैं, फिर हमारी योजनाओं की ही नकल करने लगते हैं। जब राहुल गांधी जी संविधान बचाने की बात करते हैं, तो नरेंद्र मोदी और उनके लोग उनके खिलाफ बोलने लगते हैं। क्ष्छक के लोग कभी कहते हैं कि हम संविधान की लाल किताब दिखाकर अर्बन नक्सल को प्रमोट कर रहे हैं, तो कभी कहते हैं संविधान की किताब में खाली पन्ने हैं। ये लोग छोटी बातों को उछालकर मुद्दा बनाते हैं और देश की असल समस्याओं पर ध्यान नहीं देते।

# तकनीक के बल पर फुटवियर बन सकता है औद्योगिक विकास का सिरमौर

- मीट एट आगरा के तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने रखे अपने विचार
- ऐतिहासिक रहा दिन, 7109 से अधिक विजिटर्स ने किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस । आगरा

आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग एक्सपोर्टर्स चैम्बर्स (एफमेक) द्वारा आगरा ट्रेड सेंटर में आयोजित किये गए ‘मीट एट आगरा ’ के 16वें संस्करण में शनिवार को तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। जिसका दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन मुख्य वक्ता एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश के सचिव आईएएस प्रांजल यादव, मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के कार्यकारी निदेशक प्रतुल चंद्र सिन्हा, जॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्री अनुज कुमार, एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर, फेयर ऑर्गनाइजिंग कमेटी के चेयरमैन गोपाल गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। सत्र में जहाँ फुटवियर उद्योग से जुड़े उद्यमी शामिल हुए वहीं भविष्य के उद्यमी के रूप में कई कॉलेजों के छात्रों ने भी भाग लिया। इसके बाद तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया जिनका संचालन सीनियर टीवी एंकर सौरभ मनचंदा ने किया। प्रदेश सरकार का प्रयास उद्योगों को प्रोत्साहित करके अधिक से अधिक रोजगार के अवसरों का सृजन करना है। ताइवान के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख माइल्स ल्यू ने कहा कि तकनीकी सहयोग से भारत उद्योग को ओर मजबूती से आगे ले जा सकता है। इफ्कोमा अध्यक्ष संजय गुप्ता ने के दृष्टिकोण से उद्योग के विकास की दिशा पर चर्चा की अस्मा के अध्यक्ष ओपिंदर सिंह लवली, और एमपीआईडीसी के नॉलेज पार्टनर ध्रुव ओवरॉय ने उद्योग में प्रौद्योगिकियों और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग की दिशा में होने वाले कार्यों पर बात की। दूसरा सत्र स्मार्ट फुटवियर के भविष्य के लिए प्रौद्योगिकी का समन्वय रहा जिसमें एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश के सचिव आईएएस प्रांजल यादव ने सरकारी नीतियों के बारे बात करते हुए कहा कि कैसे एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग स्मार्ट फुटवियर उद्योग के विकास में सहायक हो सकता है। आइएलजीए की चेयरमैन मोतीलाल सेठी ने जूता उद्योग में आने वाली नई चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे स्मार्ट फुटवियर की उत्पादन प्रक्रिया को और अधिक इको-फ्रेंडली और इनोवेटिव बनाया जा सकता है। डॉ. पंकज शर्मा ने शैक्षिक दृष्टिकोण से स्मार्ट फुटवियर के विकास में तकनीकी शिक्षा और प्रोफेशनल ट्रेनिंग की भूमिका पर चर्चा की। चेतन गुप्ता ने व्यावसायिक दृष्टिकोण से स्मार्ट फुटवियर के उत्पादन में नई तकनीकों और वैश्विक मानकों की भूमिका पर विचार साझा किए। आयुषी झा ने इन्वेस्ट इंडिया के दृष्टिकोण से बताया कि भारत में स्मार्ट फुटवियर के क्षेत्र में निवेश के अवसर किस प्रकार बढ़ सकते हैं। लामोस ग्रुप के मैनेजिंग हेड नकुल मनचंदा ने स्मार्ट फुटवियर के भविष्य पर अपने विचार साझा करते हुए सफलता के लिए स्मार्ट प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया। और तीसरा अंतिम सत्र फुटवियर में रिटेल का भविष्य - ई-कॉमर्स, ओमनी-चैनल और आगे की दिशा विषय पर रहा जॉइंट कमिश्नर, इंडस्ट्री, आगरा अनुज कुमार ने ऑनलाइन रिटेल और स्थानीय उद्योगों के समन्वय पर जोर दिया। एसबीआई के डीजीएम राजीव मिश्रा ने ई-कॉमर्स के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन शॉपिंग में वृद्धि के कारण फुटवियर उद्योग को वित्तीय समाधान पर भी ध्यान देना चाहिए। लेदर सेक्टर स्किल काउंसिल के कार्यकारी निदेशक संजय कुमार ने फुटवियर उत्पादन और कौशल विकास के महत्व को बताया। ईसीजीसी के शाखा प्रबंधक आशीष वर्मा ने फुटवियर निर्यात और इंटरनेशनल मार्केट में ऑनलाइन रिटेल की बढ़ती भूमिका पर विचार व्यक्त किए।



## एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता: पूरन डावर

उन्होंने स्मार्ट फुटवियर के उद्योग में प्रौद्योगिकी के समन्वय की महत्ता पर जोर दिया और इस क्षेत्र में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए सभी उद्योग भागीदारों को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। पूरन डावर ने कहा कि स्मार्ट फुटवियर केवल नवीनतम तकनीक और स्मार्ट फीचर्स तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उपभोक्ता अनुभव और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को भी सुधारने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने उद्योग के भविष्य के लिए तकनीकी विकास को लेकर अपने विचार साझा किए और इस क्षेत्र में भारत के संभावित नेतृत्व की ओर इशारा किया।

## फुटवियर में तकनीकी अनुसंधान के लिए हुआ एमओयू

शारदा यूनिवर्सिटी की साथ फुटवियर में तकनीकी अनुसंधान के लिए हुआ पर हस्ताक्षर हुए जिसमें यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. डॉ. जयंती रंजन ओर एफमेक अध्यक्ष ने एमओयू पर हस्ताक्षर करके प्रपत्रों का आदान प्रदान किया। शारदा यूनिवर्सिटी और आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग एक्सपोर्टर्स चैम्बर्स (एफमेक) के बीच फुटवियर क्षेत्र में तकनीकी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर, शारदा यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर, प्रो. डॉ. जयंती रंजन और एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए और प्रपत्रों का आदान-प्रदान किया। यह एमओयू फुटवियर उद्योग में नवीनतम तकनीकी विकास और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए है, जिससे उद्योग में क्वालिटी सुधार और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग के लिए नये समाधान खोजे जा सकें। इस साझेदारी का उद्देश्य उद्योग के संचालन में दक्षता, प्रौद्योगिकी में नवाचार, और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सुधार करना है। प्रो. डॉ. जयंती रंजन ने इस पहल को शारदा यूनिवर्सिटी और फुटवियर उद्योग के लिए एक बड़ा कदम बताया और कहा कि यह साझेदारी शिक्षा और उद्योग के बीच सामंजस्य स्थापित कर नौकरी के अवसर और उद्योग की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करेगी। एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने इस एमओयू के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस प्रकार की साझेदारियां उद्योग में प्रौद्योगिकी और कौशल विकास में नये मानक स्थापित करने में मदद करेंगी, जिससे भारतीय फुटवियर उद्योग वैश्विक स्तर पर मूल्यांकन और स्वीकृति प्राप्त कर सकेगा।

# बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बिश्नोई गैंग के निशाने पर था पुणे का एक नेता: मुंबई पुलिस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

मुंबई क्राइम ब्रांच ने एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या से जुड़े मामले में खुलासा किया है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रडार पर पुणे का एक और नेता था। गैंग उन्हें भी मारने की योजना बना रहा था और अपने शूटरों के जरिए अपराध को अंजाम देने की जिम्मेदारी दी थी।

## बिश्नोई गैंग के शूटरों ने बनाए थे दो प्लान

मुंबई क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच में पता चला है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद पुणे का एक बड़ा नेता भी बिश्नोई गैंग के रडार पर था। अधिकारी ने कहा, लॉरेंस बिश्नोई गैंग पुणे के नेता को भी मारने की योजना बना रहा था और अपराध को अंजाम देने की जिम्मेदारी प्लान बी में शामिल शूटरों को दी गई थी।

## मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच में हुआ खुलासा

अधिकारी के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक पिस्तौल बरामद की, जिसका इस्तेमाल अपराध को अंजाम देने के लिए किया जाने वाला था। हालांकि क्राइम ब्रांच ने नेता के नाम का खुलासा नहीं किया है। बिश्नोई गिरोह की साजिश का पर्दाफाश होने के बाद क्राइम ब्रांच ने पुणे पुलिस के साथ इनपुट और जानकारी साझा की। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस मामले में आरोपियों ने रेकी की थी या नहीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)